दोपहर में ठीक 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर किया तिलक

# दैनिक विनय उजाला


इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

इंदौर
सोमवार, 07 अप्रैल 2025
चैत्र शुक्ल पक्ष – 10
वर्ष : 16 | अंक : 192
कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!



# रामलला का हुआ सूर्य तिलक, श्रीराम के जयकारों से गूंजी अयोध्या

विनय उजाला

**अयोध्या। रामनगरी में चहुंओर आराध्य के जन्मोत्सव की खुशी है। उत्सव मनाने के लिए अयोध्यावासी ही नहीं अपितु सकल प्रदेश और देशवासी उत्सुक रहे। रविवार को सुबह से राम मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रम शुरू हो गए। दोपहर में ठीक 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया।**

इस मौके का साक्षी बनने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे। आने वाले भक्तों पर ड्रोन से सरयू के पवित्र जल की फुहारों से बारिश की गई। गली गली में भक्तों की कतारें दिखीं। इस दौरान पूरी नगरी श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान रही।

मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल गईं। लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया।

राम जन्मोत्सव पर रामलला ने रत्न जड़ित पीले वस्त्र और सोने का मुकुट धारण करके भक्तों को दर्शन दिए। दोपहर ठीक 12 बजे रामजन्म के साथ ही सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक रामलला का सूर्य तिलक किया। अध्यात्म व विज्ञान के इस अद्भुत संगम को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित दिखा।

सुबह 3:30 बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए गए। रामलला का शृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन का क्रम चलता रहा। बालक राम सहित उत्सव मूर्ति की मनमोहक छवि के दर्शनकर भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। भजन, स्तुति के बीच जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां 12 बजे की ओर बढ़ीं। लोगों की आतुरता भी बढ़ती गई।

पुजारी ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... छंद का गायन शुरू कर दिया। पूजन के साथ ही भगवान भास्कर ने रामलला का तिलक किया। सूर्य तिलक और आरती के बाद दर्शन मिले तो भक्त उनकी भक्ति में पूरी तरह लीन हो गए। वह मंदिर परिसर में ही बैठकर उनकी आराधना में लीन दिखे।

### रामनवमी पर लाखों दियों से जगमगाया सरयू घाट

रामनवमी के अवसर पर रविवार को अयोध्या में अलग ही छटा नजर आई। रामभक्तों ने सुबह ही सरयू में स्नान कर रामलला के दर्शन किए। वहीं, राम मंदिर में विराजमान रामलला का सूर्य की किरणों से भव्य अभिषेक किया गया जिसके गवाह दुनिया भर में फैले लाखों करोड़ों रामभक्त बने। वहीं, शाम को सरयू नदी के चौधरी चरण सिंह घाट पर दो लाख 51 हजार दिये जलाए गए। दियों की रोशनी में पूरा सरयू घाट जगमगा गया। सरयू घाट पर दीपोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग की ओर से किया गया था जिसमें 15 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान नेता डल्लेवाल का 131 दिन बाद अनशन समाप्त

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाब में खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को 131 दिन बाद आमरण अनशन समाप्त कर दिया। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब की अनाज मंडी में आज आयोजित किसान महापंचायत के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने यह ऐलान किया। शनिवार की रात केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील करते हुए कहा था कि 4 मई को किसानों से चंडीगढ़ में मीटिंग करेंगे। महापंचायत में डल्लेवाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए पंजाब सरकार ने आंदोलन खत्म कराया है लेकिन उन्होंने किसानों की मांग पर आमरण अनशन खत्म किया है।

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

**नई दिल्ली (हि.स.)।** वक्फ बिल 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। दोनों सदनों में 12-12 घंटे की चर्चा हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। नए कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक छह याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। नई याचिका केरल के सुन्नी मुस्लिम संगठन केरल जमीयतुल उलेमा ने दायर की है। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

### मणिपुर में 6 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा बरामद

**नई दिल्ली (हि.स.)।** मणिपुर में सेना और असम राइफल्स के संयुक्त अभियानों के दौरान छह उग्रवादी पकड़े गए। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया। सेना ने कहा कि ये अभियान मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के समन्वय से 4 से 5 अप्रैल, 2025 के बीच इंफाल पश्चिम, काकचिंग, इंफाल पूर्व, चुराचांदपुर और बिष्णुपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में चलाए गए। इस दौरान इंफाल पूर्वी जिले के कर्पूर संघा से दो उग्रवादियों को पकड़ा गया और एक पिस्तौल बरामद की।




## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का शराबबंदी के लिए हुआ स्वागत और अभिनंदन

# मप्र सबसे तेज गति से औद्योगिक विकास करने वाला राज्यः सीएम

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मैहर में मां शारदा देवी का भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह चित्रकूट में वनवासी भगवान श्रीराम लोक का भी निर्माण होगा। आज रावनवमीं पर पूरी अयोध्या जगमग है तो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट भी आज लाखों दीपों से जगमग होगी।**

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बहनों की माँग पर मैहर सहित प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी कर दी है। मैहर में शीघ्र ही कलेक्ट्रेट भवन का निमार्ण कार्य शुरू किया जाएगा। इसी साल बरगी बांध से मां नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। वर्ष 2003 में केवल 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जिसे 55 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अगले 5 साल में प्रदेश में 1 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गौशाला का निर्माण भी किया जायेगा।

### मां नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचेगा



### डबल इंजन की सरकार से तेजी से विकास कर रही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से देश और प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों से देश की हर कठिनाई दूर हो रही है। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत में मिलने की मांग कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2003 के पहले औद्योगिक विकास दर 1 प्रतिशत से भी कम थी। आज औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश देश में सबसे तेजी से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य है।

**मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मंदिर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मैहर नगर में स्टेट बैंक चौराहा, काली माता मंदिर से कटरा बाजार होते हुए घंटाघर चौक तक आयोजित रोड-शो में शामिल हुए। आम जनता ने पुष्पवर्षा कर शराब बंदी करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बंधा बैरियर में आयोजित विशाल आमसभा में 71 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन कर बेटियों का सम्मान किया।



एशिया का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज

# प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम में नए पम्बन ब्रिज का किया उद्घाटन

रामेश्वरम (हि.स.)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन कार्यक्रम में नहीं आए।**

ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने ही नवंबर 2019 में इसकी नींव रखी थी। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है।

### भाषा विवाद के बीच पीएम का तमिलनाडु सरकार पर निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामेश्वरम द्वीप और भूमि क्षेत्र के बीच रेल संपर्क की सुविधा प्रदान करने वाले पंबन समुद्री पुल का उद्घाटन किया और नई रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रामेश्वरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। इस दौरान, उन्होंने कहा कि पंबन पुल व्यापार और यात्रा दोनों को आसान बनाएगा। नए पंबन पुल पर ट्रेन तेज गति से चल सकेंगी, बड़े पोत भी आसानी से गुजर सकेंगे। साथ ही, उन्होंने तमिलनाडु के कुछ नेताओं द्वारा तमिल भाषा में साइन नहीं किए जाने पर आश्चर्य जताया और उन्हें संदेश दिया कि कम-से-कम अपना साइन तो तमिल में करें।

स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी।

रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

## राजनीतिक लाभ लेने के लिए नौटंकी करते हैं चिराग पासवान : प्रिंस राज

**अररिया (हि.स.)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस अपने भतीजा और पूर्व सांसद प्रिंस राज के साथ रविवार को अररिया पहुंचे। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस और प्रिंस राज ने मीडिया से बातचीत में चिराग पासवान को परिवार को तोड़ने का आरोप लगाया। पूर्व सांसद प्रिंस राज ने कहा कि 2020 के चुनाव के समय जब उनके बड़े पापा रामविलास पासवान का निधन हुआ था और उस समय श्राद्धकर्म भी नहीं हुए थे तो चिराग भैया कैमरा के सामने आकर राजनीतिक लाभ के लिए न केवल आंसू बहाये थे, बल्कि इस तरह नौटंकी किए थे कि चुनाव में उनको फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान ने 2020 के विधानसभा चुनाव के समय कहा था कि नीतीश कुमार ने उनके पापा का अपमान किया है। लेकिन आज वे कहां है और वह अपमान कहां गया।

उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के समय तेजस्वी प्रसाद पर अपनी मां को गाली देने का आरोप लगाते हुए खुलेआम प्रचारित और प्रसारित करते रहे। 2025 का विधानसभा चुनाव का समय आया तो फिर से उनकी नौटंकी शुरू हो गई है। वे गंदी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनलोगों का कोई परिवार बड़ी मां या उनलोगों को प्रताड़ित नहीं कर रही है। बल्कि खुद चिराग भैया राजनीतिक लाभ के लिए पूरे परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं।

## सनातन धर्म को नाथ संप्रदाय ने शक्ति देने का काम कियाः अमित शाह

### 108 कुण्डीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री शाह

कोटपूतली-बहरोड़, (हि.स.)

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाप्रभु आदिनाथ से लेकर उनके अनुयायियों तक, इस संप्रदाय ने सनातन धर्म को स्थायित्व और शक्ति दी है। नाथ परंपरा में धूनि को आत्मज्ञान प्राप्ति का साधन माना गया है, जो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश जैसे पंचतत्वों को संतुलित कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को राजस्थान के कोटपूतली में आयोजित 108 कुण्डीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल हुए। शाह ने महायज्ञ में महापूर्णाहुति दी और एक सनातन सम्मेलन को भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि बाबा बस्तीनाथ ने समाज के सभी वर्गों को जोड़कर एक वर्ष तक यह आयोजन सतत रूप से संचालित किया, जो एक बड़ा और प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत पिछले वर्ष रामनवमी पर हुई थी और इस वर्ष रामनवमी पर इसका समापन हुआ। पूरे वर्ष हर पांचवें दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग प्रकृति संरक्षण, सनातन धर्म के प्रचार और आत्मशुद्धि के उद्देश्य से यज्ञ में भाग लिया। शाह ने इस यज्ञ को अद्वितीय प्रयास बताया, जो धर्म, समाज और पर्यावरण को जोड़ता है।

नाथ संप्रदाय की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि महाप्रभु आदिनाथ से लेकर उनके अनुयायियों तक, इस संप्रदाय ने सनातन धर्म को स्थायित्व और शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि नाथ परंपरा में धूनि को आत्मज्ञान प्राप्ति का साधन माना गया है, जो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश जैसे पंचतत्वों को संतुलित कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। उन्होंने बाबा बस्तीनाथ के पिछले 16 वर्ष से आश्रम में निरंतर यज्ञ आयोजन की परंपरा की सराहना की। बाबा बालनाथ की समाधि को ऊर्जा का केंद्र मानते हुए शाह ने कहा कि इस स्थान ने न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाया है, बल्कि बेसहारा और निराश लोगों को भी आशा और सहारा दिया।

## सिक्किम का सीमावर्ती गांव डिचू पहली बार बिजली की रोशनी से जगमगा उठा

**गंगटोक, (हि.स.)।** भारत-चीन और भूटान की सीमा पर डोक-ला पोस्ट के पास स्थित देश का पहला सीमावर्ती गांव डिचू एक ऐतिहासिक पहल का गवाह बना है। सिक्किम के इस गांव के लोगों को पहली बार बिजली की सुविधा मिली है। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर की इस पहल से स्थानीय लोगों के जीवन को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। इसके अलावा सेना ने स्थानीय लोगों की टिन की छतों को भी रंगने का कार्य किया है। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने इसी साल 4 जनवरी को डोक-ला चौकी का दौरा किया था। लौटते समय राज्यपाल ने सीमावर्ती गांव डिचू के स्थानीय लोगों से बातचीत की। इस दौरान उन्हें पता चला कि गांव में अभी तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है। राज्यपाल ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तत्काल ध्यान देते हुए भारतीय सेना की 17वीं माउंटेन डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल एमएस राठौर से इस चुनौती का समाधान ढूंढने का आग्रह किया। भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर ने राज्यपाल के अनुरोध को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई की। सेना ने सीमावर्ती गांव डिचू में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए स्थानीय लोगों की बुनियादी जरूरतों पूरा किया।

## जामनगर से द्वारका तक 180 किमी पैदल चलने की प्रतिज्ञा पूरी हुई

# अनंत अंबानी ने द्वारकाधीश तक की पदयात्रा पूरी की , किया पूजन

विनय उजाला

**द्वारका। रविवार को राम नवमी के शुभ दिन, जो हिंदू कैलेंडर के अनुसार अनंत अंबानी का जन्मदिन भी है, अनंत ने जामनगर से द्वारका तक 180 किलोमीटर पैदल चलने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए पवित्र शहर द्वारका में प्रवेश किया।**

उन्होंने शनिवार 29 मार्च को अपनी आध्यात्मिक खोज शुरू की और औसतन प्रतिदिन 12 से 15 किलोमीटर पैदल चले। आस्था से प्रेरित यह लंबी यात्रा औपचारिक नहीं बल्कि व्यक्तिगत है। यह भगवान कृष्ण की कृपा के प्रति समर्पण और सनातन धर्म के आदर्शों के प्रति समर्पण का कार्य है।

### धैर्य और कृपा की एक व्यक्तिगत तीर्थयात्रा



VU News के चैनल पर देखें वीडियो। स्कैन करें...

यह कोई औपचारिक मार्च नहीं है। यह शुद्ध भक्ति का कार्य है - भगवान कृष्ण को शरीर, मन और आत्मा का समर्पण। हर कदम के साथ, अनंत द्वारकाधीश की कृपा और सनातन धर्म के आदर्शों के प्रति समर्पित हो जाता है। उसका चलना कोई बयान देने के बारे में नहीं है; यह शांति, एकांत और पसीने में ईश्वर की खोज के बारे में है।

इस यात्रा को और भी असाधारण बनाने वाली बात यह है कि अनंत कुशिंग सिंड्रोम (एक दुर्लभ हार्मोनल विकार) और रुग्ण मोटापे से जूझते हुए यह यात्रा कर रहे हैं, साथ ही अस्थमा और फाइब्रोसिस जैसी पुरानी बीमारियों से भी जूझ रहे हैं, जो बचपन से ही उन्हें चुनौती दे रही हैं। इस पदयात्रा का शारीरिक बोझ हममें से सबसे स्वस्थ व्यक्ति को भी डरा देगा। फिर भी, अनंत के लिए, यह तीर्थयात्रा ताकत साबित करने के बारे में नहीं है। यह भय से ऊपर आस्था, असुविधा से ऊपर भक्ति और सहजता से ऊपर अनुशासन रखने के बारे में है।

यह एकांत खोज है, जिसमें केवल कुछ करीबी सहयोगी और आध्यात्मिक मार्गदर्शक ही साथ देते हैं। कोई कैमरा नहीं है, कोई मीडिया ब्रीफिंग नहीं है, कोई सोशल मीडिया फुटप्रिंट नहीं है - केवल धूल भरी धरती पर कदमों की आवाज़ और अटूट विश्वास की खामोश फुसफुसाहट है। रेत के हर कण और खुले आसमान के नीचे खींची गई हर सांस में, अनंत एक सच्चाई जी रहा है जिसे अपनाने की हिम्मत बहुत कम लोग करते हैं,कि असली ताकत अक्सर चुपचाप चलती है।

निरंतर शोर, अंतहीन विकर्षणों और बदलते मूल्यों की दुनिया में, अनंत अंबानी की द्वारका तक की पदयात्रा स्पष्टता, साहस और दृढ़ विश्वास का एक दुर्लभ कार्य है। सतही चीजों में गहराई और अराजकता में अर्थ की खोज करने वाली पीढ़ी के लिए, उनकी पदयात्रा कुछ शक्तिशाली प्रदान करती है - एक अनुस्मारक कि विश्वास कालातीत है, और लचीलापन हमेशा दहाड़ता नहीं है।

### अनंत की यात्रा प्रशंसा के लिए नहीं शांति के लिए

अनंत की यात्रा किसी अनुष्ठान के बारे में नहीं है। यह स्वयं के प्रति जिम्मेदारी के बारे में है। हर दिन जागने और कठिन मार्ग पर चलने का चुनाव करने के बारे में - प्रशंसा के लिए नहीं, बल्कि शांति के लिए। दुनिया को प्रभावित करने के लिए नहीं, बल्कि ईश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए। उनकी यात्रा कहती है... मैं आपको धन्यवाद कहने के लिए दर्द से गुज़रूंगा। मैं अपना विश्वास दिखाने के लिए असुविधा को सहन करूंगा। मैं झुक जाऊंगा - इसलिए नहीं कि मैं कमज़ोर हूं, बल्कि इसलिए कि मैंने गर्व के बजाय समर्पण को चुना है। इस पवित्र और अत्यंत व्यक्तिगत यात्रा के माध्यम से अनंत अंबानी एक पीढ़ी से बात करते हैं... अपनी भक्ति को अपना मार्गदर्शक बनने दें। इसे आपको विनम्र बनने दें। इसे आपको बनाने दें। और जब जीवन का बोझ भारी लगे, तो अपने विश्वास को आपको आगे ले जाने दें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग छात्रावास की स्थापना और संचालन के लिए विभाग ने की राशि स्वीकृत



**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये 50 सीटर बालक और 50 सीटर बालिका दिव्यांग छात्रावास निर्माण के लिये प्रति इकाई 3 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को दी गयी है। दिव्यांग छात्रावास का निर्माण संभागीय मुख्यालय पर स्थित ऐसे स्कूलों में किया जायेगा, जहाँ सह-शिक्षा उपलब्ध है। वर्तमान में ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी, जो कक्षा 8वीं तक की शिक्षा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में रहकर पास करते हैं, उन दिव्यांग विद्यार्थियों को कक्षा-9 और उससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ाई के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में व्यवस्था की गयी है। स्वीकृत छात्रावासों में से ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, शहडोल तथा नर्मदापुरम में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष संभागीय मुख्यालयों में कार्य प्रगति पर है।

### वीडियो वायरल होने पर फील्ड स्टाफ पर होगी कार्रवाई

**भोपाल, निप्र।** कूनो आगरा रेंज की सीमा के पास मानव बस्ती के करीब कृषि क्षेत्र में घूम रहे चीता ज्वाला और उसके 4 शावक के नजदीक जाकर पानी पिलाने और उसका वीडियो वायरल करने पर फील्ड स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग द्वारा जानकारी दी गयी कि सामान्य तौर पर निगरानी टीम को निर्देश दिये गये हैं कि जब भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो तो चीता को जंगल की ओर वापस मोड़ने एवं लुभाने के प्रयास किये जायें, जिससे मानव-चीता संघर्ष की स्थिति न बने। साथ ही जब भी चीता कृषि क्षेत्र में या मानव बस्ती के करीब जाता है, ऐसी स्थिति में संबंधित रेंज से अतिरिक्त स्टाफ बुलाया जाता है। इस प्रकरण में भी आगरा रेंज से अतिरिक्त फील्ड स्टाफ बुलाया गया था। वन विभाग की ड्यूटी के लिये आगरा रेंज के कूनो डब्ल्यूएलडी में रखे गये वाहन चालक ने ज्वाला और उसके 4 शावकों को स्टील के कटोरे में पानी पिलाया, जबकि ऐसी स्थिति में दूर रहने के स्पष्ट निर्देश हैं और निगरानी दल को चीतों को नजदीक से संभालने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। केवल अधिकृत कर्मचारी ही किसी विशेष कार्य के लिये चीते के नजदीक जा सकता है। इस घटना में फील्ड स्टाफ ने निर्देशों का उल्लंघन किया और अनुशासनहीनता दिखायी।

### बेजुबानों की प्यास बुझाने निकलीं महिलाएं

**स्ट्रॉन्ग वूमेन पावर क्लब रायपुर की मुहिम बनी जनआंदोलन**



**रायपुर।** जब गर्मी अपने चरम पर होती है और धरती तपने लगती है, तब सबसे अधिक संकट में होते हैं वे बेजुबान प्राणी, जिनकी आवाज़ें अक्सर हमारी रोज़मर्रा की भागदौड़ में खो जाती हैं —पक्षी। ऐसे ही समय में एक संवेदनशील सोच और सशक्त नेतृत्व ने एक अनूठी—दिशा दिखाई है। स्ट्रॉन्ग वूमेन पावर रायपुर की संस्थापक नीता थापा ने गर्मी में पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराने की एक देशव्यापी मुहिम शुरू की है, जो धीरे-धीरे जनांदोलन का रूप ले रही है। यह पहल सिर्फ पानी रखने तक सीमित नहीं, बल्कि यह मानवता, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी अभिव्यक्ति है। नीता थापा कहती हैं, गर्मी में जब तापमान बढ़ जाता है, तो इंसान तो कहीं-न-कहीं से राहत पा ही लेता है, लेकिन नन्हे पक्षी न तो अपनी पीड़ा कह सकते हैं, न राहत ढूंढ सकते हैं। हम सभी अगर अपने घर की बालकनी, छत या आंगन में एक कटोरी पानी रख दें, तो हजारों पक्षियों की जान बचाई जा सकती है। इस अभियान की खास बात है लोगों की भागीदारी। क्लब ने अपील की है कि जो लोग यह नेक कार्य कर रहे हैं, वे उसकी तस्वीरें या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर #BirdsNeedWater हैशटैग के साथ साझा करें और स्ट्रॉन्ग वूमेन पावर क्लब रायपुर को टैग करें, ताकि और लोग भी प्रेरित होकर इस मुहिम से जुड़ें। नीता थापा ने कहा कि यह पहल महिलाओं के नेतृत्व में समाज की संवेदनशीलता का उदाहरण बन गई है, जिसमें हर आयु, वर्ग और पृष्ठभूमि के लोग जुड़ते जा रहे हैं। छोटे-छोटे प्रयासों से एक बड़ा परिवर्तन संभव है, यही इस अभियान का संदेश है।

**इस गर्मी एक कटोरी पानी... और एक ज़िंदगी बचाइए**

## समाज के प्रत्येक वर्ग का मिल रहा है जल संरक्षण के कार्यों में सहयोग

# स्वयंसेवी संस्थाओं की भी बढ़ रही है भागीदारी





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश में 30 मार्च से शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान को अब समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग मिल रहा है। अभियान के जरिये कुओं, नदियों, तालाबों, बावड़ियों के साथ स्टॉप डेम के आसपास साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जन-भागीदारी के कार्यों में प्रशासनिक अमला भी कँधे से कँधा मिलाकर सहयोग कर रहा है।**

देवास जिले में कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु प्रजापति की देख-रेख में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल-स्त्रोतों की सफाई का कार्य हाथ में लिया गया है। ग्राम पंचायत ननासा में तालाब के गहरीकरण का कार्य किया गया। बागली विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हैदरपुर में जन-सहयोग से नदी-नालों के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। शहडोल जिले में जल के संरक्षण और जल को सहेजने के लिये 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिले की ग्राम पंचायत पकरिया में विधायक श्री जय सिंह मरावी के नेतृत्व में जन-जागरूकता का कार्यक्रम हुआ। विधायक श्री मरावी ने कहा कि खेत का पानी खेत में, गाँव का पानी गाँव में रहे, इसके लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान चलाने का निर्णय लिया है।



**अम्बाह शाखा नहर में सफाई कार्य**

मुरैना सबलगढ़ के जल संसाधन कर्मचारियों ने अम्बाह शाखा नहर पर जल गंगा संवर्धन अभियान में सफाई कार्य के लिये श्रमदान किया। कर्मचारियों ने नहर में लगी झाड़ियों को साफ किया। मुरैना जिले में जल-स्त्रोतों की पहचान की गयी है, जहाँ बावड़ियों, तालाबों, नदियों में जन-भागीदारी से सफाई के साथ गहरीकरण का कार्य किया जाना है। इन कार्यों में जन-भागीदारी बढ़ाने के लिये जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं।

### बावड़ी की सफाई कर स्वच्छता और जल संरक्षण का दिया संदेश



जन-अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने धार जिले की ग्राम पंचायत तीसगाँव में प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई कर जन-सामान्य को स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने श्रमदान के दौरान स्वच्छ परिवेश, जुटेगा सारा देश'' के नारे लगाये। ग्रामीण क्षेत्रों में जल-स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

### छोटा तालाब के कुण्ड में चलाया गया स्वच्छता अभियान

छिंदवाड़ा में कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में जन-अभियान परिषद ने छोटा तालाब के कुण्ड की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया। कार्य में नगर निगम के स्वच्छता ब्रॉण्ड एम्बेसडर श्री विनोद तिवारी, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों और वॉलेंटियर्स ने श्रमदान किया। कुण्ड में पॉलिथीन और बेकार सामग्री को हटाया गया। सफाई कार्य के दौरान नागरिकों को शहर के खूबसूरत छोटे तालाब को साफ रखने का संकल्प दिलाया गया। जन-अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा। परिषद के सहयोग से जिलेभर में नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये जन-सामान्य में जल-स्त्रोतों को साफ रखने के प्रति जन-जागरूकता लायी जायेगी।

# सर्वाइकल कैंसर, महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक : डॉ. सिंह

**एम्स में सर्वाइकल साइटोलॉजी पर एक दिवसीय सीएमई और कार्यशाला का सफल आयोजन**

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. ( डॉ. ) अजय सिंह के मार्गदर्शन में पैथोलॉजी एवं लैब मेडिसिन विभाग द्वारा सर्वाइकल साइटोलॉजी पर एक दिवसीय सीएमई एवं कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।**



इस शैक्षणिक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित देशभर के विभिन्न संस्थानों से आए पैथोलॉजी के पीजी छात्र, फैकल्टी सदस्य एवं विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की जांच में नवीनतम तकनीकों की जानकारी देना एवं डायग्नोस्टिक क्षमताओं को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा, सर्वाइकल कैंसर, महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है, जिसकी समय रहते पहचान और रोकथाम अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम चिकित्सकों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराकर उन्हें बेहतर सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। एम्स भोपाल इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम विशेषज्ञों जैसे प्रो. संदीप माथुर एम्स दिल्ली, प्रो. रूबिना ख़ान जेएनएमसी, एएमयू अलीगढ़, डॉ. सुप्रिता नायक जीएमसी नागपुर एवं एम्स भोपाल की प्रो. वैशाली वाल्के तथा डॉ. जय कुमार चौरसिया द्वारा वैज्ञानिक सत्रों में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इन विषयों में बेथेस्डा प्रणाली, नमूना संग्रह तकनीकें, एपिथेलियल और ग्रंथिकावली असामान्यताएँ, और सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने में एचपीवी परीक्षण और बायोमार्कर की भूमिका शामिल थी। कार्यशाला की मुख्य विशेषताओं में लिक्विड-बेस्ड साइटोलॉजी के व्यावहारिक प्रदर्शन, ग्लास स्लाइड देखने के सत्र, विशेषज्ञ-नेतृत्व वाली केस चर्चाएँ, और वर्तमान साइटोलॉजिकल तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल रहा। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का सफल समन्वय प्रो. वैशाली वाल्के आयोजक अध्यक्ष, डॉ. जय कुमार चौरसिया आयोजक सचिव, एवं डॉ. शक्ति कुमार यादव संयुक्त सचिव के नेतृत्व में हुआ। उनकी कुशल योजना और सक्रिय आयोजन समिति के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतिभागियों द्वारा इस कार्यक्रम को अत्यंत सराहनीय बताया गया और यह सर्वाइकल कैंसर की जांच एवं साइटोलॉजी डायग्नोस्टिक्स की क्षमता वृद्धि में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री सिंह

**उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण**



विनय उजाला

**भोपाल , निप्र। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है।**

मंत्री श्री सिंह नरसिंहपुर जिले के विकासखण्ड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम डुंगरिया में 65 लाख रुपये लागत से नव-निर्मित उप स्वास्थ्य केन्द्र और सीएचओ आवासीय भवन के लोकार्पण के बाद जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की बीपी, शुगर की जाँच, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जा सकेगा। मरीजों को यहाँ निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड के महत्व के बारे में बताया। जल गंगा संवर्धन अभियान की चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में जिले में जन-भागीदारी अधिक से अधिक हो, इसके लिये सभी के प्रयास की जरूरत है। उन्होंने करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपये लागत के पनागर से डुंगरिया मार्ग का भूमि-पूजन भी किया।

## रामनवमी पर रघुवंशी समाज ने भव्यतापूर्वक मनाया श्रीराम जन्मोत्सव



विनय उजाला

**धूमधाम से निकली शोभायात्रा, समाजजनों में नजर आया अपार उत्साह**

**भोपाल, निप्र। राम नवमी पर 6 अप्रैल को रघुवंशी समाज द्वारा राजधानी में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भव्य शोभायात्रा के आयोजन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।**

जिसमें शामिल मध्यप्रदेश के कई जिलों के रघुवंशी समाज के लोग शामिल हुए जिसमें बैतूल, विदिशा, नर्मदापुरम, सिलवानी , अशोकनगर, गुना, कोलारस , शिवपुरी , छिंदवाड़ा , एवं अन्य जिला के लोग शामिल रहे रघुवंशी समाजजनों में अपार उत्साह नजर आया। मंदिरों में पूजा, आरती, सुंदरकांड पाठ और भजन कीर्तन में रघुवंशी समाजजन पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ शामिल हुए। कई जगहों पर भगवान राम का विशेष श्रृंगार किया गया। समाज के सुजीत रघुवंशी ने बताया कि समाज की ओर से दोपहर 3 बजे भदभदा रोड, जवाहर चौक स्थित रघुकुल भवन से शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा रोशनपुरा,टीटी नगर होते हुए रवींद्र भवन पहुंची। इसमें भगवान राम की झांकी, भगवा ध्वज और ढोल शामिल रहे। रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में शाम 5.30 बजे गणेश वंदना के बाद श्रीलयम नाट्यश्री ग्रुप द्वारा श्रीराम स्तुति की नाट्य प्रस्तुति दी गई। यहां दिल्ली के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। शाम 7 से 9 बजे तक प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा के भजनों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक व यादगार बना दिया।





श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक श्री भगवानदास सबनानी जी ने टी.टी. नगर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में दर्शन कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भागवताचार्य पंडित श्री मुकेश जी महाराज को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की, एवं प्रभु श्रीराम से सभी जनमानस के लिए सुख शांति की प्रार्थना की।

# सिद्ध भाऊ एवं सबनानी ने किया सहायता केंद्र का शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी एवं होशंगाबाद रोड द्वारा सहायता केंद्र का शुभारंभ सिद्ध भाऊ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा किया गया।**





सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी एवं होशंगाबाद रोड द्वारा संचालित सहायता केंद्र के द्वारा केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को मिल सके और उन्हें इन योजनाओं के मिलने में किसी प्रकार की कोई कठिनाइयां आ रही हो तो उसकी सहायता हेतु पंचायत द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जिसके द्वारा सभी को इन योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा, अध्यक्ष जयपाल राजदेव ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 9993125963 पर फोन कर जनमानस को इन योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। सिद्ध भाऊ जी ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा प्रयास है और सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले सके, इसकी चिंता सिंधी पंचायत अरेरा कॉलोनी द्वारा की गई इसके लिए मैं पंचायत के सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं की ज्यादा से ज्यादा लोग इस हेल्पलाइन के द्वारा योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ ले सकें, विधायक सबनानी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनका लाभ भी जनता को मिल रहा है हमारी मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा भी जनता की भलाई के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं।

डॉ मोहन यादव के द्वारा इन योजनाओं के क्रियावरन का विशेष ध्यान रखा जाता है साथ ही हमारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भी जनमानस को इन योजनाओं से जोड़ा जाता है, पंचायत द्वारा शुरू की हेल्पलाइन से जनता को योजनाओं की जानकारी के साथ ही उन्हें इसका लाभ मिल सके इसके लिए यह हेल्पलाइन नंबर उपयोगी साबित होगा मैं सभी पंचायत के सदस्यों को इस नई पहल के शुभारंभ पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं साथ ही सभी को श्रीराम नवमी की भी शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर सचिव तरून मूलचंदानी उपाध्यक्ष तुलसी नेवनानी सहसचिव राजेश सुखरमानी श्याम सुंदर गोपलानी शिवदास थरानी सही सभी पंचायत के पदाधिकारी के साथ क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

# चित्रकूट धार्मिक स्थल ही नहीं, सनातन संस्कृति, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का है जीवंत केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत केंद्र है। यह परमधाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली है, जहां भगवान श्रीराम, माता जानकी और भैया लखन के साथ सदा सर्वदा निवास करते हैं।**

रामनवमीं के दिन मैं तपोभूमि चित्रकूट में आकर धन्य हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में दीपदान किया। उन्होंने मां मंदाकिनी की पूजा-अर्चना भी की।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदाकिनी के तट पर भरत घाट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली है। आज पवित्र नौवीं तिथि है और कामतानाथ जी की नगरी चित्रकूट अपना गौरव दिवस मना रही है। चित्रकूट के घाटों पर असंख्य दीपदान की अलौकिक छटा दिख रही है। भरत घाट, कामदगिरि पर्वत, कामतानाथ स्वामी मंदिर के साथ चित्रकूट के सभी मंदिरों और घर-घर एवं गली, मोहल्लों, रास्तों में दीपमालाओं की अनुपम छटा देखते ही बन रही है। उन्होंने नगर वासियों को रामनवमीं एवं चित्रकूट गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट में सद्गुरु सेवा ट्रस्ट, दीनदयाल शोध संस्थान के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए नाना जी के संकल्पों को पूरा किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 19 धार्मिक स्थलों में एक अप्रैल से शराबबंदी लागू कर दी गई है, जिससे हमारे देव स्थानों में विकृतियां न पनपें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। सर्वसम्मति से जो भी निर्णय हो रहे हैं उसे पूरा देश स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के लिए संसद में चर्चा व विचार-विमर्श के बाद वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति मिली है जो हमारे लोकतंत्र की खूबी को दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासी त्यौहार में शुभ संकल्प लें और प्रदेश के विकास के लिए समवेत हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट के गौरव दिवस पर कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंग वस्त्रम पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद सतना श्री गणेश सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह परम सौभाग्य है कि चित्रकूट की पावन धरा में श्रीराम के प्राकट्य पर्व और चित्रकूट गौरव दिवस के आयोजन में मुख्यमंत्री जी का आगमन हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकाल मंदिर में आया 1 लाख का गुप्त दान

**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में झारखंड से पधारे भक्त ने पुरोहित रूपम शर्मा व नवनीत शर्मा की प्रेरणा से श्री महाकालेश्वर भगवान को रुपये 1 लाख 1 हजार नगद भेट किये। दानदाता द्वारा गुप्त दान किया गया है व उनकी पहचान नही बताने का निवेदन किया है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से दानदाता को विधिवत रसीद प्रदान कर मंदिर के विरेन्द्र शर्मा व अभिषेक शर्मा द्वारा सम्मान किया गया।

### महाकाल मंदिर में मना श्री राम का जन्मोत्सव



**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप व श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रांगण (नवग्रह मंदिर के समीप) में विराजित श्री राम भगवान के मंदिर में अपराह्न 12 बजे श्री राम भगवान का जन्मोत्सव पूजन-आरती के साथ उल्हास के साथ मनाया गया। जिसमे श्री महाकालेश्वरव मन्दिर के पुजारी- पुरोहित, भक्त सम्मिलित हुए।

# निमाड़ी गणगौर झालरिया की धूम इंदौर में

## निमाड़ीजन गणगौर महोत्सव झालरिया और निमाड़ी संस्कृति से सराबोर हुआ

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। निमाड़ महासंघ विकास समिति द्वारा उत्सव प्रेमी शहर इंदौर की जनता के लिए अभिनव कला गांधी हॉल में आयोजित सर्व समाज के निमाड़ीजन गणगौर महोत्सव में पारंपरिक संस्कृति के दर्शन हुए। इस भव्य आयोजन में महिलाओं, युवाओं और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों द्वारा जोड़े पूजन किया गया।**







शोभायात्रा और गणगौर माता के पूजन पश्चात निमाड़ी लोक गायिका मधुदेवी ने रनू दूर ओ खेलण मत जाजो, घोड़ीला छुटिया धणियर राजा का ..... गा कर रनू बाई की ससुराल विदाई का चित्रण कर शमा बांधी तो रूपचंद जपाले की टीम प्रवीण अहीरे, कैलाश सुरागे, चुन्नीलाल जपाले, रमेश वर्मा, मोतीराम सगीर ने कलगी तुर्रा की तर्ज पर गणपति बाबा सुन ले विधाता, आके दर्श दिखा जा गा कर गणपति वंदना की पूजा गणगौर गांवा झालरियों गा कर निमाड़ी लोकगीतों के माध्यम से निमाड़ के दर्शन करवाएं। उपस्थित महिलाओं द्वारा पारंपरिक झालरिया खेलकर अपनी संस्कृति को जीवंतता प्रदान की। निमाड़ महासंघ प्रमुख संजय रोकड़े ने कहा इस महोत्सव ने यह साबित कर दिया कि चाहे लोग कहीं भी रहें, अपनी संस्कृति और परंपराओं से उनका लगाव कभी कम नहीं होता।

निमाड़ी संस्कृति की इस शानदार प्रस्तुति से हर दिल ने अपनी मिट्टी की सुगंध महसूस की श्री रोकड़े ने दोहराया आज यह भी साबित हो गया गणगौर महोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी जड़ों से जुड़े रहने का जरिया है। हम प्रवासी निमाड़ीजनों को अपनी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास सफलता प्राप्त करते नजर आने लगा है।

संयोजक श्री कृष्णकांत रोकड़े ने कहा, निमाड़ी संस्कृति का संरक्षण और प्रचार हमारी प्राथमिकता रंग लाते जा रही है हम सब आने वाली पीढ़ियों तक इसे पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन करते रहे बेहद जरूरी हैं।

**विशेष आकर्षणः**

- कलगी-तुर्रा शैली में गणगौर माता के लोकगीत
- महिलाओं द्वारा पारंपरिक झालरिया गीत
- निमाड़ी लोक संस्कृति और प्रवासी निमाड़ीजनों पर सार्थक संवाद
- कार्यक्रम में मातृ शक्ति द्वारा महिलाओं का और आयोजन समिति द्वारा सर्व समाज के पधारे प्रतिनिधियों का स्वागत किया
- इस आयोजन में इंजी. गजानंद पाटीदार, दिलीप गांठे, मनोज चौकड़े, प्रवीण खारीवाल, धर्मेंद्र पाटीदार, डा सुनील गुप्ता, शेरूजी पगारे सब जोड़े सहित पूजन करने उपस्थित थे।
- उपस्थित निमाड़ी जनों का आभार इंजि. गजानंद पाटीदार ने माना।

### प्रॉपर्टी व्यापारी ने खुद को सिर में मारी गोली, कमरे में खून से लथपथ तड़पते मिले ; हालत गंभीर




विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर के विजयनगर इलाके में रहने वाले एक प्रॉपर्टी व्यापारी ने रविवार दोपहर खुद को गोली मार ली। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल परिजनों के बयान दर्ज नहीं किए गए हैं, लेकिन व्यापारी किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे।

टीआई चंद्रकांत पटेल के मुताबिक, घटना शीतल नगर की है। यहां रहने वाले पूरनमल राठौर ने लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन कमरे की ओर दौड़े, जहां वे खून से लथपथ तड़पते मिले। इसके बाद उन्हें तत्काल पास के मेंदाता अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस को सूचना दी गई।

परिजन ने पुलिस को बताया कि पूरनमल राठौर लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। फिलहाल उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उनके परिवार में एक बेटा है, जो मेडिकल स्टोर का संचालन करता है, जबकि बेटी की शादी हो चुकी है।

#### समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रह चुके हैं पदाधिकारी

पूरनमल राठौर समाज के कई प्रमुख पदों पर रह चुके हैं। वे राठौर समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी पदाधिकारी रह चुके हैं। विजयनगर क्षेत्र में उनके कई हॉस्टल और अन्य प्रॉपर्टी हैं। घटना की सूचना मिलते ही समाज के कई वरिष्ठजन अस्पताल पहुंचे।

#### ओ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी और होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर के मध्य -

### शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, ग्लोबल एक्पोजर हेतु एमओयू आज

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र।** शासकीय स्वशासी (आदर्श) होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर और ओ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत, हरियाणा के मध्य शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध तथा विद्यार्थियों के लिए ग्लोबल एक्पोजर हेतु 7 अप्रैल 2025 को एम ओ यू साइन किया जाएगा।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका जैन एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है कि 7अप्रैल को महाविद्यालय का एक अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी ओ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत हरियाणा से विद्यार्थियों के शैक्षणिक गुणवत्ता,शोध एवं अंतरराष्ट्रीय एक्स्पोज़र के लिए एम ओ यू किया जा रहा है। इस एम ओ यू से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी और विद्यार्थी भविष्य में इंदौर एवं प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनामिका जैन ने बताया कि इसके लिए ओ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी सोनीपत हरियाणा से 7 अप्रैल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों से मिलने के लिए डॉ. उपासना महंता, डीन एडमिशन एवं आउटरिच तथा डॉ.निशा नायर, वाइस डीन एडमिशन एवं आउटरिच विभाग विशेष रूप से इंदौर आ रही हैं। इस कार्यक्रम में इनके द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जिंदल यूनिवर्सिटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। साथ ही विद्यार्थियों को जिंदल यूनिवर्सिटी के अंतराष्ट्रीय एक्पोजर के बारे में बताते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन को प्रमोट करने के लिए एवं उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसरों की भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की और से सीनियर मैनेजर समृद्धि सोहनी, विशाल वामनाचार्य, चीफ मैनेजर मुंबई तथा होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर की आई क्यू ए सी प्रभारी डॉ स्वागता गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी डॉ.नागेश डगांवकर तथा कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. संजय व्यास, विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### कुष्ठ आश्रम का निरीक्षण



विनय उजाला

**इन्दौर, नप्र।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इन्दौर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इन्दौर के सचिव श्री शिवराज सिंह गवली द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या तथा उनकी मेडिकल टीम के साथ समन्वय स्थापित कर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित अरुणोदय कुष्ठ सेवा केन्द्र जम्बूड़ी हप्सी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुष्ठ सेवा संस्थान में निवासरत 57 परिवारों के 42 कुष्ठ रोगियों से चर्चा कर उनके रहवास, भोजन, पानी एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई।

विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री गवली द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कुष्ठ रोगियों और उनके परिवार के सदस्यों के नियमित स्वास्थ्य उपचार एवं दवाईयों के वितरण आदि के संबंध में उचित दिशा-निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा स्टाफ के सदस्यगण भी उपस्थित रहें।

# केनरा बैंक की ओर से महाकाल मंदिर में ई-कार्ट व केनोपी टेंट भेंट




विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को केनरा बैंक की ओर से 2 ई-कार्ट व श्री महाकाल महालोक में दर्शनार्थियों को छाया 20 केनोपी टेंट भेट की गई।**

केनरा बैंक की एमडी सत्यनारायण राजू एवं चैयरमैन विजय रंगन व बैंक की टीम ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुँचकर श्री महाकालेश्वर मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु 2 नग ई- कार्ट व 20 कनोपी टेंट भेंट किये गए। मंदिर प्रबंध समिति की ओर सुरक्षा प्रभारी अनुराग चौबे द्वारा बैंक प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित कर सम्मान किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं श्री महाकाल महालोक के भ्रमण हेतु पधारने वाले वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांगजनो के लिए नीलकण्ठ पथ, त्रिवेणी संग्रहालय, नंदी द्वार से श्री महाकालेश्वर में प्रवेश हेतु निर्धारित द्वार तक आवागमन करने के लिए प्रतिक्षालय स्थापित कराए जाकर, प्रतिक्षालय से सतत् ई-कार्ट चलायी जाती है। ज्ञात हो कि, श्री महाकालेश्वर मंदिर की सभी व्यवस्थायें दान के माध्यम से ही संचालित होती हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित निःशुल्क अन्नक्षेत्र, गौशाला आदि में भी अपनी श्रद्धानुसार अन्न दान भी करते हैं। समय -समय पर मंदिर के अधिकारी/ पुजारी/पुरोहितों/मंदिर प्रबंध समिति सदस्यों व कर्मचारियों के माध्यम से भी भक्तों को मंदिर में दान करने हेतु प्रेरित किया जाता है ।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस

# रोजाना एक घंटा फिटनेस का डोजः विनोद पांडेय

विनय उजाला









**इंदौर, नप्र।** हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर फिटनेस प्रेमी विनोद पांडेय का कहना है, स्वस्थ शरीर के लिए रोजाना एक घंटा फिटनेस का डोज बेहद ज़रूरी है। विनोद पांडे जो एक मैराथन रनर के साथ-साथ एक साइकिलिस्ट भी हैं, विनोद ने बताया मैराथन से मजबूत होती है विल पावर।

विनोद का मानना है कि हर इंसान के दिन की शुरुआत एक घंटे के फिजिकल एक्टिविटी से होनी चाहिए, चाहे वह किसी भी उम्र का हो। आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी और अनियमित दिनचर्या के कारण कई बीमारियाँ बढ़ रही हैं। मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी समस्याओं से बचने के लिए नियमित व्यायाम बेहद आवश्यक है। विनोद पांडेय के अनुसार, अगर आप रोज़ाना सिर्फ एक घंटा अपने शरीर को देंगे, तो यह आपको जीवन भर सेहतमंद बनाए रखेगा।

**मोदी जी का फिटनेस डोज़ और विनोद पांडेय की प्रेरणा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का फिटनेस मंत्र - आधा घंटा रोज़ - लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसी कड़ी में भोपाल के विनोद पांडेय भी आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्होंने इस डोज़ को और प्रभावी बनाते हुए इसे एक घंटे का बना लिया है।

# सम्पादकीय

## मोदी और संघ की मुलाकात

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के 11 साल बाद पहली बार नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पहुंचने के कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। मोदी के पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने साल 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल में संघ मुख्यालय गए। स्वाभाविक तौर पर मोदी ने संघ के साथ अपने अटूट संबंधों की जुगाली की। उन्होंने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर' की आधारशिला रखने के बाद कहा कि, संघ भारत की अमर संस्कृति और आधुनिक अक्षयवट है, जिसके आदर्श और सिद्धांत राष्ट्रीय चेतना की रक्षा करना है ।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह (संघ) देश की चेतना को ऊर्जा प्रदान करता है।' हालांकि मोदी के नागपुर जाने और संघ प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारियों से मिलने को विपक्ष भले मुद्दा बनाने की कोशिश में है, मगर भाजपा के नेताओं का वहां जाना कतई गलत नहीं माना जा सकता है। संघ से पीएम मोदी का दिलों का रिश्ता है, ये दशकों पुराना है. ये सफर 1972 में शुरू हुआ था। 1972 में नरेन्द्र मोदी संघ में शामिल हुए थे। प्रचारक बने, फिर के जरिए भाजपा में एंट्री हुई ।गुजरात में संगठन की जिम्मेदारी मिली। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने। संघ का उन्हें मजबूत समर्थन मिला। बहरहाल, मोदी के इस दौरे को भाजपा के नये अध्यक्ष के चुनाव को लेकर विचार-मंथन के तौर पर भी देखा जा रहा है। हालांकि खुद प्रधानमंत्री इस साल सितम्बर में 75 वर्ष के हो जाएंगे। स्वाभाविक है कि उनकी उम्र और भाजपा के उम्र संबंधी नियम-कायदों का भी उनके दौरे में चिंतन-मनन होगा। 2024 में संपन्न हुए लोक सभा चुनाव में मोदी का मैजिक नहीं चल सका ।पार्टी आशा के अनुरूप सीटें हासिल करने में नाकामयाब रही। लाजिमी है कि पार्टी के इस लचर प्रदर्शन को लेकर यह विश्लेषण भी सामने आया कि संघ का समर्थन शायद भाजपा को नहीं मिला। वजह चाहे जो भी हो, फिलहाल भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और संघ के शीषर्स्थ पदाधिकारियों में इस बात को लेकर गहराई से यह विमर्श हो रहा है कि पार्टी 2029 में आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर किस तरह की रणनीति के साथ जनता के बीच आए ।इसी दरम्यिान उत्तर प्रदेश में भी-2027- में विधानसभा के चुनाव होने हैं। साफ है कि इस प्रदेश में पार्टी के प्रदर्शन को ही 2029 में कमल खिलने की गारंटी मानी जाएगी। चुनांचे, मोदी और संघ की मुलाकात के कई सारे मायने हैं।

## दिल से भोले-भोले



पुकारते हैं दिल से भोले-भोले,
आना है आ भी जाओ भोले,
रास्ता खुला है मेरे मन का,
आके बस भी जाओ मेरे भोले।
पुकारते हैं दिल से ...
क्या गगन और क्या धरा,
बिन भोले जीवन में क्या धरा,
साथ भोले का जो मिल गया,
मानों सारा जहां मिल गया।
पुकारते हैं दिल से ...
भोले तो हैं सबसे निराले,
जीवन के हैं वो रखवाले,
भोले भक्ति में जो भी बहे,
भोले ही उसे तारने वाले ।
पुकारते हैं दिल से ....
कोई सपना नहीं हैं भोले,
बतियाते हैं हम-भी अकेले,
छोड़ा ही नहीं साथ हमनें,
तार भक्ति के हमनें छेड़े।
पुकारते हैं दिल से ....
मुस्कुरानें लगे हैं भोले,
जबसे भक्तों के लगे हैं मेले,
आओ गंगा लहर संग खेलें,
और दिल से भोले के ही हो लें।
पुकारते हैं दिल से ....
(208/261वां मनका)



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी**
**(राम)**
**सी स्पेशल, गांधीनगर, इन्दौर**

## ट्रेन में धुआं निकलने की घटना में कोई जनहानि नहीं

**रतलाम (विनय उजाला)।** 06 अप्रैल, 2025 को रतलाम मंडल ताजपुर -तराना खंड में ट्रेन संख्या ट्रेन संख्या 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस के फ्रंट पावर कार में से धुआं निकलने की घटना हुई (17.00 बजे)। सर्वसम्बन्धित एवम फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। 17.35 बजे फायर ब्रिगेड साइट के पास पहुँची। स्थिति सामान्य करने के बाद 18.33 बजे पावर कार को डिटैच कर ट्रैन को रवाना किया गया। इस दौरान किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई तथा कोई ट्रेन भी प्रभावित नहीं हुई।

40-50 साल पहले गर्मी का क्या आलम था? हम खुद भी अगर अपनी स्मृतियां खंगालें तो हमें याद आयेगा कि हमारे भी अनुभव में कई ऐसे साल गुजर चुके हैं, जब गर्मी बहुत रही है। मगर क्या हम उन गर्मियों से घबरा गये थे? बिल्कुल नहीं। लोग पहले गर्मियों से मुकाबला करने के लिए योजना बनाते थे और बजाय परेशान होने के या हाय तौबा मचाने के गर्मियों को इंज्वॉय करते थे।

# डरा रही गर्मी से डरें नहीं अभी से मुकाबले के लिए कमर कस लें

वीना गौतम





साल 2024 इतिहास का सबसे गर्म दिन था। लेकिन इस साल के बारे में जानकारों का अनुमान है कि यह उससे भी ज्यादा गर्म होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक इस साल हीटवेव के दिन दुगने होंगे यानी पहले जहां पांच या छह दिन लगातार लू चलती थी, अब लू चलने वाले दिनों की संख्या दस से बारह होंगे। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और दिल्ली में इस साल लू के दिनों की संख्या दोगुनी होगी। अनुमान है कि इस साल पारा सामान्य से 5 डिग्री या इससे भी ज्यादा बढ़ सकता है।

जानकारों की यह आशंका गलत नहीं है, क्योंकि इस साल मार्च में ही देश के आठ राज्यों के कई इलाकों में जबर्दस्त लू का प्रकोप देखने को मिला है। महाराष्ट्र के अकोला, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, छत्तीसगढ़ के राजनादगांव, तेलंगाना के निजामाबाद, राजस्थान के चितौड़गढ़ और आंध्र प्रदेश के नंदयाल में इस साल मार्च में ही 40 से 42 डिग्री तक तापमान देखने को मिला। इससे आने वाले दिनों में भयानक गर्मी की कल्पना की जा सकती है।

सवाल है गर्मी की डरावनी आशंका को कैसे लें? अगर हम बड़े-बूढ़ों से पूछें तो वे अपनी याद्दाश्त को खंगालकर बताएंगे कि 40-50 साल पहले गर्मी का क्या आलम था? हम खुद भी अगर अपनी स्मृतियां खंगालें तो हमें याद आयेगा कि हमारे भी अनुभव में कई ऐसे साल गुजर चुके हैं, जब गर्मी बहुत रही है। मगर क्या हम उन गर्मियों से घबरा गये थे? बिल्कुल नहीं। लोग पहले गर्मियों से मुकाबला करने के लिए योजना बनाते थे और बजाय परेशान होने के या हाय तौबा मचाने के गर्मियों को इंज्वॉय करते थे।

जरूरत फिर से गर्मी को लेकर योजना बनाने और परेशान होने की जगह इसे इंज्वॉय करने की है, अगर हमने ऐसा कर लिया तो गर्मी की समस्या हमें परेशान नहीं करेगी, फिर चाहे यह ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा क्यों न हो? सवाल है गर्मियों का लुत्फ कैसे उठाएं और इसे खुद पर हावी होने देने की बजाय कैसे हम खुद इस पर हावी हों? आइये कुछ तरीकों पर नजर डालते हैं।

## इस साल गर्मियों में क्या करें, क्या न करें?

- मौसमी फल जैसे- तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा आदि खूब खाएं।
- पानी अधिक मात्रा में पीएं।
- पेय पदार्थों की बजाय दही, सत्तू, शिकंजी, नारियल पानी लस्सी आदि को प्रमुखता दें।
- ग्रीन टी और कोल्ड कॉफी पीयें।
- हल्का खाना खाएं।
- रेशेदार खाद्य पदार्थ खूब खाएं।
- भोजन के बीच में लंबा गैप न होने दें।
- बदहजमी होने पर घर में बना नींबू पानी और पुदीना पानी पीएं।
- तले-भुने खाने से परहेज करें।
- गर्म तासीर वाले फल जैसे चेरी, आडू, अमरूद न खाएं।
- लंच में ले जाए गए टिफिन को पांच घंटे के अंदर हर हाल में खा ले। ज्यादा समय पैक रहने से इसमें बैक्टीरिया पनप सकते हैं।
- ड्राइफ्रूट्स में वसा अधिक होती है, इसलिए गर्मियों में इन्हें कम खाएं।
- हमारी त्वचा की सारी नमी खो जाती है। इसलिए त्वचा में नमी बनाने के लिए हमें दिन में ज्यादा पानी पीना चाहिए।

### इन दिनों पीएं आम का पना

लू का दुश्मन है आम का पना। उत्तर भारत से लेकर मध्य और पश्चिम भारत में गर्मियों में आम का पीना आम बात है इसीलिये यह इन दिनों गली-गली में खूब बिकता है। इस साल ज्यादा से ज्यादा दिन या संभव हो तो हर दिन 2 गिलास पना पीयें तो कितनी भी करारी लू चले, मगर आपको नहीं लगेगी। आम के पना में हाल के सालों में खूब फ्यूजन हुआ है, इसलिए आज की तारीख में यह कई किस्म की खुश्बू में उपलब्ध रहता है। लेकिन कोशिश करें कि सादा पुदीने वाला पना पीयें तो वह ज्यादा कारगर होता है।

### बेल का शरबत

पना की तरह ही उत्तर भारत के तमाम शहरों में गर्मियों में रेहड़ियों पर बिकने वाला बेल शर्बत तरो-ताजगी की खान है। दिल्ली में चांदनी चौक के लाल कुआं इलाके में इसकी वैरायटी देखने को मिलती है। बेल का जूस या शरबत चूंकि सुबह के समय बहुत गाढ़ा होता है इसलिए यह दोपहर के समय या ढलती दोपहर के बाद ज्यादा बिकता है। डॉक्टरों की राय में बेल का जूस गर्मी के दिनों में पेट की बीमारियों को रोकने में भी बहुत मददगार है। इसका जिक्र पुराने आयुर्वेद और यूनानी के मेडिकल मैनुअल्स में भी किया गया है।

### कलेजे को ठंडक दे ठंडाई

ठंडाई से सचमुच आत्मा तृप्त हो जाती है। ठंडाई में वाकई रूह को तर कर देने वाली तासीर होती है। इसलिए इस गर्मी में फिर से एक बार ठंडाई को आजमायें और देखें कि गर्मी के साथ जीना कितना आसान है। केसर, इलायची, बादाम और खसखस से भरपूर ठंडाई का एक घूंट चिलचिलाती गर्मियों को भी सुकून के मौसम में बदल देती है। उत्तर और मध्य भारत के तमाम शहरों मसलन देश की राजधानी दिल्ली, इसी तरह लखनऊ, इंदौर, भोपाल, कानपुर, बनारस, अमृतसर जैसे तमाम शहरों में आपको आज भी ठंडाई की तमाम मशहूर दुकाने मिल जायेंगी जिनके अपने किस्से होंगे। जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ता है ठंडाई की जरुरत का पारा भी ऊपर चढ़ता है।

### बचें डिहाइड्रेशन से

ज्यादा गर्मी में डिहाइड्रेशन का होना एक आम खतरा है। यह कई बार जानलेवा भी हो जाता है। इसलिए इन दिनों अपनी विशेषज्ञों खाने-पीने की आदतों पर विशेष ध्यान देने व नियंत्रण रखने की जरुरत है ताकि चिलचिलाती धूप में भी शरीर में 'इम्यूनिटी' बनी रहे। दरअसल गर्मी के मौसम में आदमी के शरीर से बाकी मौसमों के मुकाबले काफी ज्यादा पसीना निकलता है इसलिए शरीर का 'इलेक्ट्रोलाइट' असंतुलित हो जाता है। ऐसा न हो इसलिए इस मौसम में खाने से पहले फल और सब्जी की तासीर जान लेना जरूरी है। यदि इस बात का ध्यान नहीं रखा गया और गर्म तासीर वाले फलों को सेवन किया गया तो उससे शरीर में विभिन्न किस्म की बीमारियां हो सकती हैं। इस मौसम में वर्किंग लोगों के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाए रखना और भी जरूरी है, क्योंकि उन्हें दिनभर बाहरी माहौल में रहना होता है। इसको ध्यान में रखते हुए लोगों को गर्मी में नाश्ते में दूध, सभी फ्रूटशेक्स, जूस, फल, स्प्राउट्स, ओट्स, पोहा आदि लेना चाहिए जबकि लंच में दालों को प्रमुखता से शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही आप इसमें सीजनल हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे बींस आदि, दो या तीन चपाती और भरपूर सलाद ले सकते हैं। डिनर में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि रात को भारी और ज्यादा खाना न खाएं। रात के खाने में रेशेदार सब्जी, दो चपाती और सलाद ले सकते हैं। यदि रोटी खाने का मन न हो तो आप खिचड़ी खा सकते हैं।

**(लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं)**

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

# महानगरों में अब अनिंद्रा बीमारी नहीं, लाइफ स्टाइल है

रेखा देशराज



आज हिंदुस्तान में 59 फीसदी लोग 6 घंटे से कम सो रहे हैं, जबकि दुनियाभर के डॉक्टर बार बार यह कहते हैं कि कम से कम 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। लेकिन भारत में अनिद्रा महज स्वास्थ्य समस्या नहीं है, यह एक तरह की लाइफस्टाइल में तब्दील हो गई है। आज हिंदुस्तान के किसी भी शहर, चाहे वह महानगर हो या दूसरे दर्जे का कोई छोटा मोटा शहर, रात में 12 बजे के बाद सर्वे करिये तो करीब 70 फीसदी से ज्यादा युवक जगते मिलेंगे, वो इस समय खा पी रहे होंगे, लोगों से फोन में बात कर रहे होंगे या टीवी या मोबाइल में कुछ देख रहे होंगे। लेकिन 12 बजे से पहले अब मुटठीभर युवा ही सोने के लिए बिस्तर में जाते हैं। करीब करीब यही हाल गांवों का भी है। हालांकि गांव में 12 बजे तो नहीं लेकिन यहां भी अब रात में 10 बजे के पहले शायद ही युवा सोते हों। जबकि एक जमाना हुआ करता था जब 8 बजते बजते पूरा गांव सो चुका होता था।

पहले देर से सोने को अनिद्रा की बीमारी समझा जाता था। लेकिन आजकल आधी रात तक जगे रहना बीमारी नहीं, लाइफस्टाइल का हिस्सा है। आज देर से सोना या कम नींद लेना सिर्फ युवाओं की लाइफस्टाइल नहीं है, बच्चों की भी आदत में शुमार होता जा रहा है। दरअसल आज के हाईटेक युवा दिन रात टेक्नोलॉजी से घिरे रहते है। पढ़ने से लेकर अपने मनोरंजन तक के लिए वह कई तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। बच्चे जब किसी नई चीज को जानना चाहते हैं, तो वे उस चीज से जुड़ी हर जानकारी को जानने के लिए घंटों इंटरनेट पर ब्राउजिंग करते रहते हैं। अपनी इस नई चीज को जानने की जिज्ञासा को शांत करने के लिए वे न दिन देखते है न रात, बस उस चीज से जुड़ी नई नई जानकारी खोजते रहते है।

जब इन स्मार्ट और हाईटेक युवाओं का मन अपने फ्रेंड्स से बात करने का करता है, तो वे उनसे मिलने की बजाय घंटों फोन पर मौजूद कई तरह के एप्स के जरिये उनसे गपियाते रहते हैं। वह इंटरनेट के जरिए किसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स की इनबॉक्स सुविधा का लाभ उठाते हुए देर रात तक अपने दोस्तों से चैटिंग करना आज के युवाओं का आम शगल है। युवा जब बोर होते है या अपनी दिन भर की थकान उतारना चाहते हैं तो वो कानों में हैड फोन लगाकर देर रात तक गाने सुनते रहते हैं। इस तरह वह अपना मनोरंजन करते हैं। कई बार वो देर रात तक अपने लैपटॉप पर काम भी करते रहते हैं।

आज नयी पीढ़ी बेहद व्यस्त जीवन जी रही है। वह अपने एक दिन के शिड्यूल में सारे काम करना चाहती है। इसलिए भी वह अकसर नींद के साथ समझौता करती है। हालांकि वो अच्छी तरह से जानते हैं कि उन्हें रोजाना कम से कम 7 से 9 घंटे की नींद लेनी चाहिए। लेकिन यह टेक्नोलॉजी मैनिया इतना समय खा जाता है कि जानते हुए भी उन्हें 6 घंटे से कम सोने के लिए मिलते हैं। अगर वो देर रात टेक्नो गतिविधियों में न भी उलझे हों तो भी अकसर वो अपने फोन ऑन रखते हैं और कुछ कुछ देर मे मैसेज, नोटिफिकेशन या मेल चेक करते रहते हैं। ऐसे में वो गहरी नींद तो सो ही नहीं सकते। आज के युवाओं को सारी रात अपने फोन के न बजने या मैसेज न आने की बेचैनी लगी रहती है। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक महानगरों में 62 प्रतिशत बच्चे अपनी सोशल मीडिया पर निर्भर रहने की आदत के चलते रात में सो नहीं पाते। जबकि 25 प्रतिशत बच्चे खुद को रात में फोन से दूर रखते हैं और जल्द ही सो जाते हैं।

हाल ही में एक सर्वेक्षण में युवाओं से 15 ऐसे सवाल किए गए जिससे उनकी सोने की आदतों का पता चल सके। इस सर्वेक्षण से यह बात सामने आयी है कि आज के युवाओं के लिए रोज सुबह जल्दी उठना, किसी मुसीबत से कम नहीं है। युवा इस बात को बखूबी जानते हैं कि उनके शरीर को कम से कम 7 से 9 घंटे की नींद की आवश्यकता है। लेकिन इसके बाद भी वो अनियमित ढंग से सोने के चलते महज दो तिहाई नींद ही ले पाते हैं, जिसकी वजह उनकी बेतरतीब जीवनशैली है। ये आमतौर पर अधिक से अधिक टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के कारण इस तरह की दिक्कतों का सामना करते हैं। लेकिन भले हाईस्पीड लाइफस्टाइल के कारण वह पुरानी पीढ़ियों के मुकाबले तमाम बातों में काफी आगे रहते हों पर कम सोने की समस्या ने उनके अंदर भी कई किस्म की व्यवहारिक और सैद्धांतिक दिक्कतें पैदा की हैं।

हमारे शरीर के लिए नींद उतनी ही जरूरी होती है जितना कि भोजन और पानी। जिस तरह से भोजन खाने से हमारी शरीर को एनर्जी मिलती है, उसी तरह से नींद हमारे काम करने के लिए ताकत और रूचि बनाती है। नींद से हमें ऊर्जा मिलती है, हम इस शारीरिक और दिमागी ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए अपने कामों को पूरा करते है। साथ ही नींद हमारी बॉडी की रिसोर्सेज को बेहतर बनाने और उसे स्टोर करने में मदद करती है। पूरा दिन काम करने के बाद हमारी ऊर्जा खत्म हो जाती है और शरीर को दोबारा ऊर्जा प्राप्त करने के लिए नींद की आवश्यकता होती है। शरीर की तरह हमारे दिमाग को भी बेहतर तरीके से काम करने के लिए पर्याप्त नींद की आवश्कता होती है।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

# मेरे रोम-रोम में बसने वाले राम

संदीप सिंह गहरवार



भारतीय संस्कृति में यदि कोई एक नाम सर्वस्व रूप में पूज्य, आदर्श और आत्मसात किए जाने योग्य है, तो वह है श्रीराम। यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। वह सत्य, मर्यादा, धर्म और करुणा के साक्षात् मूर्तरूप हैं। राम के नाम में वह सामर्थ्य है जो जड़ को चैतन्य बना दे, जो पतित को पावन कर दे, जो असंभव को भी संभव बना दे। उनके नाम का उच्चारण मात्र ही हृदय में एक दिव्य अनुभूति का संचार करता है, जिससे हमारा सम्पूर्ण अस्तित्व आनंद और शांति से भर उठता है। रामचरितमानस में तुलसीदास जी ने प्रभु श्रीराम के गुणों का ऐसा चित्र खींचा है जो न केवल भक्ति का मार्ग दिखाता है, बल्कि जीवन को जीने की दिशा भी प्रदान करता है। भगवान श्रीराम वन में अकेले नहीं थे, उनके साथ थे उनके आदर्श—धैर्य, करुणा, सहनशीलता और विवेक। एक राजा होकर भी उन्होंने सामान्य प्रजा की भांति कष्ट सहा, शबरी जैसे भक्तों को गले लगाया, निषादराज को मित्र बनाया, और वानरों की सहायता से धर्म की पुनर्स्थापना की।

**कलियुग में जीवन का सहारा :** आज जब हम कलियुग के प्रभाव में भटक रहे हैं। स्वार्थ, अहंकार और मूल्यहीनता के अंधकार में, तब प्रभु श्रीराम का स्मरण एक दीप की भांति हमारे पथ को आलोकित करता है। संत कहते हैं कि इस युग में अन्य किसी साधना की तुलना में रामनाम का जप सर्वश्रेष्ठ है। कलौ केवलं नामाधारम, अर्थात इस युग में केवल हरि नाम ही कल्याण का एकमात्र मार्ग है।

भगवान श्रीराम का नाम लेने से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि जीवन में स्थिरता, संतुलन और सद्बुद्धि भी आती है। जब हम राम को अपने भीतर अनुभव करते हैं, तब हमें यह बोध होता है कि वह केवल अयोध्या के राजा नहीं, बल्कि हमारे अंत:करण के सम्राट हैं।

**समाज और संस्कृति के पुनर्निर्माता :** श्रीराम का जीवन केवल व्यक्तिगत उत्थान की प्रेरणा नहीं देता, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का मार्ग भी दिखाता है। उन्होंने जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर मानव मात्र को अपनाया। शबरी, सुग्रीव, हनुमान, विभीषण, निषादराज, इन सभी पात्रों के साथ उनका संबंध यह सिद्ध करता है कि राम का धर्म सबको जोड़ने वाला था, न कि तोड़ने वाला।

आज जब समाज विघटन की ओर अग्रसर है, रिश्ते बिखर रहे हैं, और नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है, तब भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाना हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि हम उनके मार्ग पर चलें, तो न केवल अपना जीवन संवार सकते हैं, बल्कि समाज में भी शांति, सौहार्द और सद्भाव की भावना को पुन: जाग्रत कर सकते हैं।

भगवान श्रीराम जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मनिवेदन और आत्मपुनर्निर्माण का पर्व है। यह अवसर है अपने भीतर झाँकने का, अपने आचरण को परखने का, और यह संकल्प लेने का कि हम श्रीराम के पदचिह्नों पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाएँगे। आइए, हम सभी मिलकर यह प्रण लें कि हम श्रीराम के आदर्शों को अपने विचारों, व्यवहारों और कर्मों में उतारेंगे। हम केवल श्रीराम को पूजेंगे ही नहीं, बल्कि उन्हें जिएँगे। यही प्रभु श्रीराम के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा, भक्ति और भेंट होगी।

**जय श्रीराम!**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

### श्रीराम : एक जीवंत आदर्श

त्रेता युग में जन्मे भगवान श्रीराम न केवल एक राजा थे, बल्कि मर्यादा, त्याग, तप और धर्म के पूर्ण प्रतीक भी थे। उन्होंने हमें यह सिखाया कि सच्चा नेतृत्व केवल शक्ति से नहीं, बल्कि सद्गुणों और विनम्रता से होता है। पिता की आज्ञा को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने युवराज पद का त्याग किया, और 14 वर्षों का वनवास सहर्ष स्वीकार किया। माता कैकयी के प्रति कोई द्वेष नहीं, भ्राता लक्ष्मण के प्रति स्नेह और सीता जी के प्रति आदर्श पतिपरायणता—इन सभी में श्रीराम का चरित्र एक दिव्य प्रकाश की तरह चमकता है।

## सुविचार

सफ़लता केवल प्रत्यक्ष कोशिशों का परिणाम ही नहीं होती, अपितु अनेक नाकाम प्रयासों का योगदान कहीं अधिक होता है।
**-डॉ नीलू शुक्ला समीर, भोपाल**

इंसान मकान बदलता है वस्त्र बदलता है,
संबंध बदलता है फिर भी वह दुखी रहता है,
क्योंकि वह अपना स्वभाव नहीं बदलता...
**- के.के. आर्य, इंदौर**

संबंध बड़ी बड़ी बातें करने से नहीं,
छोटे-छोटे भावों को समझने से गहरे होते है।
**- मीनाक्षी शुक्ला, खंडवा**

अहंकार हमारी लोकप्रियता को ही नहीं,
हमारी योग्यता और शुद्धता को भी ख़त्म कर देता है।
**- संजीव तिवारी, इंदौर**

जीत की उम्मीद अंतिम खिलाड़ी तक बनाए रखना चाहिए,
क्योंकि क्या पता कौन कब बाजी पलट दें।
**- हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास**

निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए यह
एक सोच काफी है कि हमारे जीवन का
सबसे अच्छा समय आना तो अभी बाकी है।
**- विनोद पाण्डेय, इंदौर**

हम स्वयं ही अपने जीवन के लेखक और
अपने मन को पढ़ने वाले बनें। जितना अधिक
हम स्वयं को जानते हैं, उतना ही कम हमें
दूसरों की स्वीकृति की आवश्यकता होती है।
**- लता पिपलोदिया, इंदौर**

## जीवन साथी

रामू की दो पुत्रिया थी रानी और कमला, दोनों बहुत ही संस्कारी थी बड़ी बेटी रानी का विवाह रामू ने अपने समाज में ही बड़े धूम धाम से किया था शादी के उपरांत रामू पर कुछ कर्जा भी हो गया था, रानी के ससुराल वालो का समाज में बहुत ही मान संम्मान था, आये दिन उसके परिवार में कुछ ना कुछ कार्यक्रम होते ही रहते थे जिसमे भी रामू को उपस्थित होना रहता था साथ ही कुछ ना कुछ खर्चा भी करना होता था जिससे कारण वह अपने काम पर भी ज्यादा समय नहीं दे पा रहा था यह देख रामू कि दुकान अब कमला देखने लगी थी, रामू को अब कमला कि शादी कि चिंता भी हो रही थी लेकिन अब उसके पास रानी कि शादी जैसी शादी करने कि हैसियत नहीं थी समाज के बड़े बड़े परिवार से कमला के लिए रिश्तो कि बात आ रही थी लेकिन कमला सब कुछ समझ रही थी इसलिए वह शादी के लिए मना कर रही थी, एक दिन एक सामान्य परिवार से कमला के लिए रिश्ता आया, रामू ने अपने घर पर बात करी तो कमला ने शादी के लिए साफ साफ मना कर दिया, लेकिन लड़के ने कमला से एक बार बात करने को कहा, रामू ना चाह कर भी दोनों कि मुलाकात के लिए अपनी रजामंदी दे देता है, नियत दिन जब कमला उस लड़के से मिलती है तो वह उसे पहचान जाती ही कॉलेज में दोनों साथ ही थे, कमला उसे अपने परिवार कि बात उसे बताती है और कहती है कि अपने पिताजी पर और कर्जा बढ़ाना नहीं चाहती, इस पर वह लड़का कमला से कहता है मै सब कुछ जनता हूँ और केवल परिवार के सदस्यों कि उपस्थिति में मंदिर में शादी करने को कहता है और साथ ही कहता है मुझे और मेरे परिवार को कुछ नहीं चाहिए मेरा घर छोटा जरुर है लेकिन हमारी आवश्यकता कि सभी वस्तुए उपलब्ध है, तुम अपने पिताजी के कार्य में भी मदद कर सकती हो, मुझे और मेरे परिवार को इसमें कोई आपत्ति नहीं है, मै तो तुम्हे कालेज के समय से पसंद करने लगा था लेकिन मेरी नौकरी अभी लगी तो मैंने पहले पाने परिवार से बात करी और जब उन्होंने सहमती दी तब रिश्ते कि बात चलाई, अब तुम चाहो तो मेरी जीवन साथी बन सकती हो.



- तपन जिंदल, इंदौर

### लोकसभा जैसी हालत बिहार विधानसभा चुनाव में न हो जाए

# लालू यादव को लेकर सशंकित है कांग्रेस

पटना

**बिहार विधानसभा चुनाव में अभी करीब सात महीने का समय है, लेकिन राजनीतिक आयोजन शुरू हो गए हैं। देश के गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह बिहार आकर लौट चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने बिहार आ रहे हैं। लेकिन, उससे पहले 7 मार्च को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार आने वाले हैं।**

कांग्रेस जिले-जिले तक राहुल गांधी के दौरे के लिए भीड़ जुटाने में जुटी हुई है। इस बीच शनिवार को बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने दिल्ली एम्स में जाकर राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से उनका हालचाल लिया। वह भले भलमनसाहत लिए गए हों, लेकिन बिहार की राजनीति और लालू प्रसाद को ठीक से जानने वाले कांग्रेसी राजद अध्यक्ष को लेकर बुरी तरह सशंकित हैं।

### तेजस्वी यादव में छूटे थे पसीने, लालू तो टेढ़ी खीर

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में जनता दल यूनाईटेड और भारतीय जनता पार्टी के बीच बड़ा भाई-छोटा भाई की लड़ाई का मजा लेने वाले महागठबंधन के दोनों प्रमुख दलों कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल को पता है कि यहां कौन बड़ा है। बीच में कांग्रेस ने तेवर दिखाने की कोशिश की थी, लेकिन फिर जगह पर आ गई। कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग तरह से बोलकर स्वीकार कर लिया कि बिहार में राजद ही बड़ा है। खैर, परेशानी यहां थी भी नहीं। परेशानी यह है कि कांग्रेस के लिए तेजस्वी यादव छोटी परेशानी और लालू प्रसाद तो बाकायदा टेढ़ी खीर हैं। जब 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्षी दलों का जुटान हुआ था, तब कांग्रेस को तत्कालीन महागठबंधन सरकार में दो और मंत्रीपद चाहिए था। तब महागठबंधन के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस को तेजस्वी यादव से डील करने के लिए छोड़ दिया। सरकार चली गई, लेकिन कांग्रेस तेजस्वी यादव को मैनेज नहीं कर सकी। फिर लोकसभा चुनाव के पहले महागठबंधन से जनता दल यूनाईटेड अलग हो गया। लोकसभा चुनाव में नामांकन की तारीख आ गई, लेकिन कांग्रेस लालू प्रसाद यादव से डील नहीं कर सकी।



### लालू यादव रौ में रहे तो लोकसभा चुनाव वाला डर

बिहार में जब लालू प्रसाद यादव सत्ता में आए थे, तभी से कांग्रेस की भूमिका लगातार सिमटती गई। मुख्यमंत्री राबड़ी देवी थीं, तब भी कांग्रेस को लालू ने नियंत्रित किए रखा था। लेकिन, अब तो लंबे समय से कांग्रेस लालू के इशारे पर ही चलने को मजबूर है। कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार के आने के पहले अखिलेश प्रसाद सिंह थे तो यह बात और ज्यादा जोर से कही जाती थी। नए अध्यक्ष की लालू के सामने क्या चल सकेगी, यह भविष्य के गर्त में है। फिलहाल लोकसभा चुनाव 2024 वाला डर कमोबेश सभी कांग्रेसियों को याद आ रहा है। दिल्ली में कांग्रेस राजद और वामदलों के साथ बिहार की लोकसभा सीटों के बंटवारे की चर्चा ही करती रही थी, इधर लालू ने अपने प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न बांटना शुरू कर दिया था।

### सीट बंटवारे से पहले कांग्रेस की दावेदारी निबटा दी थी

लालू प्रसाद यादव ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और वामदलों से सीट बंटवारे के पहले ही अपने प्रत्याशियों को सिम्बल देना शुरू कर दिया था। कांग्रेस में तब नए-नए शामिल हुए राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव पूर्णिया लोकसभा सीट पर तैयारी करते ही रह गए थे और जदयू से इस्तीफा देकर आईं राज्य की पूर्व मंत्री बीमा भारती ने लालू के घर आकर इस सीट पर राजद का सिम्बल ले लिया। यह खबर खूब चर्चा में इसलिए भी रही कि कांग्रेस चाहकर भी पप्पू यादव के साथ नजर नहीं आई, हालांकि निर्दलीय उतर कर भी वह जीत गए। यह तो बाद के चुनावी चरण का मसला था। इसके पहले, शुरुआती चरण में भी जब सीट शेयरिंग का मामला दिल्ली में घूम रहा था।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की अपील भी गई बेकार, नाम आते रहे

कांग्रेस से डील हुए बगैर ही उजियारपुर से आलोक मेहता, जहानाबाद से सुरेंद्र यादव, महाराजगंज से रणधीर सिंह, बक्सर से सुधाकर सिंह, सारण से रोहिणी आचार्या, पाटलिपुत्र से मीसा भारती, बांका से जय प्रकाश नारायण यादव, मुंगेर से कुमारी अनिता आदि का नाम घोषित कर दिया गया था। कई ने खुद ही सिम्बल मिलने की जानकारी दी थी। हालत यह थी कि तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को ऐसे कई नामों और तस्वीरों को देखने के बाद राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के पास जाकर अपील करनी पड़ी थी कि ऐसा नहीं करें, हालांकि उससे कोई अंतर नहीं पड़ा था। कांग्रेस सिर्फ महागठबंधन के लिए यह अच्छा नहीं है बोलने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकी थी।

### दिल्ली में राहुल गांधी के सामने इशारों में आई बात

कोर्ट में विचाराधीन कुछ मामलों में प्रगति के बीच लालू प्रसाद यादव को कंधे-हाथ पर जख्म, शुगर, बीपी आदि की परेशानी के साथ पटना से दिल्ली ले जाकर एम्स में भर्ती कराया गया है। वह अभी वहीं हैं। क्रिटिकल केयर यूनिट में रहते हुए भी उनका सोशल मीडिया हैंडल एक्टिव रहा और वक्फ बिल को लेकर उनकी तीखी प्रतिक्रिया आई तो बिहार के कांग्रेसियों को लोकसभा चुनाव याद आ गया। यह ऐसा डर है, जिसपर अभी कोई खुलकर बात नहीं कर रहा। हालांकि, दिल्ली में बिहार के 40 संगठन जिलो के अध्यक्ष-कार्यकारी अध्यक्ष की बैठक में राहुल गांधी के सामने यह डर इशारों जरूर सामने आया। कई जिलाध्यक्षों ने कहा कि कांग्रेस जहां से चुनाव लड़ेगी, उसकी जानकारी जल्दी दे दी जाए। दरअसल, इस बात ने लोकसभा चुनाव की याद दिला दी जब कांग्रेस देखती रह गई और लालू ने अपने हिसाब से सीटों पर राजद प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए सिम्बल दे दिया था।

### उद्धव ठाकरे ने लगाया आरोप

# वक्फ के बाद भाजपा की नजर ईसाई, जैन, बौद्ध और हिंदू मंदिरों की जमीन पर

मुंबई

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को आरोप लगाया कि वक्फ कानून लागू करने के बाद भाजपा अब अपने मित्रों के लिए ईसाइयों, जैनियों, बौद्धों और यहां तक कि हिंदू मंदिरों की जमीन पर नजर गड़ाए हुए है। उद्धव ठाकरे ने अपने पूर्व सहयोगी भाजपा को सलाह दी कि वह भगवान राम की तरह व्यवहार करे। उन्होंने कहा, वक्फ कानून के बाद अगला कदम ईसाइयों, जैनियों, बौद्धों और यहां तक कि हिंदू मंदिरों की जमीन पर नजर रखना होगा। वे अपने मित्रों को प्रमुख भूमि देंगे। उन्हें किसी भी



समुदाय से कोई प्यार नहीं है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी, जिसे इस सप्ताह की शुरुआत में संसद ने पारित किया था। सरकार का कहना है कि यह कानून देश में मुस्लिम धार्मिक बंदोबस्त से संबंधित सुधारों की शुरुआत करेगा।

उद्धव ठाकरे ने ऑर्गनाइजर के लेख का हवाला देते हुए कहा कि, उन्होंने इसे सार्वजनिक कर दिया है और सभी को अपनी आंखें खोल लेनी चाहिए। ऐसा लगता है कि यह लेख अब अप्रकाशित हो गया है। शिवसेना यूबीटी सुप्रीमो से जब पूछा गया कि क्या सेना (यूबीटी) अन्य विपक्षी दलों की तरह वक्फ विधेयक को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाएगी, तो उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया। वहीं एनसीपी (सपा) नेता जितेंद्र आव्हाड ने भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में छपे एक लेख का हवाला देते हुए इसी तरह का आरोप लगाया।

### जमीन दबाने वाले वक्फ विधेयक के विरोधी : मंत्री अनिल विज

**अंबाला।** वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का विरोध दो तरह के लोग कर रहे हैं। एक जिन्होंने जमीनें दबा रखी हैं और दूसरा जिन्हें कानून की समझ नहीं है कि आखिर कानून में बदलाव क्या हुआ है। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने शनिवार को जानकारी दी।

असदुद्दीन ओवैसी की ओर से विधेयक पर सवाल उठाने की बात पर कैबिनेट मंत्री विज ने कहा कि ओवैसी भाई जान मानसिक संतुलन खो चुके हैं। यह विधेयक संसद में कानून के हिसाब से हुआ है। सभी कानून लोकसभा बनाती है। इसमें सभी को बोलने का अवसर दिया जाता है। इसे न मानना भी संसद की अवमानना है।

हरियाणा में बस अड्डों पर सोलर पावर लगाने के निर्देश परिवहन मंत्री अनिल विज ने दिए हैं। उन्होंने सोलर पैनल लगाने के लिए कहा है जोकि हम बिजली का उत्पादन भी कर सकें। इलेक्ट्रिक बसों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसके लिए बस अड्डों पर चार्जिंग स्टेशन भी होने चाहिए। अंबाला कैंट में बस स्टैंड पर भी ऐसा चार्जिंग स्टेशन बनेगा।

### दिल्ली के स्कूलों में रोहिंग्या के बच्चों को मिला दाखिल : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल झा ने कहा कि करावल नगर में दिल्ली सरकार के स्कूलों में करीब दस रोहिंग्या स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया गया है। हमारे पास इसकी पुख्ता जानकारी और सबूत हैं। वहां से विधायक जो मंत्री भी हैं, वे बताएं कि इन अवैध विदेशियों को क्यों एडमिशन दिया गया है।

उन्होंने कहा, करावल नगर के एक स्कूल में भारतीय बच्चों का हक मारकर 10 रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी रोहिंग्या को ईडब्ल्यूएस फ्लैट में बसाने की बात कह चुके हैं। भाजपा को भारत के गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों की चिंता नहीं है, उन्हें केवल रोहिंग्याओं की चिंता है। देश की सभी सेनाएं, सुरक्षा और खुफिया एजेंसी केंद्र सरकार की हैं लेकिन इसके बावजूद हजारों की संख्या में रोहिंग्या दिल्ली-एनसीआर में रह रहे हैं। दिल्ली में हज़ारों लोग बेघर हैं लेकिन केंद्र सरकार रोहिंग्या को फ्लैट्स देने की बात कह रही है। अब दिल्ली सरकार के स्कूलों में रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है। आप विधायक ने कहा कि अपनी दोहरी नीतियों के कारण केंद्र सरकार, दिल्ली और देश को अस्थिर कर रही है। दिल्ली में रह रहे जो हमारे बच्चे हैं, भाजपा सरकार में उनके हक को मारकर रोहिंग्या घुसपैठियों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदू राष्ट्र घोषित होने की ओर है देश: सांसद

**दरभंगा, ( हि.स. )।** चैत्र शुक्ल नवमी की शुभ तिथि पर जहां एक ओर देश भर में रामनवमी की धूम रही, वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी का 70वां स्थापना दिवस भी आज पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। दरभंगा में रामनवमी और पार्टी स्थापना दिवस का संगम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए खास उत्साह का कारण बना। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित इस समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता और बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडोत्तोलन से हुई और हर बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने हिंदू राष्ट्र को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि आज के दिन भाजपा स्थापना दिवस के साथ रामनवमी के शुभ संकेत से दिख रहा है कि हमारा राष्ट्र हिंदू राष्ट्र घोषित होने की ओर अग्रसर हो रहा है। बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि स्थापना दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी के 2047 में विकसित देश बनने के सपने को लेकर कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भी भाजपा ने 200 सीटें पार करने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए संगठन पूरी तरह से तैयार है।

**स्थापना दिवस को बनाया गया यादगार :** दरभंगा जिले के पार्टी कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक, विधानपार्षद, सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हर बूथ स्तर पर भी झंडोत्तोलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और संवाद सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और आगामी लक्ष्यों से अवगत कराया गया।

### पिसावां मामले में धरने पर बैठे सांसद भदौरिया

**पटना, ( हि.स. )।** पिसावां के विभरापुर गांव में आंबेडकर व बुद्ध प्रतिमा हटाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। रविवार को सपा सांसद आनंद भदौरिया व पूर्व विधायक अनूप गुप्ता गांव पहुंचे। सपा के अन्य नेताओं के साथ धरने पर बैठ गए । गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है। सांसद आनंद भदौरिया ने कहा कि आखिर कानून पर ऐसा कौन संकट था जिसके चलते आंबेडकर की प्रतिमा बुल्डोज करनी पड़ी। वहीं, इस मामले में भीम युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी पिसावां पहुंचे । बता दें कि विभरापुर गांव में शनिवार को एसडीएम पुलिस बल के साथ आंबेडकर व गौतम बुद्ध की मूर्तियां हटवाने गए थे। यह मुर्तियां पंचायत भवन के ठीक सामने सरकारी जमीन पर रखी थीं। स्थानीय प्रशासन उसे हटवाने गया। मूर्तियां हटाकर लौट रहे एसडीएम व पुलिस के काफिले पर पीछे से ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इसमें पुलिस की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। सात पुलिसकर्मियों को चोट आई है। अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाकर स्थानीय प्रशासन दोबारा गांव में घुसा और पांच लोगों को हिरासत में लिया। वहीं, कुल 14 नामजद व 100 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। सात लोग गिरफ्तार हैं।

### वक्फ विधेयक बना कानून : सरकार के फैसले के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करेगा एआईएमपीएलबी

**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** संसद के दोनों सदनों में मैराथन चर्चा के बाद यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट एंपावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट विधेयक (उम्मीद) 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून बन गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस विधेयक को शनिवार देर रात अपनी मंजूरी दे दी। इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित कर दिया। इस विधेयक को लोकसभा ने 3 अप्रैल और राज्यसभा ने चार अप्रैल को पारित किया था। उधर, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने इसका विरोध किया है। एआईएमपीएलबी ने कहा है कि वह सभी धार्मिक, समुदाय-आधारित और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय करके वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करेगा। एआईएमपीएलबी का कहना है कि उनका यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि कानून पूरी तरह से निरस्त नहीं हो जाता। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने कहा कि कुछ दलों द्वारा भाजपा के सांप्रदायिक एजेंडे को दिए गए समर्थन ने उनके तथाकथित धर्मनिरपेक्ष मुखौटे को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। एक बयान में एआईएमपीएलबी ने इस बात पर जोर दिया कि वह सभी धार्मिक, समुदाय-आधारित और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय करके इन संशोधनों के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करेगा और यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि संशोधन पूरी तरह से निरस्त नहीं हो जाते।

### भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर मनाया स्थापना दिवस

# नड्डा बोले : राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है पार्टी

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। आज के दिन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालयों और जिला-ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में पार्टी का झंडा फहराकर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है और यही कारण है कि आज वह राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ देश के दर्जनों राज्यों में सत्ता में है।

दिल्ली में पार्टी की 98 वर्षीय वरिष्ठ



कार्यकर्ता शकुंतला आर्या से जेपी नड्डा ने उनके आवास पर जाकर मुलाक़ात की और उनके निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया। नड्डा ने कहा कि ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार रहे हैं। पार्टी आज जो कुछ भी है, वह इन्हीं कार्यकर्ताओं की बदौलत है। उनके साथ इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री और अन्य कार्यकर्ता रहे।

# श्रीराम शोभायात्रा में गदा थामे जयघोष करते दिखे केंद्रीय मंत्री

मुजफ्फरपुर

**रामनवमी पर्व पर रविवार को मुजफ्फरपुर की धरती राममय हो गई। भक्ति, उमंग और आस्था से ओतप्रोत माहौल में निकली विराट शोभायात्रा में राम के हजारों अनुयायियों की सहभागिता देखी गई। जुलूस में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने हाथों में गदा थामकर जय श्रीराम के नारे लगाए। इस दौरान पूरा माहौल प्रभु भक्ति से सराबोर दिखा।**

शहर के सिकंदरपुर से जब रामनवमी की शोभायात्रा निकली, तो उसमें शामिल होने पहुंचे केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद और केदार प्रसाद गुप्ता पारंपरिक अंदाज में नजर आए। दोनों नेताओं ने बजरंग बली की गदा थामी और 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ जुलूस का नेतृत्व किया। राम के अनुयायियों ने मंत्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ सेल्फी लेते हुए उनके साथ जयघोष में शामिल हो गए।

राजभूषण चौधरी निषाद ने इस अवसर पर कहा कि श्रीराम हमारे देश की संस्कृति और पहचान के प्रतीक हैं। रामनवमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि राष्ट्र की आत्मा से जुड़ा आयोजन है। उन्होंने कहा कि भारत प्रभु श्रीराम के बिना अधूरा है।



### 'प्रभु श्रीराम को आत्मसात करें'

पंचायती राज विभाग के पूर्व मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि श्रीराम को अपने भीतर समाहित करना और उनके आदर्शों पर चलना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को श्रीराम से प्रेरणा लेने का संदेश देते हुए कहा कि जब हर युवा श्रीराम के आदर्शों को अपनाएगा, तभी देश मजबूत होगा। उन्होंने आगे कहा रामनवमी केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। मुझे गर्व है कि मैं इस आयोजन का हिस्सा बना।

# कांग्रेस नेताओं पर वक्फ भूमि कब्जाने का आरोप

मुंबई

शिवसेना नेता निरुपम ने मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के पास 90,000 एकड़ में फैली 23,000 संपत्तियां हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इन संपत्तियों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करनी चाहिए, ताकि यह पता लग सके कि इन संपत्तियों की स्थिति क्या है और वक्फ के नाम पर इन संपत्तियों पर किसने कब्जा किया हुआ है।

संजय निरुपम ने कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने वक्फ भूमि को बड़े पैमाने पर कब्जा रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा मुस्लिम समुदाय को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल



किया है। साथ ही उनमें भाजपा और हिंदुत्व में विश्वास रखने वाले संगठनों के बारे में डर पैदा किया है। संजय निरुपम ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दोनों नेताओं ने लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा में इसलिए हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि वह इस

### मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा गुंडागर्दी करना गलत

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बैंकों में मराठी बोलने को लेकर चल रहे आंदोलन को स्थगित करने का आह्वान किया है। इस मामले पर जब निरुपम से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सभी को मराठी का सम्मान करना चाहिए। राज्य में संचार के लिए मराठी भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। निरुपम ने कहा, मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा गुंडागर्दी करना गलता है। हमने राज्य सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की थी। क्या बैंक कर्मचारियों को थप्पड़ मारने से सभी लोग मराठी में बातचीत करने लगेंगे? ये तरीका गलत है।

# प्रकाश और वृंदा करात छोड़ेंगे अपने पद, नए महासचिव का ऐलान

नई दिल्ली

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी सीपीएम के भीतर कुछ बड़े बदलाव हुए हैं। पार्टी के पोलित ब्यूरो में 8 नए सदस्यों को शामिल किया गया है जबकि प्रकाश करात, वृंदा करात और माणिक सरकार जैसे सीनियर नेता अपने पद से हट रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस ने यह जानकारी पार्टी सूत्रों के हवाले से दी। पोलित ब्यूरो के नए सदस्यों में यू वासुकी, विजू कृष्णन, मरियम धावले, श्रीदीप भट्टाचार्य, अमरा राम और के बालकृष्णन शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो पोलित ब्यूरो से हटने




के बाद प्रकाश करात, बृंदा करात और माणिक सरकार को पार्टी की सेंट्रल कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया जाएगा।

इस बीच, केरल के पूर्व मंत्री एमए बेबी को सीपीआई के 24वें अधिवेशन में पार्टी का महासचिव चुना गया है। पार्टी नेताओं के एक वर्ग ने इस पद के लिए ऑल इंडिया किसान सभा के अध्यक्ष अशोक धावले का समर्थन किया था। साल 1954 में केरल के प्रक्कुलम में पीएम अलेक्जेंडर और लिली अलेक्जेंडर के घर एमए बेबी का जन्म हुआ। वह स्कूल के दिनों में ही केरल स्टूडेंट्स फेडरेशन में शामिल हो गए थे। केरल स्टूडेंट्स फेडरेशन का नाम बाद में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कर दिया गया था। वह 1986 से 1998 तक राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

### पीओके को मिलाना केंद्र सरकार का काम

# पाकिस्तान की जनता में अविश्वास चरम पर: एलजी सिन्हा



जम्मू

**उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल अपने चरम पर है। रही बात पीओके कि तो उसे देश में मिलाने का फैसला भारत सरकार को करना है। उपराज्यपाल ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में ये बातें कहीं। तबादलों पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से प्रतिक्रिया को लेकर कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को सोच समझकर बोलना चाहिए।**

उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल बना हुआ है। दूसरी तरफ यहां पीओके है, वहां पर जनता जब हमको देखती है तो कहती है कि जो हिस्सा मोदी के पास है वहां पर सड़कें हैं, अस्पताल हैं और डाक्टर हैं। जबकि यहां हमारे यहां गेहूं व आटे के लिए लाइन लग रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान एक विफल राज्य है। पाकिस्तान कई समस्याओं चाहे बलूच का हो या पड़ोस का मसला हो, इससे जूझ रहा है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने बयान में कहा कि कटड़ा से श्रीनगर वंदेभारत रेल सेवा का शुभारंभ संभवतः अप्रैल के तीसरे सप्ताह में 19 या 20 अप्रैल तक होने की संभावना है। इसमें कोई संशय नहीं है। पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बयान मे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पूर्व में भी प्रधानमंत्री व गृहमंत्री इसको लेकर स्पष्ट कर चुके हैं कि सही समय आने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर आए थे तब भी यही बात उन्होंने कही थी। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए। लोगों को इंतजार करना चाहिए।

जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जब वह सात अगस्त 2019 को यहां आए थे, तब से लेकर अब तक काफी कुछ बदल चुका है।

### आतंकवादका पूरी तरह सफाया करने में होंगे कामयाब

उपराज्यपाल ने कहा कि यह सच है कि बीते 15-16 वर्षों से जम्मू में शांति थी। स्वाभाविक रूप से सभी का ध्यान कश्मीर पर रहा। बीते दो-ढाई वर्षों से जम्मू में प्रयास किए जा रहे थे। अब ऊंचाई वाले स्थानों पर सुरक्षाबलों के जवान तैनात किए गए हैं और ये आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने में कामयाब होंगे। जम्मू के लोग आतंकवाद को न तो प्रश्रय देते हैं और न ही इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। हम निश्चित तौर पर आतंकवाद पर यहां भी विजय प्राप्त करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के धारा 370 हटाए जाने के उस बयान पर कहा कि सार्वजनिक समारोहों में राष्ट्रगान का कार्यक्रम शुरू किया था। यह इतना प्रचलित हुआ कि तिरंगे कम पड़ने लगे। यह कहना गलत है कि कोई जम्मू कश्मीर में तिरंगा उठाने वाला नहीं रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उज्जैन के समीप एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग, हादसे में किसी यात्री को नुकसान नहीं

**उज्जैन, निप्र।** रविवार शाम उज्जैन समीप एक एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन के एसएलआर (जनरेटर डिब्बे) में लगी। धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई। हालाँकि इस हादसे में किसी भी यात्री को नुकसान नहीं हुआ है। ट्रेन में हुए हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कुछ लोग ट्रेन के कोच के कांच फोड़ कर और पानी डालते दिखाई दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को उज्जैन के समीप तराना में बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस (20846) ट्रेन में आग लग गई। हालाँकि इस हादसे में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग पर भी कुछ ही दें में काबू पा लिया गया और ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। आग पर काबू पाने के बाद उज्जैन रेलवे स्टेशन से पावर कोच मंगाया गया। इसके बाद शाम को ही ट्रेन को भोपाल के लिए रवाना किया।

### श्री सांवलिया सेठ की भव्य भजन संध्या आज

**नागदा जं. निप्र।** श्री सांवलिया सेठ भक्त मंडल के तत्वावधान में नागदा पुराने बस स्टेण्ड पर भव्य भजन संध्या का आयोजन आज दि. 7 अप्रेल 2025 सोमवार को सायं 7.30 बजे होगा। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा एवं प्रेमशंकर जाट द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी जावेगी। श्री सांवलिया सेठ भक्त मण्डल के अध्यक्ष दिनेश सेठिया ने बताया कि भजन संध्या में श्री सांवलिया सेठ का आकर्षक श्रृंगार किया जायेगा जिसमें उन्हें भव्य पोशाख धारण कराई जायेगी तथा फुलो से व आकर्षक विद्युत सज्जा से मंच सजाया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील कार्यक्रम संयोजक शिवराज माली, सागर भनोपिया, लक्की परमार, शुभमसिंह झाला, तन्मय कुमावत, विशेष तिवारी, अंकित मावर, श्याम प्रजापत, मुकेश पाटीदार, गोपाल तिवारी, राजेश शेजवार, मनोहर जायसवाल, राहुल शर्मा, यश मीणा, वत्सल रघुवंशी सहित भक्त मंडल के कार्यकर्ताओं ने की है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में क्षीरसागर की सफाई

**उज्जैन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शनिवार को प्रात: 8ः00 बजे सप्तसागरों में से एक सागर क्षीरसागर कुंड की साफ सफाई का कार्य विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा श्रमदान कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, अपर आयुक्त संदीप शिवा, सामाजिक संगठन, सदस्य गण, एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बहुत सुंदर सलोने से हमारे राम प्यारे हैं : डॉ. रामप्रकाश तिवारी



**उज्जैन, निप्र।** रूपांतरण दशहरा मैदान पर गज़लांजलि साहित्यिक मंच की काव्य-गोष्ठी आयोजित हुई। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में अवधेश वर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता पर कविता श्री भगवद्गीता पढ़कर ही, जीवन में बदलाव किया है, विश्वास करे ना कोई भले ही, सदा कर्म से जुड़ाव किया है पढ़ी। विनोद काबरा ने अहं का मन दाह करके पूर्ण अंतिम चाह करके, ज़िन्दगी खिलखिला उठी है रचना का पाठ किया। आज नहीं तो कल होगा निश्चित मीठा फल होगा, सुन्दर विश्व पटल होगा, सत्य सनातन सफल होगा कविता प्रफुल्ल शुक्ला सरकार द्वारा पढ़ी गयी। जल संरक्षण की ओर ध्यान ले जाती रचना बोल नदी बोल तेरा पानी कहाँ गया अक्षय चवरे ने पढ़ी। ग़ज़ल तमन्ना मिट गई अब तो कोई चाहत नहीं बाक़ी, रौनकें-बज़्म-ओ-मयक़शी में भी राहत नहीं बाक़ी विजयसिंह साकित ने पढ़कर वाहवाही पायी। मायूस ज़िन्दगी हमें तू कर ना पायेगी, है देखना बस यही कितना आज़मायेगी ग़ज़ल डॉ. अखिलेश चौरे ने पढ़ी। काव्य-गोष्ठी के अंतिम चरण में डॉ. रामप्रकाश तिवारी ने बहुत सुन्दर सलोने से हमारे राम प्यारे हैं, तिलक मस्तक सुशोभित है, शीश मुकुट धारे हैं श्रीराम भक्ति का सुन्दर गीत पढ़ा। आशीष अश्क ने भी भगवान् राम पर केन्द्रित रचना राम से चलती हवा है, राम से है जल तरल, राम सही सूर्य तपता है, राम से है धरती अटल पढ़ी। अंतिम रचना पाठ दिलीप जैन द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में सुश्री मेनका को उनको पी-एच डी अवार्ड होने पर सम्मानित किया गया।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यालय में फहराया पार्टी का ध्वज

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को भाजपा कार्यालय सहित नगर के सभी 560 बुथों पर हर्षोउल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का झंडा फहराया। इसके पश्चात जुलूस के रूप में सभी कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ टॉवर चौक पर पंहुचे।

यंहा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई प्रेषित कर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल व भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार भाजपा के स्थापना दिवस पर अतिथियो ने भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कर कर्तकर्ताओं को संबोधित कर बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीति दल है जो भारत को एक सदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी व लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भाजपा पार्टी ने

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी




कई उतार चढ़ाव देखे व कार्यकर्ताओं की मेहनत व शीर्ष नेतृत्व के कुशल नेतृत्व के चलते आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में विद्यमान है।

उन्हेंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ा है व भारत एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र की श्रेणी में निरंतर अग्रसर है। भाजपा हि एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए नही बल्कि देश सेवा के लिए प्रतिबद्ध है ओर आज प्रदेश तथा केंद्र की भाजपा सरकारो द्वारा कई जनहितैषी योजनाए चलाकर जरूरतमंदों तक लाभ पहुचाया जा रहा है तथा देश व प्रदेश निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहे है।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन है। जनसंघ के बाद 1980 में 6 अप्रैल को ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। मुंबई में पार्टी के पहले अधिवेशन को संबोधित करते हुए स्व. अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में स्व. अटलजी का यह सपना साकार हो रहा है। देश के हर क्षेत्र में कमल खिला है। पंच-सरपंच से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक भाजपा के नेता हैं। करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गई है।

निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय का जो विचार पार्टी को दिया था, उसे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी यथार्थ में बदल रहे हैं। एक गरीब मां के बेटे प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव आया है। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी कार्यकर्ता ये संकल्प लें कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के कल्याण लिए जो अभियान चल रहा है, उसे आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होकर काम करेंगे।

इस अवसर पर डॉ सत्यनारायण जटिया, महापौर मुकेश टटवाल, वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल, वरिष्ठ नेता रूप पमनानी ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जगदीश अग्रवाल, अशोक प्रजापति, ओम जैन, सत्यनारायण खोईवाल, विशाल राजोरिया, जगदीश पांचाल, मुकेश यादव, आनंदसिंह खींची, दिनेश जाटवा, राकेश पंड्या, मोहन जैसवाल, प्रियंका सेंगर, जयवर्धन सिंह कुशवाह, अमय आप्टे सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वस्थ शुरुआत आशाजनक भविष्य आयुर्वेद के द्वारा

विनय उजाला





**उज्जैन, निप्र।** प्रति वर्ष दुनिया भर में 7 अप्रैल के दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। 7 अप्रैल 1948 के दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ ही विश्व स्वास्थ्य दिवस की भी नींव रखी गई। तब से प्रतिवर्ष 7 अप्रैल के दिन विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में सुधार करना और वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों पर ध्यान बढ़ाना है। इसके लिए हर साल अलग-अलग थीम तय की जाती है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम है स्वस्थ शुरुआत आशाजनक भविष्य (Healthy beginnings,Hopeful Futures)। यह थीम माता और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है।

इसका उद्देश्य गर्भावस्था, डिलीवरी और पोस्टपार्टम सूतिका अवस्था के समय उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की जरूरतों पर जोर देना है ताकि माता और नवजात मृत्यु दर (Maternal and Neonatal mortality) को कम किया जा सके।

आयुर्वेद के अनुसार गर्भ पंच महाभूतों का विकार एवं चेतना का आश्रय भूत होता है। जिस प्रकार रथ के अनेक अंगों के समुदाय से रथ बनता है उसी प्रकार यह गर्भ भी समुदाय प्रभवहै। आचार्य कहते हैं कि गर्भ मातृज, पितृज, आत्मज, सात्म्यज, सत्वज, रसज छ भावों युक्त होता है। आयुर्वेद में उत्तम गुणवान, तेजस्वी, मेधावी संतान प्राप्ति के लिए एंद्री, ब्राह्मी, अमोघा, शत्वीर्य, सहस्त्रवीर्या, अव्यथा, शिवा, बला, अरिष्टा, वात्यपुष्पी, विश्वकसेन इन औषधियों को चिकित्सक के परामर्श के अनुसार शिर या दक्षिण हाथ में धारण करने पर गर्भ की स्थापना होती है। उत्तम गर्भिणी चर्या पालन से उपद्रव रहित सामान्य प्रसव होता है। सूतिका अवस्था में शरीर की सभी धातुओं के क्षीण होने से सूतिका का शरीर विशेषकर शून्य हो जाता है इसलिए विधि पूर्वक औषधीय द्रव्यों से स्नान, अवगाहन, जल से सिद्ध अन्नपान का प्रयोग कराना चाहिए। इस प्रकार आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से मातृ मृत्यु दर ,शिशु मृत्यु दर को आसानी से कम किया जा सकता है। निश्चित रूप से समाज और देश मेंआयुर्वेद के द्वारा स्वस्थ शुरुआत आशा जनक भविष्य की थीम के अंतर्गत उत्तम भविष्य की संकल्पना अवश्यंभावी है।




### लायंस क्लब नागदा और लायंस क्लब नागदा ग्रेटर ने किया प्याऊ का शुभारंभ

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** लायंस क्लब नागदा एवं लायंस क्लब नागदा ग्रेटर द्वारा संयुक्त रूप से स्वर्गीय भंवरलाल रोशन देवी दलाल की स्मृति में प्याऊ का शुभारंभ रविवार रामनवमी पर माहेश्वरी धर्मशाला गेट, जवाहर मार्ग पर किया। कार्यक्रम संयोजक लायन निर्मल जैन ने बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब नागदा अध्यक्ष लायन विरेन्द्र मालपानी एवं लायंस क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष लायन अशोक बिसानी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन मनीष शाह एवं झोंन चेयरपर्सन लता अग्रवाल ने शिरकत की।

इस अवसर पर लायंस क्लब के पंकज मारू, सतीश बजाज, हरीश तिवारी, चंद्रशेखर जैन, अजय गरवाल, बसंत मालपानी, सतीश जैन, सुनील त्रिवेदी, मुकेश राठौड़, आर के यादव, झमक राठी, राजेश इंद्र, पी डी शुक्ला, प्रतीक माहेश्वरी, आनंदीलाल गगरानी, बब्बू राठी, जया राठी, एन के मिश्रा, घनश्याम राठी, अविनाश गनेरीवाल, संतोष कोलन, अशोक सकलेचा, आनंद पोरवाल, चितवन मालपानी, शुभम सकलेचा, चेतन नामदेव आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन लायन विनयराज शर्मा ने किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअल शामिल हुए



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले में आयोजित सेन समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 36 नवदम्पत्तियों को शुभकामनाएँ दी और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को नर्मदापुरम से सेन समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए और आयोजकों को सफल सम्मेलन की बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर-वधु को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

## रेलवे स्टेशन परिसर में किया प्याऊ का शुभारंभ



विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** रामनवी के शुभ अवसर पर रविवार को राजस्थान युवा मंच द्वारा रेल्वे स्टेशन नागदा परिसर में प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। प्याऊ के माध्यम से गर्मी में सभी आने जाने वाले यात्रियों को नि:शुल्क ठंडा जल पिलाया जायेगा। इस अवसर पर विजेन्द्र बुगालिया, सुरेश सिंह चौहान, गंगाधर जांगीड़, राजुसिंह शेखावत, ताराचन्द कटारिया, अरूण पोद्दार, सरबजीतसिंह, सुरेन्द्र शर्मा, नन्दुसिंह राठौड़, गोपीराम, कैलाश लहासे, कमलेश मल्लाह सहित मंच के सदस्यगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक शेखावत के नेतृत्व में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज पूर्व विधायक दिल्ली सिंह शेखावत के निवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में इकट्ठे होकर पंडित दीनदयाल और श्यामा प्रसाद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए शेखावत ने सन 1980 से लेकर अभी तक के भारतीय जनता पार्टी के सफर का गुणगान कार्यकर्ताओं के बीच में किया साथी उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को आने वाले समय में कैसे मजबूत किया जाए इस पर प्रकाश डाला। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जी मालवीय ने भी कार्यकर्ता को संबोधित किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीनदयाल जी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऊपर पुष्प माला अर्पित कर सभी कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया उसके पश्चात नगर में वाहन रैली निकाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दीनदयाल विशंभर दयाल जी फैक्ट्री और क्षेत्र के अंदर जाकर साफ सफाई कर झाड़ू निकाली गई तथा सार्वजनिक अन्नक्षेत्र में दरिद्रनारायण को भोजन करवाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिलीप सिंह जी शेखावत, महेश व्यास, अशोक मालवीय, महेंद्र सिंह धोनी, रामचंद्र सिसोदिया, साहिल शर्मा, गोलू यादव, गोलू यादव, भूपेंद्र राणावत, अजय भुवासा, जीवन आंजना, दिनेश जाट, पंकज मखारिया, राकेश निषाद, हरीश अग्रवाल, नरेश यादव सतीश खेतवास शिव पोरवाल दीपेश शर्मा दिनेश अग्रवाल गोपाल पोरवाल रामलाल जी धाकड़ सिताराम परमार, राजेश गगरानी पूर्व जनपद अध्यक्ष रामलाल जी धाकड़ उपस्थित रहे।

### पहली बार शहर में पत्रकार संगठन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# भारतीय पत्रकार संघ और रोटरी क्लब की पहल पर शहर और ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

विनय उजाला




**नागदा जं. निप्र।** अरबिंदो हॉस्पिटल इंदौर की डॉ टीम द्वारा भारतीय पत्रकार संघ और रोटरी क्लब नागदा के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नागदा में किया गया जिस में सैकड़ों की संख्या में नगर और ग्रामीणों से आए लोगों ने लाभ लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई वहीं सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा की गई ,गणेश वंदना पर एक नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, मुख्य अतिथि अरबिंदो हॉस्पिटल के ष्टश्वह्र राजीव सिंह रहे जब की प्रमुख रूप से पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर,राजेश धाकड़ उज्जैन जिला ग्रामीण अध्यक्ष,पूर्व असंगठित कर्मकार मंडल अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत के साथ, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, रोटरी अध्यक्ष राजीव पाठक और AIJ अध्यक्ष राशिद खान, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष निलेश रघुवंशी मंचासिन रहे। अरबिंदो हॉस्पिटल के राजीव सिंह से कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय पत्रकार संघ द्वारा जो ये कदम रोटरी क्लब के साथ लिया वो प्रशंसनीय है, क्यों कि पत्रकार समाज का एक आइना होता है। वर्तमान में इस तरह पत्रकार संघ इस तरह का आयोजन करता है तो सराहनीय कार्य होता के क्यों इस तरह की गति विधि पत्रकारों द्वारा बहुत कम देखने को मिलती है। शायद ये नागदा में पहली बार किसी पत्रकार संघ द्वारा इस तरह का आयोजन किया गया है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण उज्जैन राजेश धाकड़ ने अपने विचार रखते हुए भारतीय पत्रकार संघ AIJ के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम करने पर प्रदेश अध्यक्ष राशिद खान को बधाई दी और कहा कि पत्रकारों द्वारा किया गया ये कार्य वाकई शहर की जनता के लिए एक सौगात है और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम भारतीय पत्रकार संघ AIJ और रोटरी क्लब नागदा संयुक्त रूप से करते रहेंगे जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्र की जनता को इस का लाभ मिलता रहेगा, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने अरबिंदो हॉस्पिटल की टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि अरबिंदो हॉस्पिटल से हमारा नाता बहुत पुराना रहा है,पूर्व कर्मकार मंडल अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत जी ने कहा कि अरबिंदो हॉस्पिटल के द्वारा यहां इस तरह एक डॉक्टरों की इतनी बड़ी टीम के साथ आना और इनकी बसों में इस तरह की तकनीक से लोगों का इलाज करना भी वाकई सराहनीय कार्य है उन्होंने भारतीय पत्रकार संघ AIJ को इस अनूठे कार्यक्रम की बधाई भी दी साथ ही अपने और से हॉस्पिटल स्टाफ को स्मृति चिन्ह स्वरूप नगर के प्रतिष्ठित बिरलामंदिर में विराजित भगवान विष्णु की तस्वीर भेंट की , कार्यक्रम में दिलीप गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगे भी इस तरह के सामाजिक हित के लिए कार्यक्रम की प्रेरणा दी उन्होंने सभी डॉ का आभार भी माना कि नागदा में आ कर उन्होंने ये सेवा दी,उन्होंने कहा कि जिस तरह की सुविधा अरबिंदो हॉस्पिटल में है वो बहुत उच्च गुणवत्ता वाली है,जहां पर मरीजों का इलाज सही किया जाता है। सिटी प्रेसक्लब अध्यक्ष निलेश रघुवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और भारतीय पत्रकार संघAIJ और रोटरी क्लब नागदा को इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम की शुभकामनाएं प्रेषित की, रोटरी क्लब नागदा अध्यक्ष राजीव पाठक ने लगातार इस तरह के सामाजिक कार्य करने का भी प्रण लिया वहीं भारतीय पत्रकार संघ AIJ मध्यप्रदेश अध्यक्ष राशिद खान ने बताया कि भारतीय पत्रकार संघAIJ मध्यप्रदेश में इसी तरह स्वास्थ को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए पूरे प्रदेश में इस तरह के शिविर आयोजित करेगा। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत ने कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए कहा कि ये अनूठा कार्यक्रम है मैने अपने जीवन में इतने स्वस्थ शिविर देखें है इस तरह की सभी सुविधाओं से युक्त बसों द्वारा जो इलाज किया जा रहा है वो काबिले तारीफ है पूर्व विधायक दिलीप शेखावत द्वारा सभी डॉक्टरों को सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का आभार कल्पेश शर्मा और धर्मेन्द्र गुप्ता द्वारा माना गया ।कार्यक्रम में भारतीय पत्रकार संघ AIJ के मध्य प्रदेश सचिव कृष्णकांत गुप्ता, प्रचारमंत्री आशीष सेन,विष्णु शर्मा, धर्मेन्द्र चौधरी, रविशंकर, लेखराज (बंटी) जटिया के साथ रोटरी क्लब के अनिल शर्मा,आशीष कुशवाह, मुकेश नागर के साथ अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नहीं थम रहा नरवई में आग लगने का सिलसिला, एक सप्ताह में हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 4 स्थानों पर लगी नरवई में आग



**हरसूद, निप्र।** हरसूद विधानसभा क्षेत्र में गेहूं फसल से रिक्त हुए खेतों की नरवई में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हरसूद विधानसभा क्षेत्र में एक सप्ताह में 4 स्थानों पर खेतों की नरवई में आग लगने की घटना हो चुकी है। रविवार सुबह ग्राम षाहपुरा में एक खेत की नरवई में आग लग गई। जिसकी सूचना मिलते ही नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद की दमकल सुबह साढे 10 बजे के लगभग मौके पर पहुंची तथा करीब डेढ घंटे की मषक्कत के बाद आग पर काबू पाकर दोपहर 12 बजे के लगभग वापस लौटी। 5 घंटे बाद फिर उसी स्थल पर आग लगने की सूचना नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद की दमकल स्टाफ को लगी। सूचना मिलते ही रविवार षाम 5 बजे के लगभग नगर परिषद का स्टाफ आग बुझाने के लिए दमकल लेकर नया हरसूद से रवाना हो गया था। एक सप्ताह में हरसूद विधानसभा के ग्राम खेडी, मौजवाडी, बैलवाडी एवं षाहपुरा में नरवई में आग लगने की घटनाएं हो रही है।

### नया हरसूद स्थित श्री सीताराम मंदिर पर राम नवमी पर्व पर किया महाआरती का आयोजन



**हरसूद, निप्र।** रविवार को नया हरसूद-छनेरा सहित संपूर्ण ग्रामीण अंचल में राम नवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। राम नवमी पर्व के अवसर पर रविवार दोपहर 12 बजे भैरव चौक नया हरसूद स्थित श्री सीताराम मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया गया। राम नवमी पर्व पर श्री सीताराम मंदिर पर आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। रविवार दोपहर महाआरती के मौके पर हरसूद एसडीएम पुरूषोत्तम कुमार, राजेष दुबे, कल्याण षर्मा, गुंजन लभानिया सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। महाआरती पंडित मोहित षर्मा द्वारा संपन्न करवाई गई।


### जल गंगा संवर्धन अभियान कृषक संगोष्ठी का आयोजन उद्यानिकी विभाग ने ग्रामीणों को जल बचाव के तरीके बतलायें



**बुरहानपुर, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना अनुसार कार्य किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग द्वारा शनिवार को ग्राम कमलखेड़ा, चिखलिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री वेरसिंह बर्डे एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री नंदकिशोर पवार ने कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य बताया गया। जल बचाव के तरीके, पौधारोपण करने, ड्रिप संयंत्र से फसलों में सिंचाई करने के फायदे इत्यादि विभाग में संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणजनों को जागरूक करते हुए अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। यह भी संदेश दिया गया कि, अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान में जुड़ने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीराम की निकली भव्य शोभायात्रा... श्रद्धालुओं में भक्ति का उत्साह परवान चढ़ा...

# अयोध्या के रामलल्ला की झांकी रही आकर्षण का केंद्र







विनय उजाला

**बड़वाह, निप्र।** राम नवमी के अवसर पर रविवार को मठ-मंदिरों में प्रभु श्रीराम के जन्म के दौरान घण्टी- घड़ीयाल बजकर भये प्रकट कृपाला के स्वर गूंज उठे। मंदिर समिति द्वारा विशेष पूजन-अर्चन कर आरती कर प्रसाद बाटा।

शाम को शहर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नागेश्वर मंदिर प्रांगण से शुरू हुई यह यात्रा झंडा चौक होते हुए एमजी रोड पर पहुंची। श्रद्धालुओं में भक्ति का उत्साह और अधिक परवान चढ़ा। श्रद्धालु भक्ति से सराबोर होकर इस क्षण का साक्षी बने। यात्रा की अगुवाई भगवा ध्वज लिये घुड़सवारों ने की। इंदौर के गायक कलाकार प्रदीप परमार अपने साथियों के साथ एक से एक भजन प्रस्तुत कर भक्तिरस बरसते चले। ढोल, ताशे व डीजे पर युवा श्रद्धालु खूब थिरकते व जय-जय श्रीराम के उद्घोष लगाते रहे। यात्रा में अयोध्या के रामलल्ला की झांकी ने सबका मनमोह लिया। आशीर्वाद देने के लिए बग्गी पर संतश्री हनुमानदास जी महाराज (गोपाल मंदिर गादीपति) सुशोभित रहे। समिति के पंडित अखिलेश गौतम, सुनील नामदेव, रितेश कौशल, नरेन्द्र सोलंकी, अर्पित किवे, सन्नी कुवादे, पप्पू शाह, निशांत सोनी आदि व्यवस्था संभाले रखें।

#### अस्त्र-शस्त्र कला का दिखाया प्रदर्शन

यात्रा में विहिप व बजरंग दल की दुर्गा वाहिनी टीम शामिल रही। उन्होंने अस्त्र- शस्त्र कला का प्रदर्शन दिखाया। महिलाओं व युवतियों को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया। वही बग्गी पर रामजी, सीताजी, लक्ष्मण और हनुमानजी के रूप में सजे बच्चें भी आकर्षण का केंद्र रहे।

#### सुसज्जित डोले में विराजित रहे भगवान

सुसज्जित डोले में भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण स्वरूप प्रतिमा विराजित रही। रास्ते भर महिला श्रद्धालुओं ने डोले में विराजित रामजी का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। वहीं पुरुष वर्ग ने दर्शन लाभ लिये। यात्रा एमजी रोड से मेन चौराहा-जय स्तम्भ चौराहा, नन्दा मार्ग, कुम्हारा मौहल्ला, विनोबा मार्ग, गुरवा मोहल्ला, सराफा मार्ग आदि होते हुए करीब रात 11 बजे पुन: मंदिर परिसर समापन पहुंची।

#### जगह-जगह किया शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत

सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों व सेवा भावी लोगो द्वारा जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया। विधायक सचिन बिरला, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, अनिल राय मित्र मंडल, चंद्रपालसिंह तोमर मित्र मंडल, क्षत्रिय, सिक्ख, ब्राम्हण, अग्रवाल समाजजनों सहित बजरंग दल व विहिप द्वारा भी यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया। इसी तरह समीपस्थ ग्राम नावघाट खेड़ी में भी सीताराम मित्र मंडल द्वारा भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई। मेहता खेड़ी रोड स्थित श्रीराम समर्थ कुट से प्रारंभ होकर गांव के श्रीराम मंदिर पर समाप्त हुई।

### सुदूर ग्रामीण अंचल में सिकल सेल पर आयुर्वेदिक वार

## डही ब्लॉक में 115 मरीजों को बांटी गई औषधियां, जागरूकता की नई मिसाल

विनय उजाला





**डही, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग भोपाल द्वारा सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मरीजों को राहत देने हेतु एक विशेष पहल की गई है। जिसके अंतर्गत एड-ऑन थेरेपी के रूप में डही ब्लॉक में 115 सिकल सेल रोगियों को आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की जा रही हैं।

यह अभिनव कार्य जिला आयुष अधिकारी डॉ रमेशचंद्र मुवेल के निर्देशन में, स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. विजय अहरवार, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से संचालित किया जा रहा है।

डही ब्लॉक के सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. घनश्याम मीणा ने बताया कि चिन्हित रोगियों को आयुष औषधियां नियमित रूप से दी जा रही हैं, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार और जीवन गुणवत्ता में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस अभियान में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश जयपाल (धरमराय), डॉ. रायसिंह मौर्य (गाजगोटा), डॉ. कमलेश मुझाल्दा (सुसारी), इंदरसिंह बघेल, हीरालाल डावर आदि ने उल्लेखनीय योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि यह पूरा क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है, जहां सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी लंबे समय से स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है।

वर्ष 2022 में भी यहां जनजागरूकता के उद्देश्य से कुक्षी में रक्तदान महाकुंभ का आयोजन किया गया था, जिसमें टीम रक्तदूत पश्चिम निमाड़ मध्यप्रदेश और जन सहयोग से एक ही दिन में 2900 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित कर वर्ल्ड बुक ऑफ इंडिया में नाम दर्ज कराया गया था। आयुष विभाग की यह पहल न केवल रोगियों को प्राकृतिक चिकित्सा से राहत देने की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि यह संपूर्ण क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता की नई मिसाल बन रही है।



### मुखर्जी और पं.दीनदयाल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## पूर्व केंद्रीय मंत्री और विधायक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मांडू में मनाया गया

विनय उजाला

**माण्डव, निप्र। नालछा मंडल के मांडव में चतुर्भुज श्री राम मंदिर प्रांगण में बूथ क्रमांक 84 पर पार्टी के पितृ पुरुष श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर और पार्टी का ध्वज लहराकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।**

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा जी ने बताया कि काफी संघर्षों के बाद भारतीय जनता पार्टी को पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा मिला है। भारतीय जनता पार्टी पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक अपनी योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु प्रयास करती है, साथ ही मालीपुर क्षेत्र से पधारे 70 से 80 साल के बुजुर्गों से मिलकर कार्यकर्ताओं को बताया और प्रेरणा दी की यह हमारे 70 से 80 साल पुराने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। आज भी यह मालीपुर पैदल चलकर आते हैं उन्होंने अपने अनुभव साझा किया।

विधायक कालू सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम बड़े भाग्यशाली हैं कि आज विश्व पर्यटन नगरी मांडू में विराजित चतुर्भुज सरकार के चरणों में हम भारतीय जनता पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं बता दूं कि भगवान राम मांडू में इच्छापूर्ण राम के स्वरूप में विराजित हैं जो भी पूरे दिन में एक बार सच्ची आत्मा से भगवान राम के दर्शन कर लेता है उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। यह स्वरूप भगवान राम ने रावण को मुक्ति हेतु दर्शन कराए थे भारतीय जनता पार्टी उनके कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद साधुवाद।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा, धार विधायक नीना वर्मा धरमपुरी के विधायक कालू सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र परिहार रघु निनामा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कृष्ण यादव, विधायक प्रतिनिधि सुधांशु तिवारी सोमनाथ जी तिवारीभाजपा बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक नेहा जायसवाल सोनू यादव, युवा नेता यश यादव, पार्षद प्रतिनिधि विजय ठाकुर पार्षद रतन बामनिया नंदू वसुनिया पुरुषोत्तम कमल शिवदे भारत यादव समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भारतीय जनता पार्टी ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

# पूरे विश्व में केवल भारत में ही मुस्लिम आज सुरक्षित है : राष्ट्रीय प्रवक्ता

विनय उजाला





**बड़वाह, निप्र। भारतीय जनता पार्टी का 46 वा स्थापना दिवस बड़वाह में भी भाजपा कार्यकर्ताओ ने वरिष्ठ पदाधिकारियों व नेताओ की मौजूदगी में प्रत्येक बूथ पर मनाया। इस दौरान भाजपा की राष्ट्रिय प्रवक्ता व सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट नाजिया ईलाही खान भी स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शरीक हुई।**

कंवर कालोनी स्थित सार्वजनिक उद्यान में बूथ 53,54 के कार्यक्रम में नाजिया खान ने अपने तीखे भाषण से वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वाली कांग्रेस सहित विभिन्न पार्टियों के नेताओ को आड़े हाथ लिया। नाजिया खान ने अपनी भाषण की शुरुआत व अंत जय श्री राम, हर-हर महादेव व भारत माता के जयकारे के साथ की। लेकिन इस बीच अपनी फायरब्रांड स्पीच पर उपस्थितजनों को बार-बार ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा की स्वराज की सोच के साथ 6 अप्रेल 1980 को भाजपा की स्थापना की गई थी। सत्ता की लालच में जिन पार्टियों व लोगो ने भारत के टुकड़े किए, उन गलतियों को भाजपा व प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ठीक कर रहे है। पहले मोदीजी ने 370 हटाया, सीएए लागू किया, अब वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लाकर कांग्रेस की गलतियों को सुधारा जा रहा है। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा की वक्फ बोर्ड लेंड लूटो माफिया है। अभी तो सिर्फ संशोधन बिल लाया गया है, क्या पता ताला लग जाए...? क्या पता आल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड में ताला लग जाए...? ऐसा इसलिए क्योंकि यदि भारत में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा रचित कानून है तो मुस्लिम समाज के लिए अलग ला बोर्ड की आवश्यकता नही है। इसे सभी धर्मों के लोगो को मानना चाहिए। कुछ लोग भारत के संविधान की अनुकूलता और चंद आर्टिकल का उपयोग करके वो संविधान का दुरूपयोग कर सकते है तो ये उनकी भूल है।

#### भाजपा अपने अखंड भारत के संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध

सभी भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का प्रचार प्रसार करे। ताकि प्रत्येक जरुरतमन्द को इन योजनाओ का लाभ मिल सके। इसके साथ ही भाजपा अपने अखंड भारत के संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध है। पीओके हमे वापस लेना है। हिन्दू राष्ट्र के सपने को पूरा करना है। इस हिन्दू राष्ट्र में भी भारत का प्रत्येक मुसलमान अपनी छाती चौड़ी करके चलेगा। क्योंकि पूरे विश्व में केवल भारत में ही मुस्लिम आज सुरक्षित है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, लक्ष्मीचंद अमई ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र अमई ने किया। आभार बूथ प्रभारी पार्षद रजनी भंडारी ने माना। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेन्द्र सुराणा, लादूराम साहू, ब्रजेन्द्र जोशी, पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह तोमर, पार्षद पार्षद रजनी भंडारी, बूथ प्रभारी मनस्व राठौर मंचासीन थे।

#### वक्फ बोर्ड इस्लाम का पार्ट नहीं

मीडियाकर्मीयों से राष्ट्रीय प्रवक्ता नाजिया खान ने कहा की वक्फ बोर्ड ईस्लाम का पार्ट नही है। इसका उल्लेख किसी भी इस्लामिक धर्म ग्रन्थ में नही है। अन्यथा लोकसभा या राज्यसभा मे मुस्लिम नेता इस बात को जरुर रखते। किस तरह प्रेरित करेंगे, के सवाल पर नाजिमा ने कहा कि वैसे ही करेंगे जिस तरह प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के प्रत्येक योजनाओं का लाभ, ट्रिपल तलाक, बेटी-बचाओ, बेटी पढाओ, मुद्रा योजना..ऐसी समस्त योजनाओं का लाभ प्रत्येक भारतीय नागरिक, मुस्लिम सभी को मिला है। उन्होंने कहा देखिये 2024 के मार्च में जयपुर में वक्फ बोर्ड ने मुस्लिम के पूरे परिवार को बेघर कर दिया था, ऐसा दबंगई जो वक्फ बोर्ड से चल रहा था, वह हम अब करने नहीं देगे। देश के मोहल्ले, गली-गली, गांव-गांव, घर-घर जाकर मुस्लिम समाजजनों को प्रेरित करेगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विनोद डोंगले प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत



**धामनोद, निप्र।** मध्य प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा संरक्षक भरतलाल जायसवाल, अशोक कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकिशोर मोदी व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जायसवाल ने सर्वसहमति से सत्र 2025 – 28 की प्रदेश कार्यकारणीय में नगर के विनोद डोंगले को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर पर जिला अध्यक्ष संतोष जायसवाल , सचिन जायसवाल, डॉ मालवीया ,श्री राम डोंगले, बंसीलाल डोंगले ,बंशीलाल मालवीया ,शंकर लाल डोंगले, रामलाल मालवीया, रामेश्वर मालवीया, बंटी जायसवाल, राजेश मालवीया, सुशील डोंगले, जगदीश राय , विनोद वर्मा, शैलेन्द्र जायसवाल ,अजय मालवीया, देवेंद्र जायसवाल, अनिल मालवीया, हरीश मालवीया , महेश मालवीया व अन्य समाज जनों सहित इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है

### भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया



**धामनोद, निप्र।** धामनोद में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया वंहा श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं प.दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर कार्यकर्ताओ के साथ धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर ने माल्यार्पण किया व भाजपा का ध्वज लहराकर भाजपा की उपलब्धियो के बारे में बताया इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ममता वर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश पटेल निलेश माहेश्वरी, रवि पटेल विजय घारू व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अपने अपने घर पर भाजपा का झंडा भी लहराया।

### कुलदेवी शिवाय दिवाय माता की पूजा सम्पन्न

**धार, निप्र।** निसरपुर बलाई समाज के राणे परिवार की कुलदेवी शिवाय दिवाय कि पूजा राणे परिवार के पूजन के साथ हुई सम्पन्न विशाल भंडारे में हुवा माता जी का प्रसाद ग्रहण दरसल राणे परिवार बलाई समाज का एक हिस्सा है और इस परिवार की यह कुलदेवी शिवाय दिवाय पूर्वजो के जमाने से राणे परिवार की कुलदेवी मानी जाती है पिछले वर्ष अपनी कुलदेवी जी को पुराने निसरपुर डूब प्रभावित गाँव से विधिवत पूजा अर्चना कर पूरे राणे परिवार की उपस्थिति में माताजी को मना कर नवीन निसरपुर पुनर्वास पर मंदिर निर्माण के बाद तीन दिवसीय हवन के बाद प्राण प्रतिष्ठा कर बिराजित किया गया था एक वर्ष पूर्ण होने पर फिर वर्ष गांठ मनाई जाएगी आज रामनवमी के साथ ही रवि पुष्प योग है और राणे परिवार भी रामनवमी को अपनी कुलदेवी जी की सह परिवार मिल कर पूजा करता आया है आज भी उसी प्रथा को निभाते हुवे शिवाय दिवाय कि पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया और महाआरती के साथ भंडारे में महाप्रशादी ग्रहण करने के पश्चात समापन हुवा इस पुनीत कार्य मे राणे परिवार के बाबूलाल राणे मांगीलाल राणे नारायण महेश संतोष भागीरथ नरेन्द्र निखिलेश( निक्कू) किशोर मंगू आकास रोहीत केलास बाबा सहित पूरा राणे परिवार तन मन धन से लगा रहा।



# जिला कार्यालय पर भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस

## जिला अध्यक्ष निलेश भारती और कार्यकर्ताओं ने फहराया भाजपा का झंडा

विनय उजाला

**धार, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को जिला भाजपा कार्यालय सहित जिलेभर में हर्षोउल्लास व उमंग के साथ मनाया गया वही भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष निलेश भारती व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा फहराया व भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

झंडा फहराने के बाद जिला कार्यालय में अतिथियो ने भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर जिला अध्यक्ष भारती ने राम नवमी पर्व और भाजपा स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता जोशी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर कार्यक्रम सह प्रभारी अमित पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे।






भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीति दल है जो भारत को एक सदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ा है व भारत एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र की श्रेणी में निरंतर अग्रसर है। भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए नही बल्कि देश सेवा के लिए प्रतिबद्ध है ओर आज प्रदेश तथा केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा कई जनहितैषी योजनाए चलाकर जरूरतमंदों तक लाभ पहुचाया जा रहा है तथा देश व प्रदेश निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहे है।

**जिले के सभी बूथों पर मनाया स्थापना दिवस :** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश संगठन से प्राप्त निर्देशानुसार भाजपा का स्थापना दिवस जिले भर में सभी मंडलों के बूथों पर मनाया गया व सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराया तथा अनेक मण्डलों में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओ का सम्मेलन आयोजित किया गया। भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे नगर मंडल जयराज देवड़ा के नेतृत्व में स्थानीय आंनद चौपाटी पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष निलेश भारती की गरिमामय उपस्थिति में लड्डू वितरण कर भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर दीपक बिड़कर शिव पटेल राजेश डाबी अंकित भावसार जसप्रीत डंग नवदीप सिंह चौहान बादल मालवीय हुकुम लश्करी कैलाश पिपलोदिया महेश बोड़ाने राकेश दुर्गेश्वर देवेंद्र रावल सन्नी होड़ा राजेंद्र राठौड़ लक्की अरोरा समेत महिला मोर्चा से रीमा राठौर सीमा पांडे राखी राय सहित भाजपा नगर पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश डाबी एवं आभार युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बादल मालवीय ने व्यक्त किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# चतुर्भुज श्रीराम मंदिर में मना जन्मोत्सव
# नगर भ्रमण कर जाने प्रजा के हाल





विनय उजाला

**मांडू, निप्र।** पर्यटन नगरी मांडू में रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव आस्था एवं उत्साह के साथ मनाया गया। घड़ी की सूई ने जैसे ही दोपहर 12 बजने का इशारा किया महामंडलेश्वर नरसिंह दास और उपस्थित संतों के सान्निध्य में परंपरागत रूप से जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान राम के जयकारों से पर्यटन नगरी गूंज उठी। सुबह से लेकर रात तक हजारों राम भक्तों ने मांडू पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। इसके बाद प्रभु श्रीराम नगर भ्रमण पर निकले। गौरतलब है कि मांडू में भगवान राम की विश्व की एकमात्र चतुर्भुज मूर्ति हैं, जो वनवासी स्वरूप में हैं। संतों को स्वप्न में संज्ञान मिलने के बाद तलघर से मूर्तियां निकली थी। यहां प्रतिवर्ष श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही वैभवशाली तरीके से मनाया जाता है। हजारों की संख्या में भक्तों के साथ जिले के जनप्रतिनिधि और समाजसेवा पहुंचकर प्रभु श्रीराम का दर्शन लाभ लेते हैं। मांडू थाना प्रभारी राम सिंह राठौड़ और उनकी टीम ने सभी व्यवस्थाओं को लेकर सक्रियता दिखाई।

**डोले में बैठ श्रीराम ने किया नगर भ्रमण :** श्रीरामनवमी पर परंपरानुसार प्रभु श्रीराम डोले में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। भक्त और नगरवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत किया। अखाड़ा दल के कलाकारों ने एक से एक बढ़कर करतब दिखाए। रामायण मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

**द्वारका से मांडू पहुंचा संतों का मंडल :** गुजरात के द्वारका के संतों का एक बड़ा दल मांडू आया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के दर्शन और पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव के आयोजनों का लाभ लिया। श्रद्धालुओं ने श्रीराम नवमी पर आयोजित होने वाले मेले में भी आनंद उठाया। महामंडलेश्वर डा. नरसिंहजी महाराज, राधे-राधे बाबा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा, पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर, एडिशनल एसपी देवेंद्र पाटीदार सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

## युवाओं और संस्थानों ने मिलकर किया नरहरियानंद सरोवर सांईखेड़ा तालाब का गहरीकरण



विनय उजाला

**नरसिहंपुर, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जल संरक्षण व संवर्धन और जल से जुड़ी हर गतिविधियों में समाज का प्रत्येक व्यक्ति इसमें भाग ले रहा है। धार्मिक, स्वैच्छिक, जनअभियान परिषद, नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, युवा, वरिष्ठ नागरिक सहित हर वर्ग के नागरिक इस अभियान में अपनी स्वैच्छा से भागीदारी निभा रहे हैं।

इसी क्रम में रविवार को मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से सांईखेड़ा के नरहरियानंद सरोवर तालाब में जनसहभागिता से स्वच्छता व गहरीकरण का कार्य किया गया। इस मौके पर जन अभियान परिषद सांईखेडा, नवांकुर संस्था तूमडा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और युवाओं के साथ सभी ने एक साथ मिलकर किया। जन अभियान परिषद द्वारा गांव- गांव जाकर ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से जल संरक्षण व संवर्धन पर संवाद कार्यक्रम के तहत नागरिकों में जागरूक लाई जा रही है। जल संरचनाओं का संरक्षण करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जिले के ग्राम बम्होरी- तिंदनी में जल संगोष्ठी आयोजित की गई।

### आखिरकार आबकारी विभाग क्यों है शराब माफिया पर मेहरबान

# आबकारी विभाग की मेहरबानी से क्षेत्र में शराब ठेकेदार ने मचा रखी है लूट, एमआरपी से ज्यादा रेट में बिक रही शराब


## जिले में शराब ठेका एक समूह का होने के कारण ठेकेदार की मनमर्जी के आगे प्रशासन भी फेल

विनय उजाला

**दसई, निप्र।** नई आबकारी नीति के तहत समस्त जिले में शराब ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंड पूरा करने के बाद शराब के ठेके शुरू किए गए शराब के ठेके शुरू करने के तुरंत बाद ही शराब ठेकेदार द्वारा ताई रूपये से अधिक रुपए वसूलकर ग्राहकों से खुलेआम की जा रही लूटमार सरदारपुर क्षेत्र में संचालित किए जाने वाली शराब दुकानों पर हो रही लूटमार लेकिन क्षेत्रीय आबकारी विभाग सोया कुंभकरण की नींद साथ ही क्षेत्र में शराब ठेकेदार के द्वारा खुलेआम शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। आबकारी विभाग इन शराब ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। क्षेत्र में बोलोरो पिकअप से पुरानी एमआरपी वाले माल धड़ल्ले से लाया जा रहा है लेकिन इस और भी आबकारी विभाग का कोई ध्यान नहीं है। यह कौन सी सरकारी नियम है कि 160 एमआरपी की बियर 210में बेची जा रही है।






सरदारपुर क्षेत्र के दसई वाइन शॉप पर बोल्ड बियरजिसका अधिकतम मूल्य ?160 है लेकिन यहां शराब ठेकेदार की मनमर्जी व आबकारी विभाग की मेहरबानी से?210 में बेची जा रही है जब इस बारे में ग्राहक ने शराब दुकान पर बैठे दुकानदार से पूछा कि भैया इस पर तो 160 रुपए प्रिंट है तो दुकानदार का कहना है कि मूल्य बढ़ गए हैं अब मूल्य बढ़ाकर ही शराब मिलेगी आपको लेना हो तो को नहीं तो यहां से जाओ।

जब इस मामले में आबकारी विभाग से संपर्क करना चाहता हूं उसे संपर्क नहीं हो पाया अब देखना यह होगा कि शराब ठेकेदार की लूटमार आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करता है यहां यूं ही ठेकेदार की लूटमार चलती रहेगी।

## जय सियाराम के दिव्यतम उद्घोष के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया भगवान् श्रीराम का प्राकट्योत्सव

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** भगवान् श्री राम के प्राकट्योत्सव चैत्र शुक्ल नवमी के परम मङ्गलमय अवसर पर जिले में अभूतपूर्व हर्षोल्लास का वातावरण छाया रहा। जिला मुख्यालय सहित नगरीय इलाकों ओर ग्रामीण अंचलों में सब तरफ जय जय सियाराम का दिव्यतम और रहस्यमय उद्घोष गुंजायमान होता रहा। श्री रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार को भगवान् श्री राम श्री कृष्ण और श्री विष्णु मंदिरों में परंपरागत रूप से जहां ब्रह्म वैला में अभिषेक किया गया, वहीं जगह जगह शोभायात्रा सहित रैलियां भी निकाली गई। जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदिरों में दर्शनार्थ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भगवान् श्री राम के प्राकट्योत्सव श्रीराम नवमी के दिव्य एवं परम पावन अवसर पर जिला मुख्यालय सहित नगरीय इलाकों ओर ग्रामीण अंचलों में आज रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास का वातावरण छाया रहा। जिला मुख्यालय स्थित अतिप्राचीन श्री राम मंदिर, श्रीसत्यनारायण मंदिर, श्री गोवर्धननाथजी की हवेली मंदिर, श्री चारभुजानाथ मंदिर, थांदला में भक्त मलुकदास महाराज द्वारा स्थापित श्री राम मंदिर, श्री नृसिंह मंदिर एवं श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, ग्राम परवलिया में प्राचीन श्री रणछोड़ राय मंदिर, बामनिया में रेलवे स्टेशन के पास पहाड़ी पर बिरला द्वारा निर्मित श्री वनवासी राम मंदिर सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर वैष्णव मंदिरों में आज प्रात: काल से ही पूजा अर्चना एवं अभिषेक का सिलसिला आरंभ हो गया। इस अवसर पर पुरूसुक्त के वैदिक आवर्तन से भगवान् का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात कुछ मंदिरों में श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ और श्री राम रक्षा स्तोत्र का सस्वर पाठ किया गया।



## आशापुरा माता मंदिर में कन्या पूजन एवं भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र।** रमा कालोनी रोड सिंधी कालोनी स्थित आशापुरा माता मंदिर में आठ दिवसीय चैत्र नवरात्र पर्व घटस्थापना के साथ प्रमुख लालू बाबा जी के सानिध्य में बड़ी श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। पर्व के दौरान आठ दिनों तक अनेक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही मां भगवती के विशाल जागरण के साथ कन्या पूजन एवं भंडारा भी आयोजित हुआ। यह जानकारी देते हुए समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व की शुरूआत घटस्थापना के साथ हुई। पंचमी के अवसर पर पदमनगर की प्रसिद्ध जागरण समिति सोनी म्यूजिकल्स पार्टी के संजय सोनी, विजय सोनी एवं साथी कलाकारों द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण भक्तिमय गीतों भजनों की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ हुआ। शनिवार महाष्टमी के दौरान मां महाकाली जी की पूजा आराधना संपन्न हुई। रविवार को मंदिर परिसर में प्रात: 9 बजे हवन-यज्ञ हुआ तत्पश्चात कन्या पूजन भोज पश्चात विशाल भंडारा आयोजित हुआ। भंडारे में शहर भर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भोजन प्रसादी प्राप्त की।

### दर्शन के लिए मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, शोभायात्रा निकालकर की महाआरती

# धूमधाम से मनाया गया श्रीरामजी का प्राकट्योत्सव

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** विराट नगर बाग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्लपक्ष की नवमीं तिथि को और भी अधिक आकर्षण रूप धारण कर लेता है। जब भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव नगर के मंदिरो मे 12 बजे आरती का आयोजन कर महोत्सव मनाया गया ।नगर के मध्य नरसिंह मंदिर ,रासमंदिर, नरसिंह मंदिर ,व श्रीराम मंदिर में मनाया जाता है ।तब ऐसा लगता है मानो प्राचीन अयोध्या बन गया हो। जैसे ही दिन के 12 बजते है वैसे ही क्या आम क्या खास सभी की नजरें सिर्फ और सिर्फ राम मंदिर में विराजे रामलला की एक झलक पाने को बेकरार हो जाती है ।मंदिर के गर्भगृह का जैसे ही पर्दा खुला लोग भगवान की नयनाभिराम छवि को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। समूचा मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।





**श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली :** विराट नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सकल हिन्दू समाज बाग वश्रीराम जमोत्सव समिति द्वारा श्रीराम नवमी पर्व बड़ी धूमधाम से नगर में विशाल चल समारोह के साथ मनाया गया ।

शाम 5 बजे से श्री जबरेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ शोभायात्रा में नगर की हिन्दू एकता को बल देने के लिए युवाओं के साथ नारी शक्तियों ने सहभागिता की । इस बार की शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या में विराजे भगवान रामलला की प्रतिमा के स्वरूप की झांकी बैंड बाजो के साथ निकलेगा चल समारोह। शोभायात्रा मार्ग में नगरो के समस्त मंदिरों पर राममय कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ सम्पन्न हुआ। नगर के समाजसेवीओ ने स्वागत और जलपान की व्यवस्था कर धर्म लाभ लिया । मुख्य मार्ग मुख्य होते हुए विजय स्तंभ चौराहे पर सर्व समाज द्वारा महाआरती कर प्रसादी वितरण की गई।

श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य पर घर के बाहर दीपक ओर भगवा पताका लगाये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### चार न्यायाधीशगण का बिदाई समारोह आयोजित



**बड़वानी, निप्र।** जिला न्यायालय बड़वानी के 4 न्यायाधीश का स्थानांतरण होने से अभिभाषक संघ बड़वानी द्वारा बिदाई समारोह प्रधान जिला न्यायाधीश श्री महेंद्र कुमार जैन साहब के मुख्य अतिथि , रईस खान विशेष न्यायाधीश के विशेष अतिथि और पुरुषोत्तम मुकाती अभिभाषक संघ अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में फैमिली कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश श्रीमती मैरी मारग्रेट फ्रांसिस डेविड,जिला न्यायाधीश श्रीमती संध्या श्रीवास्तव,व्यवहार न्यायाधीश श्री विनय जैन, व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती पूजा जैन का स्थानांतरण होने से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया और बिदाई दी गई। बिदाई समारोह में शंकरलाल यादव उपाध्यक्ष, दीपक चौहान सह सचिव, महेश वैष्णव, जुल्फिकार कुरैशी, शादाब खान, शाकिर शेख़, महेश राठौड़, जे सी शर्मा, एम ए शेख़, के टी मंडलोई, के एस शेख़ आदि अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक संघ के सचिव नदीम शेख़ एडवोकेट द्वारा किया गया।

### नर्मदा किनारे लेपा गांव में मनाया जन्म उत्सव



**कसरावद, निप्र।** नर्मदा किनारे लेपा पुनर्वास बैरागढ़ गांव में यहां भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मंदिर मे श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया। मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य योगेश बामने ने बताया कि श्री राम नवमी के पावन पर्व पर सुबह से ही मंदिर में श्री राम रक्षा स्त्रोत पाठ पूजन कर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जन्म उत्सव अवसर पर श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। जन्म उत्सव पर जमकर जयकारे गूंजे। भगवान को नए वस्त्र अर्पित किए गए। विशेष रूप से श्रृंगार कर दर्शन पूजन कर आराधना की गयी।

# जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का ध्वज फहराया

# भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अजय यादव ने भाजपा का झंडा फहराया।

इस अवसर पर खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल व भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन माहेश्वरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में भाजपा के इतिहास पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका अतिथियो ने फीता काट कर शुभारम्भ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।झंडा फहराने के बाद भाजपा जिला कार्यालय पर भीषण गर्मी को देखते हुए आमजनो के लिए शुद्ध पेयजल की प्याऊ का भी शुभारम्भ किया।







अतिथियो ने भारत माता, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ सोहन माहेश्वरी ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीति दल है जो भारत को एक सदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी व लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भाजपा पार्टी ने कई उतार चढ़ाव देखे व कार्यकर्ताओं की मेहनत व शीर्ष नेतृत्व के कुशल नेतृत्व के चलते आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में विद्यमान है। आगे उन्हेंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ा है व भारत एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र की श्रेणी में निरंतर अग्रसर है ।भाजपा हि एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए नही बल्कि देश सेवा के लिए प्रतिबद्ध है ओर आज प्रदेश तथा केंद्र की भाजपा सरकारो द्वारा कई जनहितैषी योजनाए चलाकर जरूरतमंदों तक लाभ पहुचाया जा रहा है तथा देश व प्रदेश निरंतर प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहे है।

सभी बूथों पर मनाया स्थापना दिवस--जिला अध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि प्रदेश संगठन से प्राप्त निर्देशानुसार भाजपा का स्थापना दिवस जिले भर में सभी बूथों पर मनाया गया व सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराया ।इस दौरान स्थापना दिवस के जिला प्रभारी विक्रम चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री भगवती प्रसाद शिंदे व सुभाष जोशी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का संचालन विक्रम चौहान एवं आभार नगर अध्यक्ष शुभम पांडे ने व्यक्त किया ।इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारीगण व शहर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया व पूरे कार्यालय पर आकर्षक विद्युतसज्ज़ा कर भाजपा के झंडों से सजाया गया।

# शाला त्यागी बच्चों के लिए मनाया प्रवेश उत्सव

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** ग्राम पंचायत सायता में तहसील विधिक सेवा समिति ने क्षेत्र के अप्रवेशी और शालात्यागी बच्चों के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया। ग्राम पंचायत सायता में समिति के अध्यक्ष माननीय विवेक जैन (सीनियर जज) एवं सचिव न्यायाधीश इतिशा संघवी की उपस्थिति में बच्चों के लिए कैम्प लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। सैकड़ों बच्चों और ग्रामीणों को माननीय जज श्री विवेक जैन ने कानून की जानकारी दी और बच्चों को हर हाल में स्कूल में प्रवेश लेने और नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। न्यायाधीश इतिशा संघवी ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय हो जाता है, इसलिए पढ़ना जीवन में बहुत जरूरी है।



इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानूडे, जिला परियोजना समन्वयक खेमराज सेन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.एस. निगवाल, बीआरसी अधिकारी आर.आर. कान्दूडे, संजय शर्मा (उच्च माध्यमिक शिक्षक, पिपलगोन) सहित शा.मा.वि. सायता, मा.वि. नावड़ा, तोड़ी बोथु एवं बड़गांव के शिक्षक, बच्चे और ग्रामीण उपस्थित थे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा न्यायाधीश विवेक जैन द्वारा शिक्षा विभाग का सदैव मार्गदर्शन किया है; शालाओं में हजारों पौधे लगवाए, कई बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा, गरीब और वंचित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अनेक विधिक कैम्प एवं लोक अदालतों का आयोजन किया। जाते-जाते अप्रवेशी एवं शालात्यागी बच्चों को प्रवेश दिलाकर उन्होंने पवित्र और पुनीत कार्य किया; इसके लिए विभाग उनका सदैव ऋणी रहेगा। उल्लेखनीय है कि न्यायाधीश श्री जैन द्वारा निमाड़ लायब्रेरी और पार्क के संचालन में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हाल ही में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था हेतु भी निमाड लायब्रेरी के माध्यम से जन जागृति अभियान चलाया जा रहा है। जिसे क्षेत्र में अच्छा समर्थन मिल रहा है। स्कूल कॉलेज , विभिन्न सामाजिक संगठनों ने और ग्रामीणों ने अपने अपने घरों पर सकोरे रख कर पक्षियों के दाने पानी की व्यवस्था की है।

कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति की सदस्य नीता शर्मा, पी.एल.वी. अकील खान, देवदत्त एक्कल, डॉ. सुदर्शन गोखले एवं विजय केवट ने सराहनीय योगदान दिया। श्री विवेक जैन सीनियर न्यायाधीश द्वारा शा.मा.वि. सायता में शाला परिसर में सैकड़ों वृक्षारोपण कराए गए और इस योगदान के लिए विवेक जैन, इतिशा संघवी का सम्मान भी किया गया।आभार लोकेंद्र पटेल सरपंच सायता ने माना ।

भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस पर

## जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राम्हणे ने जिला कार्यालय पर झण्डा फहराया

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस 6 अप्रैल को जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राम्हणे ने जिला कार्यालय पर झण्डा फहराया जानें के साथ साथ खरगोन जिले में में बूथ स्तर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को श्री रामनवमी और भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गई। मण्डल और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने अपने घर और प्रतिष्ठान पर भी झण्डा फहराया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया जिला कार्यालय पर हुए जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कल्याण अग्रवाल, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल महाजन, पूर्व माशिमं अध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, नपाध्यक्ष छाया जोशी, मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे आदि मौजूद थे। भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया । वरिष्ठ नेताओं ने 1980 में अटलजी के नेतृत्व में भाजपा की स्थापना पर अपने विचार रखे । जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे ने कहा आज रामनवमी और भाजपा का स्थापना दिवस है।

हमारी पार्टी भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर देश मे रामराज्य लाने में जुटी है। हम वसुदेव कुटुम्बकम का भाव लेकर चल रहे हैं। श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे ने भीकनगांव अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसी प्रकार बिस्टान मण्डल के कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, मण्डल अध्यक्ष बंटी राठौर, नपध्यक्ष डेमसिंह नार्वे, मंडल प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, सह संयोजक राजू कोल्या, पार्षद राजेश पंवार, लखन पाटिल, प्रेमलाल मोरे, जयंतीलाल जायसवाल, रवि राठौड़, जितेंद्र गुप्ता, रवि सोनी, राहुल राठौर आदि उपस्थित थे।

## श्री राम मंदिर में मनाया जन्म उत्सव शाम को शोभायात्रा निकली

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का प्राकट्य उत्सव मनाया। नगर के अति प्राचीन श्री राम मंदिर मे रविवार को उत्साह पूर्वक भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव मनाया। यहां सुबह से ही पूजा अर्चन का क्रम शुरू हुआ। प्रात: 10= बजे से भजन कीर्तन प्रारंभ हुआ। इस दौरान भगवान श्री राम जी का गुणगान कर कीर्तन किए गए साथ ही सुमधुर भजनों से देर तक आराधना की गई। दोपहर के ठीक 12= बजते ही भगवान का जन्मोत्सव मनाया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस दौरान खुशियां मनाई। मंदिर को पूरी तरह से विभिन्न फूलों से श्रृंगारित किया गया। महा आरती कर विशेष प्रसादी बांटी गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव के दौरान विशेष रूप से भंडारे का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण की शाम 6=00 बजे से भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। इस दौरान श्री राम मंदिर सेवा समिति एवं भंडारा सेवा समिति सदस्य बडी संख्या में उपस्थित रहकर भंडारे की व्यवस्था को पूरे समय तक व्यवस्थाओं मे जुटे रहे।

## खरगोन में रामनवमी पर्व पर







खरगोन, निप्र। रामनवमीं पर शहर के भव्य श्रीराम मंदिर में भक्तों ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किए ।

## देवास में मंदिर के पास खुली नई शराब की दुकान

### सांसद ने कलेक्टर को फोन लगाकर रहवासियों की ज़ाहिर की नाराज़गी

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नए ठेके होने के बाद 1 अप्रैल से खुली नई शराब दुकानों का विरोध अब राजनेताओं और आला अधिकारियों के बीच नाराज़गी का सबब बन गया है। जी हाँ, देवास शहर में बस स्टैंड से कुछ ही दूरी पर एबी रोड़ पर बिहारीगंज में भगवान भूतनाथ मंदिर के पास इन दिनों नई शराब दुकान खुल गई। जिसका स्थानीय रहवासी विरोध कर रहे है। जब प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी तो आक्रोशित रहवासी सांसद के दरवाजे पहुँच गए। जहाँ उन्होंने सांसद को आपबीती सुनाई। फिर क्या था क्षेत्र में हिंदूवादी नेता के रूप में लोकप्रिय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह को फोन लगाकर नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कि 200-300 लोग मेरे कार्यालय आए हैं, मेरा घेराव कर रहे हैं। ये कलाली बंद क्यों नहीं हो रही। वहाँ मंदिर है, लोग शराब पी रहे हैं, मंदिर के ऊपर सो रहे हैं... महिलाएं पूजा कैसे करेंगी। जब कलेक्टर ने सांसद को सफाई देने की कोशिश की तो नाराज़ सांसद बोले कि यदि ओटला टाइप मंदिर होगा तो हम नहीं बोलेंगे। आप मुझे मिस गाइड कर रहे हैं। इसे देखिए, आप नियम के हिसाब से चलेंगे या जनता के हिसाब से चलेंगे...ऐसा न हो कि मुझे मेरी ही सरकार के खिलाफ रोड़ पर खड़ा होना पड़े।

## किसानों के मोटर पंपों से तांबे के तार चोरी करने वाला गिरोह अंजड़ पुलिस की गिरफ्त में, खरीदार भी बना आरोपी

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिले के थाना अंजड़ क्षेत्र के ग्राम मोहीपुरा, नर्मदा किनारे स्थित खेतों में लगे किसानों के विद्युत मोटर पंपों को काटकर तांबा एवं एल्यूमिनियम तार चोरी करने वाले गिरोह का अंजड़ पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मामले में चोरी किए गए माल को खरीदने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

**घटना विवरण :** पिछले कुछ दिनों में अंजड़ क्षेत्र के मोहीपुरा गांव में किसानों की मोटर पंपों से तांबा एवं एल्यूमिनियम तार चोरी होने की घटनाएं सामने आईं। शिकायतों पर थाना अंजड़ में अलग-अलग अपराध क्रमांक 85/2025, 117/2025 व 137/2025 अंतर्गत धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।



जिला पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल पाटीदार तथा एस.डी.ओ.पी. श्री दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण रावल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना के आधार पर टीम ने संदेही आकाश चौहान (22 वर्ष) निवासी बड़दा पुनर्वास को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूला।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम :**

1. आकाश चौहान पिता वैणीराम कोली (22 वर्ष), निवासी बड़दा पुनर्वास
2. नानुराम उर्फ नागु पिता शोभाराम चौहान (30 वर्ष), निवासी बड़दा पुनर्वास
3. दीपक चौहान पिता प्रताप चौहान (22 वर्ष), निवासी बड़दा पुनर्वास
4. अजय उर्फ अज्जु डावर पिता कन्हैया डावर (25 वर्ष), निवासी बड़दा पुनर्वास
5. गोलू बडवाया पिता किशोर (22 वर्ष), निवासी ऑवली पुनर्वास (खरीदार)

**जप्त सामग्री :**

कुल 94 किलो 200 ग्राम तांबा एवं एल्यूमिनियम तार, कीमत लगभग 1,11,000/- रुपये

चोरी में प्रयुक्त उपकरण- एक वायर कटर, एक प्लायर, एक पाना (कीमत 500/- रुपये)

**दो मोटरसाइकिलें :**

बजाज प्लेटीना (स्क46 स्र-4296) ङ कीमत 55,000/- रुपये

हीरो एचएफ डीलक्स (स्क46 ष 6669) ङ कीमत 50,000/- रुपये

**अपराध विवरण अनुसार जप्ती :**

1. अपराध क्रमांक 85/25 ङ 28 किलो एल्यूमिनियम तार, कीमत 32,000/- रुपये
2. अपराध क्रमांक 117/25 ङ 12.2 किलो कॉपर तार, कीमत 15,000/- रुपये
3. अपराध क्रमांक 137/25 ङ 54 किलो कॉपर तार, कीमत 64,000/- रुपये

**टीम की विशेष भूमिका :**

निरीक्षक नारायण रावल (थाना प्रभारी, अंजड़) उप निरीक्षक : सुरेश मुवेल, राजेन्द्र सोलंकी, बी.एस. चौहान, सहायक उप निरीक्षक : दिलीप मुवेल, प्रधान आरक्षक : अजय यादव (प्रआर-90), सुरेश पाटीदार (प्रआर-72)

## आज निकलेगी श्रीराम जन्मोत्सव यात्रा

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में उदय क्लब परिवार के द्वारा प्रति अनुसार इस वर्ष भी प्रभु श्री राम जी का विशाल,चल समारोह आज 7 अप्रैल सोमवार को शाम 5 बजे निकलेगी। यात्रा संयोजक आशुतोष पांडे लल्ला ने बताया कि समिति का यह तीसरा वर्ष है। इस वर्ष यात्रा में प्रभु श्री राम जी की प्रतिमा, बैंड, अखाड़े, ढोल, जाकिया, महाकाल, गोला तोप रंग बिरंगी आतिशबाजियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। यात्रा तुलजा विहार से होकर आवास नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए आवास नगर के बड़ी माता मंदिर पर महाआरती होगी तथा महाप्रसादी के साथ समापन होगा। उक्त जानकारी आशुतोष पांडे ने दी।

**रामाश्रय परिसर में हर्षोल्लास से मनाई रामनवमी :** धर्म-जनसेवा और सामाजिकता की त्रिवेणी रामाश्रय परिसर में स्थित श्रीराम मंदिर पर रामनवमी के पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम के प्राकट्य समय दोपहर 12 बजे आतिशबाजी की गई। पश्चात प्रभु श्रीराम की महाआरती विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य तथा रामाश्रय ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार जीतमल अग्रवाल, सभपति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, भरत चौधरी, राकेश अग्रवाल, पशुपतिनाथ चौबे की उपस्थिति में आरती संपन्न हुई। आरती पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी का लाभ लिया। उक्त जानकारी राकेश अग्रवाल ने दी।

### ढोल-ताशों पर झूमे गांव के रहवासी

# बग्गी पर बैठाकर शिक्षक को दिया सम्मान

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** सिर. पर.. साफा. बग्गी की सवारी..हाथ जोडते हुए प्रत्येक का अभिवादन..

बैड-बाजों के साथ गांव की गलीयो के बीच से गुजरते हुए कारवा..आगे..गरबा नृत्य. करती हुई..बालिकाएं सम्मान मे विभिन्न.. फूल बरसाते..हुए स्कूली छात्र छात्राएं व गांव के आमजन सहित समाज सेवी ..यह नजारा मानो किसी वैवाहिक या बढे धार्मिक आयोजन की तर्ज पर उत्सवी जैसा देखा गया है। दरअसल नर्मदा तट के सायता गांव की शासकीय स्कूल मे पदस्थ शिक्षक का प्रमोशन व विदाई समारोह का है। लंबे समय तक शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य निर्माण करने वाले शिक्षक के इस यादगार लम्हों पलो के साक्षी रहे गणमान्य जन शामिल हुए। शाला माध्यमिक विद्यालय सायता में पदस्थ प्रधानाध्यापक संजय शर्मा के उच्च पद पर प्रमोशन के अवसर पर ग्राम सायता में विदाई समारोह निकाला गया। ग्रामवासियों ने बग्गी पर संजय शर्मा एवं उनकी पत्नी नीता को बिठाकर पूरे गाँव में शोभायात्रा निकाली।





कार्यक्रम स्थानीय शालिवाहन मंदिर में देर रात तक चला, जहाँ तहसील विधिक सेवा समिति ने विशेष प्रवेशङ्कउत्सव कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर न्यायाधीश विवेक जैन, द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि श्री शर्मा का समर्पण और नेतृत्व विद्यालय के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। न्यायाधीश इतिशा संघवी, ने कहा नीतिगत दृष्टि ने शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। शैलेंद्र कानूडे, जिला शिक्षा अधिकारी मेहनत और प्रतिबद्धता ने स्कूल का मान बढ़ाया है। खेमराज सेन, जिला परियोजना समन्वयक- विद्यालय ने कहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव रखी। बी.एस. निगवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी योगदान को हम कभी नहीं भूलेंगे। आर.आर. कान्दूडे, बीआरसी ने कहा प्रयासों से शिक्षक एवं छात्र दोनों लाभान्वित हुए। लोकेंद पटेल, सरपंच, ने कहा ईमानदारी, दूरदर्शिता और अनवरत प्रयासों से सम्पूर्ण समुदाय का विश्वास जीता है। इस दौरान बडी संख्या में सायता, नावड़ाटौड़ी, बोथू व कसरावद सहित जिले के शिक्षक व विभागीय कर्मचारी शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### मानस भवन शिव मंदिर बीएनपी में मनाया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

**देवास, निप्र।** मानस भवन शिव मंदिर धार्मिक एवं परमार्थिक टस्ट बीएनपी देवास द्वारा शिव मंदिर बीएनपी में राम नवमी पर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बडे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बहुत संख्या में पुरुष एवं महिलायें उपस्थित थीं, श्री राम जी के जन्मोत्सव पर पं गजेन्द्र शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया गया एवं भगवान श्री राम की आरती विनोद,विद्धुत मालाकार एवं सभी उपस्थित जनों द्वारा उतारी गयी, तथा जन्मोत्सव के समय आतिशबाजी भी हुई। तत्पश्चात लगभग 300 कन्याओं एवं अन्य उपस्थित जनों को भोजन कराया गया। शिव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी मधुसूदन यादव,राजेन्द्र पंडित, देवकरण कारपेन्टर, डी पी शुक्ला, दिनेश जोशी, अशोक चौबे, मांगीलाल वर्मा, विक्रम सिंह चौधरी एवं मंदिर समिति के कार्यकर्ता यश राठौर, सुरेश चौहान, ब्रह्म दत्त गौड़, बुद्धा सिह, मांगीलाल तिवारी, रमेश शर्मा, अजब सिह,रमेश पांचाल राधेश्याम तिवारी, शंकर रामटेकर ने जन्मोत्सव कार्यक्रम कार्यक्रम एवं कन्याभोज की व्यवस्था देखी ।उपरोक्त जानकारी अशोक चौबे द्वारा दी गयी।

### बांगर में नरवाई जलाने पर 6 भूमि स्वामियों पर कार्रवाई

**देवास, निप्र।** देवास जिले के ग्राम बांगर में नरवाई जलाने पर 6 किसानों पर कार्रवाई कर प्रत्येक पर 5-05 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। तहसीलदार ग्रामीण रवि शर्मा ने बताया कि ग्राम बांगर में भूमि स्वामी मीना पति चिंतामणि निवासी देवास,बनेसिंह, राजन सिंह पिता निर्मल सिंह निवासी मुण्डलाबाग तहसील सांवेर जिला इंदौर, मोहम्मद रफीक निवासी खजराना इंदौर, नरेंद्र कुमार, राजेश कुमार पिता रोपणदास पीठरोड देवास मेसर्स गिरिजा डिस्ट्रीब्यूटर प्राइवेट लिमिटेड नवी मंजिल मेट्रो टावर इंदौर, फैयाज खान पिता निवासी उज्जैन पर नरवाई जलाने के लिए 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### क्षत्रिय करणी सेना ने फूंका सपा सांसद लालजीराम सुमन का पुतला

**देवास, निप्र।** महापुरूष राणा सांगाजी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर क्षत्रिय करणी सेना जिला देवास के जिला प्रभारी ज्ञानसिंह दरबार, जिलाध्यक्ष योगेन्द्रसिंह ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को उज्जैन



रोड बायपास पवार पैलेस से रैली के रूप में भोपाल चौराहा पर स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा के समक्ष सपा सांसद लालजीराम सुमन का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ ठा. भगवानसिंह चावड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षत्रियों को छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं। सर्व क्षत्रिय समाज एकजुट होकर पूरे देश में आंदोलन करेगा। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी अजयसिंह राठौर, रौनक ठाकुर, पोपसिंह परिहार, तेजसिंह दरबार, सर्व समाज अध्यक्ष ईश्वरसिह राजपूत, रामलखन शर्मा, प्रेमसिंह परदेशी, लाखनसिंह राजपूत, गुलाबसिंह ठाकुर, कल्याणसिंह पंवार, अभिषेक पाटिल, कल्याणसिंह दरबार, चेतन पंवार, विरेन्द्र राजपूत, अंकित तोमर, राजकुमार सिंह बालोदिया, कालूसिंह, सुरेश चौधरी, महेश राजपूत, तेजसिंह चौहान, अनिलसिंह, पंकजसिंह राणा, आदित्य राठौर, गजराजसिंह, धनंजय बैस, रमणसिंह, सुभमसिंह चंदेल, आकाशसिंह, पियुष सिंह, आयुष सिंह पंवार, विजयसिंह, आयुष दरबार, करणसिंह पाटीदार, राहुलसिंह ठाकुर, संतोष भाटी, रविन्द्रसिंह, धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर,कृष्णासिंह, अंशुमानसिंह, सचिन बन्ना आदि उपस्थित थे। आभार रूदनसिंह राठौर ने माना।

## केंद्रीय मंत्री पहुंचे संदलपुर, मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

# शिवराज सिंह ने गुजरात पटाखा फैक्ट्री के दिवंगतजनों के परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को खातेगांव के संदलपुर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान यहां गुजरात पटाखा फैक्ट्री में दिवंगतजनों के परिजनों से मिले तथा शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक खातेगांव आशीष शर्मा, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, जनप्रतिनिधिगण, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं पीड़ितों परिवारों के परिजन उपस्थित थे।



इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि गुजरात में जो घटना हुई उसमें संदलपुर के दो परिवार तबाह हो गए है। एक परिवार में एक बेटी नैना बची है और उसकी दादी है। भगवान ऐसे दिन किसी को नहीं दिखाए। हम पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि दुख बांटने से कम होता है। हमारी, समाज की और सरकार की जवाबदारी है। बिटिया नैना के लालन-पालन की व्यवस्था हो।

उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश और मुख्यमंत्री गुजरात का आभारी हूं। परिवार की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि नैना के लिए सरकार द्वारा बाल आशीर्वाद योजना अंतर्गत 5 हजार रुपए महीने स्वीकृत किए गए हैं। डिजिटल कॉन्वेंट स्कूल में नि:शुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी।

## देवास सांसद सोलंकी बोले

# महापौर को फोन लगाया तो कोई दुर्गेश नाम का फोन उठाता है...

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नगर निगम में भाजपा का बहुमत हैं। भाजपा की ही महापौर और अध्यक्ष हैं। एक तरफा बहुमत के बाद भी भाजपा की गुटबाजी और तल्खी सामने आ ही जाती हैं। शनिवार को मेयर इन काउंसिल से दो भाजपा के ही पार्षद बाहर कर दिए गए। इनकी जगह दूसरों को दी गई। जो हटाए गए वे सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी से मिलने पहुंचे। एमआईसी से राम यादव और अजय तोमर को बाहर किया गया।इनकी जगह दो महिला पार्षदों ममता बाबू यादव और अंतिम अजय पडियार को एमआईसी में लिया गया। महापौर का दावा है कि महिला आरक्षण को बढावा देते हुए ये बदलाव किया गया। इस बदलाव को लेकर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी भी महापौर गीता अग्रवाल से बात करना चाह रहे थे, समझना चाहते थे कि आखिरकार किन परस्थितियों में ये बदलाव की



नौबत आई। सांसद के अनुसार कोई दुर्गेश नाम का व्यक्ति फोन उठाता है और खुद को महापौर बताता हैं।इधर संशोधन पश्चात् अब नगर निगम मेयर इन काउंसिल इस प्रकार रहेगी पिंकी संजय दायमा सामान्य प्रशासन विभाग, रितिका विनय सांगते जल कार्य तथा सीवरेज विभाग, गणेश पटेल लोक निर्माण तथा उद्यान विभाग, जितेन्द्र मकवाना राजस्व विभाग, अंतिम अजय पड़ियार वित्त एवं लेखा विभाग, सपना अजय पंडित विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, धमेन्द्रसिंह बैस स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विभाग, मुस्तफा अंसार एहमद हाथी वाले यातायात एवं परिवहन विभाग, ममता बाबू यादव योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, शीतल गेहलोत शहरी गरीबी उपशमन विभाग।

# विधायक पहुंचे श्री मां धूमावती शक्तिपीठ, श्री कोटेश्वरधाम



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** चैत्र नवरात्र के चलते शनिवार अष्टमी तिथि को क्षेत्रिय विधायक डॉ.राजेश सोनकर विश्व के चौथे व भारत के तीसरे श्री माँ धूमावती शक्तिपीठ श्री कोटेश्वर धाम कोटड़ा पहुँचे, जहाँ मन्दिर के मुख्य पुजारी पं नर्बदेश्वर पाण्डेय धूमा बाबा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधायक सोनकर से पांडवकालीन स्वयंभू शिवलिंग श्री कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक कराया तथा यहीं स्थित दस महाविद्या में सप्तम महाविद्या श्री माँ धूमावती, तृतीय महाविद्या श्री माँ ललिताम्बा राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुन्दरी का पूजन अर्चन कर साष्टांग दण्डवत कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधायक सोनकर ने यहां के पीठाधीश्वर श्रीविद्या से पूर्णाभिषिक्त प पू.दण्डी स्वामी श्री नित्यमुक्तानन्द तीर्थ जी महाराज से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया तथा आश्रम की व्यवस्था के विषय में स्वामीजी से चर्चा की। इस अवसर पर पं अटल पाण्डेय, पं सुदर्शन शर्मा, महेश पाटीदार,आकाश जैन, संतोष राठौर आदि उपस्थित थे।

## कन्नौद पुलिस की सूझबूझ के चलते

# चलती ट्रक से चोरी करने वाले चोर धराए गए

विनय उजाला

**कन्नौद, निप्र।** देवास जिले में ट्रक कटिंग की वारदातें आम हैं। चलते ट्रक से बदमाश सामान उतारकर बाइकों से फरार हो जाते हैं। एसपी पुनीत गेहलोद ने इस पर भी खास फोकस करते हुए पुलिस को इन मामलों में चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। पुलिस कप्तान के आदेश के बाद पुलिस ने ट्रकों की लूट को रोकने के लिए खास तैयारी की हैं। इस खास तैयारी के चलते ही कन्नौद पुलिस ने चलते ट्रक से शराब का बाक्स चुराते दो कंजरों को पकडा हैं, अन्य कुछ फरार हो गए।

पुलिस अधीक्षक देवास को ट्रक कटिंग की शिकायतें मिल रही थी। विशेष कर इंदौर से नागपुर, महाराष्ट्, हरदा जाने वाले माल वाहकों में से अज्ञात आरोपियों द्वारा मोटरसाइकिल से चलती गाड़ी में चढ़कर ट्रक का तिरपाल काटकर



अंदर से सामग्री चोरी कर लेने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आदित्य तिवारी को कार्य योजना बनाकर इनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस ने इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेट्रोलिंग बढाई। थाना कन्नौद पुलिस टीम द्वारा प्रतिदिन घाटों व मार्ग पर योजना बनाकर सादी वर्दी में पुलिस की ड्यूटी लगाई। क्षेत्र में मुखबीर का जाल बिछाया गया। 5 अप्रैल की रात्रि में मुखबिर से जानकारी मिली कि कुछ अज्ञात आरोपी कलवार घाट पर पल्सर गाड़ियों से ट्रक का पीछा कर चलते ट्रक में चढ़कर सामान निकाल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दोनों तरफ से घेराबंदी की गई। पुलिस ने एक शराब ट्रक से बॉक्स चुराते आरोपियों को घेर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, पुलिस ने दौड़ भागकर गिरते-भागते दो आरोपी पकड़ लिए। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम फिरोज पिता भारत कंजर उम्र 32 साल निवासी ओढ़ सोनकच्छ तथा सुधीर पिता भवानी कंजर उम्र 23 साल निवासी ओढ़ सोनकच्छ बताया। उनके शेष साथी जंगल एवं अंधेरा का लाभ उठाकर भाग गए। जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार चाकू तथा लूटी गई शराब की पेटियां व मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिलों से वाहनों का पीछा कर उन पर चढ जाते हैं। चलते वाहनों से उन पर चढ़कर उसमें रखा सामान चोरी कर लेते हैं और इधर-उधर भेज देते हैं। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया तथा पुलिस रिमांड प्राप्त कर उनसे अन्य अपराधियों तथा अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। चलती गाड़ियों में चोरी करने वाले आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने में सहायक पुलिस निरीक्षक गणेश बिश्नोई, आरक्षक प्राण सिंह, कन्हैयालाल गौरव, रोहित राजेंद्र का योगदान रहा।

## श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा

# भव्य शौर्य यात्रा निकाली, जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया





विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** श्री राम नवमी जन्मोत्सव के पावन पर्व पर स्थानीय सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा भव्य शौर्य यात्रा चल समारोह निकाला गया।चल समारोह में बैंड बाजा ढोल डीजे, हनुमान जी का रूप धारण किए कलाकार शामिल थे।

चल समारोह बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मां बिजासन मंदिर प्रगति नगर हुंचा। समारोह में एक रथ पर भगवान श्रीराम का चित्र विराजित था। समारोह में शामिल बैंड पर भजन व देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जा रही थी। समारोह में भगवा ध्वज लेकर युवक शामिल हुए व जय श्रीराम का जयकारा लगाया। समाजजनों द्वारा महाराणा प्रताप चौक पर शूरवीर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर साफ़ा पहनाकर माल्यार्पण किया।

शौर्य यात्रा चल समारोह में प्रमुख रूप से समाज के तहसील अध्यक्ष बहादुर सिंह पिलवानी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव,जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह, ठाकुर, मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष बलबाहदुर सिंह सेंधव,जितेन सिंह सेंधव, यदुराज सिंह अगेरा, बबलू ठाकुर, सुरेंद्र सिंह सायल, गोलू ठाकुर, रविंद्र सिंह सेंधव, दीपेंद्र पटेल, कुलदीप सिंह सेंधव, डॉ धर्मेंद्र सिंह सेंधव, लाखनसिंह सेंधव आदि अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।

## कौन है जिसने हरे भरे लहलहाते वृक्ष काटे, दोषी पर कार्रवाई की मांग

# स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में लगे हरे-भरे पेड़ों की की कटाई से रोष



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार द्वारा हरे भरे वृक्ष के पौधे लगाए गए थे जो कुछ ही सालों में वृक्ष का रूप ले लिए थे जिसके कारण विद्यालय परिसर हरियाली से लाहा है ने लगा था रविवार को कुछ अज्ञात व्यक्ति द्वारा बिना किसी को सूचना दिए तथा बिना अनुमति लिए विद्यालय परिसर में लगे हरे भरे वृक्षों की कटाई कर दी गर्मी के इस मौसम में वृक्षों की कटाई करना किसी के समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर किसके आदेश है।

इन वृक्षों की कटाई की गई जबकि इन वृक्षों की छांव के नीचे खेलने वाले खिलाड़ियों में एवं घूमने आने वाले लोगों में काफी रोष देखा गया है आखिर किसी के आदेश से वृक्षों की कटाई हुई है इस बात की जानकारी किसी को नहीं है जब कुछ जागरूक लोगों ने जागरूक लोगों ने वृक्ष की कटाई करने वाले लोगों से पूछा तो कटाई का काम बंद करके भाग खड़े हुए। क्षेत्र वासियों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# पुत्र वह है जो अपने पितरों को मुक्ति प्रदान कर दे

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** गुरु ही ज्ञान का प्रकाश है गुरु की कृपा के बिना जीवन का अंधकार नष्ट नहीं हो सकता। जीवन में जब भी घोर आपत्ति आती है तब गुरु का मार्ग दर्शन हमे सही दिशा दिखता है। महर्षि व्यास ने श्रीमद भागवत में लिखा है कैसा भी कष्ट हो नारायण कवच का पाठ करने हर प्रकार के कष्ट से मुक्ति मिल जाती है। देवताओं ने भागवत कृपा और प्रेम के लिए किया। असुरों ने बेर भाव लिए भागवत कृपा को प्रात किया मगर बेर भाव के कारण भगवान उनका विनाश किया। हिरण्यकश्यप ने ब्रह्म की तपस्या कर न मरने का वरदान मांगा और देवताओं को अपना दास बना लिया। किंतु जब हिरणाकश्यप की पत्नी के गर्भ में पुत्र प्रह्लाद आए तब गुरु देवर्षि ने प्रह्लाद की माता को गुरु मंत्र देकर नारायण जाप करने को कहा , प्रह्लाद जब मां के गर्भ में थे तब नारायण की भक्ति ज्ञान प्राप्त हो गया था ।कहते है कि बालक जब गर्भ में रहता है मां के आचरण सद व्यवहार और भक्ति का प्रभाव बालक के संस्कार बन



जाते भक्त प्रह्लाद की हमे यही सिखाती है। जब भगवान नरसिंह ने प्रह्लाद के पिता दुष्ट हिरणाकश्यप का वध कर दिया तब भगवान नरसिंह ने प्रह्लाद को वरदान मांगने को कहा तो प्रह्लाद भगवान से अपने पिता की मुक्ति का वरदान मांगा। पुत्र वही है जो अपने पितरों को मुक्ति प्रदान कर दे। यह आध्यात्मिक विचार चैत्र नवरात्रि पर केला देवी मंदिर में हो रही भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर बृज रत्न वंदना श्री ने व्यक्त करते हुए कहा।

कथा में समुद्र मंथन की कथा, ग्राह वध गज उद्धार की कथा। दानी राजा बलि और वामन अवतार की कथा। लीला मय भागवत कथा में हर प्रसंग का बृज के कलाकारों ने सजीव अभिनय कर श्रोता को भाव विभोर कर दिया।

सूर्य वंश की कथा, प्रभु श्री राम जन्म का चित्रण कर प्रभु राम की लीला का सुंदर चित्रण किया। यदुवंश की कथा का वर्णन कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा के लीला को देख कर श्रोता बधाई गीत गाते हुए झूमने लगे। व्यास पीठ की पूजा मन्नूलाल गर्ग, दीपक गर्ग, हितेश गर्ग, नंदु दरबार, शंकरलाल अग्रवाल एवं कांता देवी अग्रवाल ने की। आरती में ओ पी तापड़िया, माखनसिंह राजपूत, रमेश महाजन, राजेश पटेल, रामबाबू शर्मा, शंकरसिंह राजपूत, अंकेश सिंघल ,ताराचंद सिंगल इंदौर, में उपस्थित थे। बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्तिथि के कारण कथा पंडाल छोटा पड़ा सैकड़ों श्रोता खड़े रह कर कथा का श्रवण एवं लीला का आनंद ले रहे थे। कथा का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया।

### अघोरी बाबा ने क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए श्मशान में किया हवन, श्मशान भैरव को लगाया मदिरा का भोग



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के श्री शिवशक्ति अघोरीधाम के अघोरी श्री घनश्याम नाथ के सानिध्य में उनके शिष्यों द्वारा क्षेत्र में सुख-समृद्धि व अच्छे स्वास्थ्य के लिए महाष्टमी की रात 11 बजे से श्मशान भैरव मंदिर में भगवान शिव, मां कालका, श्मशान भैरव, क्षेत्रपाल महाराज आदि भगवानों की पूजा अर्चना की गई। शिष्यों ने यहां हवन पश्चात भगवान शिव, मां जगतजननी व भैरव बाबा की आरती कर प्रसादी का वितरण किया। इस अवसर पर भक्तों ने एक घंटे हवन किया। हवन से पूर्व शिष्यों द्वारा श्मशान विभिन्न यंत्रों की सरंचना भी की गई। साथ ही श्मशान भैरव को मदिरा का भोग लगाया गया। इस अवसर पर श्मशान भैरव बाबा भक्त ईश्वर सिंह जाधव, दीपक राठौर सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

## सर्व आदिवासी समाज ने सामाजिक नियमावली बनाकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# डीजे, दारू और देजा ( दहेज) पर प्रतिबंध लगाएं

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** सर्व आदिवासी समाज द्वारा कलेक्टर के नाम तहसीलदार सपना शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आदिवासी समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने के लिए कलेक्टर से प्रशासनिक मदद की गुहार लगाई। भील आदिवासी समाज के कमल डोडवे द्वारा बताया गया कि मंडी प्रांगण बागली में भील समाज की बैठक रखी गई थी। जिसमें देजा (दहेज) डीजे और दारू पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर



सामाजिक नियमावली तैयार की गई जिसका पालन करवाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया कि समाज की कुरीतियों को समाप्त करने के लिए आप हमारी प्रशासनिक मदद करें। जिले के समस्त थानों, चौकियों, एसडीएम तथा तहसील कार्यालयो में दहेज, डीजे और दारू पर प्रतिबंध लगाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। समाज के शालिग्राम जनपद सदस्य द्वारा बताया गया कि समाज में विवाह के समय लड़की पक्ष द्वारा अत्यधिक देजा(दहेज)लिया जाता है, शादियों में 6-7 डीजे लाए जाते हैं, शराब भी अत्यधिक परोसी जाती है, जिससे समाज को अत्यधिक नुकसान हो रहा है। बच्चे ना पढ़ पा रहे हैं ना ही कोई रोजगार कर पा रहे हैं इसलिए कलेक्टर इसको तत्काल संज्ञान में लेकर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श उपरांत समाज की मदद करने का आग्रह करते हैं।

राकेश देवडे बिरसावादी ने कहा आदिवासी समाज में डी-3 यानी दहेज डीजे और दारु पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध लगाने के लिए कमर कस ली है, बस कलेक्टर का प्रशासनिक अमला हमारी मदद करें तो सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। इस अवसर पर राजु बामनिया, मुकेश बामनिया मोहन बामनिया सरपंच, संतोष बुंदेला, ज्ञानसिंह अजनारे, राकेश देवडे बिरसावादी,प्रितम बामनिया, जायमल लहरिया, महेश डोडवे , राहुल मावड़ा, विक्रम चंपालाल इत्या इत्यादि समाजजन उपस्थित रहे ।

### घरेलू मैदान पर एमआई दिखा पाएगी दम?

# हार से बेजार मुंबई के सामने अब आरसीबी

नई दिल्ली

**मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल में लगातार हार झेल रही है। अगर उसे अपना अभियान पटरी पर लाना है तो आरसीबी के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैच में से तीन में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। अभी तक उसकी तरफ से सूर्यकुमार यादव और रेयान रिकेलटन ही अर्धशतक लगा पाए हैं। यह आईपीएल में प्रति बल्लेबाज अर्धशतक लगाने के मामले में सबसे कम है।**





### रोहित से रहेगी उम्मीद

मुंबई के बल्लेबाजी में संघर्ष के केंद्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जो अभी तक कुछ खास योगदान नहीं दे पाए हैं। रोहित घुटने में चोट के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। उनके अलावा मध्यक्रम से बल्लेबाज तिलक वर्मा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। यह देखना होगा कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं, लेकिन मुंबई को जल्द से जल्द अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। मुंबई की बल्लेबाजी अभी तक सूर्यकुमार पर निर्भर रही है जिन्होंने चार मैच में 177 रन बनाए हैं।

### लखनऊ के खिलाफ नाकामी

सूर्यकुमार ने लखनऊ के खिलाफ अर्धशतक जमा कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी थी, लेकिन तिलक वर्मा तेजी से रन नहीं बना पाए जिससे मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ कप्तान हार्दिक पंड्या के पांच विकेट के बावजूद मुंबई के गेंदबाज रन प्रवाह नहीं रोक पाए थे। इसके बाद उसके बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे। मुंबई इंडियंस के लिए यह अच्छी खबर है कि उसे प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं लेकिन यह देखना बाकी है कि वह गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह से फिट हैं या नहीं।

### अभी तक मुंबई की एकमात्र जीत

मुंबई ने अभी तक अपनी एकमात्र जीत कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वानखेड़े में हासिल की थी और उसके खिलाड़ी इस मैच से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। जहां तक आरसीबी का सवाल है तो उसकी टीम मुंबई की बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। टीम को अपने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो केकेआर के खिलाफ 59 रन बनाने के बाद अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए हैं।

# सिनर बोले- डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती

नई दिल्ली

**वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन ( वाडा ) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था।**



दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा, यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थी। सिनर इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था।

जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रोम मास्टर्स से वापसी करेंगे सिनर जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं।

### IPL आज के मैच



मुंबई इंडियंस VS रॉयल चैलेंज बेंगलुरु

स्थान : मुंबई समय : शाम 7.30 बजे

# बुमराह 4 महीने बाद कर सकते हैं मैदान में वापसी

मुंबई

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आईपीएल मैच खेलने के आसार नजर आने लगे हैं, वे मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह कमर की चोट के कारण इस सीजन के पहले चार मैच नहीं खेल सके थे। बुमराह को लेकर मुंबई इंडियंस ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव भी आने वाले मैचों में वापसी कर सकते हैं। वे भी चोट की वजह से शुरुआती मैच नहीं खेले थे। के बीजीटी के आखिरी मैच में चोटिल हुए थे बुमराह तेज गेंदबाज को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से भी वह बाहर हो गए थे। वे पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंसमें रिहैब कर रहे थे।

मुंबई 4 में 3 मैच हारी, पॉइंट टेबल में नंबर 7 मुंबई पहले 4 मैच में से 3 गंवा चुकी है। मुंबई को इस सीजन के पहले लीग मैच में चेन्नई ने 4 विकेट से हरा दिया था। दूसरे मैच में गुजरात के हाथों 36 रन से हार मिली थी। तीसरे मैच में मुंबई ने अपने घरेलू मैदान पर वापसी की थी और कोलकाता को 8 विकेट से हराने में सफलता हासिल की थी। चौथे मैच में उसे लखनऊ ने करीबी मुकाबले में 12 रन से हरा दिया। मुंबई के 4 मैचों में 2 अंक है और ये टीम पॉइंट्स में अभी 7वें नंबर पर है।

### एमएस ने किया अफवाहों को खारिज

# आईपीएल 2025 में संन्यास नहीं लेंगे धोनी

मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने एक पॉडकास्ट में अपने संन्यास को लेकर चल रही अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। दिग्गज एमएस धोनी के माता-पिता पान सिंह और देविका देवी शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान मौजूद रहे, जिससे कईयों को लगा कि शायद धोनी चेपॉक में अपना अंतिम मैच खेलने उतरे हैं। धोनी 2008 में आईपीएल के पहले सत्र से चेन्नई की टीम के साथ जुड़े है और यह पहली बार है जब उनके माता-पिता आईपीएल मैच देखने पहुंचे हैं।



एमएस धोनी की पत्नी साक्षी और बेटी जीवा भी मौजूद थीं, हालांकि वे अक्सर चेन्नई में आईपीएल मैच देखने जाती हैं।राज शामानी के साथ एक नए पॉडकास्ट में धोनी ने संन्यास की अफवाहों पर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने ये भी पुष्टि कर दी है कि वह इस सीजन रिटायरमेंट नहीं ले रहे हैं।

एमएस धोनी ने पॉडकास्ट में कहा, नहीं, अभी तो नहीं, मैं अब भी आईपीएल खेल रहा हूं। मैंने इसे काफी सिंपल रखा है, मैं इसे हर बार एक साल की तरह लेता हूं, मैं 43 का हूं और जब आईपीएल 2025 खत्म होगा, मैं 44 का रहूंगा। इसलिए मेरे पास ये निर्णय लेने के लिए इसके बाद 10 महीने होंगे कि मैं खेलूंगा या नहीं। लेकिन यह मैं नहीं तय कर रहा हूं, यह मेरा शरीर तय करता है। इसलिए, एक बार में एक साल, उसके बाद हम देखेंगे।

### बल्लेबाजी को लेकर हुई आलोचना

दिल्ली के खिलाफ मिली हार के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में धोनी के सन्यास को लेकर पूछे गए सवाल पर फ्लेमिंग ने कहा अटकलों पर विराम लगाना मेरा काम नहीं है। मुझे कोई जानकारी नहीं है। मैं अभी भी उनके साथ काम करने का आनंद ले रहा हूं। वह अभी भी मजबूत हैं। मैं इन दिनों पूछता भी नहीं हूं। आप ही पूछते हैं।

आईपीएल में 43 वर्षीय धोनी के भविष्य को लेकर काफी चर्चा हो रही है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनका नौवें नंबर पर उतरना खेल प्रशंसकों को अच्छा नहीं लगा। धोनी के हालिया बल्लेबाजी प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई है, खासकर आज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सीएसके के 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान जब धोनी क्रीज पर आए तो टीम को नौ ओवर में 110 रनों की जरूरत थी। हालांकि, विजय शंकर के साथ उनकी साझेदारी में 56 गेंदों पर केवल 84 रन ही बने। शंकर ने 54 गेंदों पर 69 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि धोनी ने 26 गेंदों पर महज 115.38 के स्ट्राइक रेट के साथ 30 रन बनाए, जिसकी काफी आलोचना हुई।

### पीएसजी ने 13वीं बार लीग-1 का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** पेरिस सेंट जर्मेन ( पीएसजी ) ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार एंजर्स को 1-0 से हरा दिया। इसके साथ ही उसने छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग, जिसे लीग-1 भी कहा जाता है, उसका खिताब अपने नाम किया। पीएसजी का यह लीग-1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। वहीं, विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और इस वजह से रियाल मैड्रिड को स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, रियल मैड्रिड की चिर प्रतिद्वंद्वी टीम बार्सिलोना को रियल बेटिस ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया।

पीएसजी की यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया। मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधे पर उठा लिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2-1 से हराया।

## व्यापार

### ट्रंप की टैरिफ नीति के कारण बढ़ाई आशंका

# जेपी मॉर्गन ने वैश्विक मंदी आने का अनुमान बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया

नई दिल्ली

9 अप्रैल को ट्रंप की नई टैरिफ नीति लागू होने से पहले दुनिया भर के इन्वेस्टमेंट फर्म ने ग्लोबल मंदी के अनुमान को बढ़ा दिया है। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म जेपी मॉर्गन ने रिसेशन के अनुमान को बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया है। फर्म के मुताबिक ट्रंप सरकार के नए टैरिफ और चीन के साथ ट्रेड वॉर के चलते 2025 खत्म होने तक ग्लोबल इकॉनमी की मंदी में जाने की आशंका 60 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

पहले यह अनुमान 40 प्रतिशत था। जेपी मॉर्गन ने कहा कि टैरिफ से बिजनेस कॉन्फिडेंस गिरेगा, सप्लाई चेन टूटेगी और ग्लोबल ग्रोथ स्लो होगी।

**अमेरिकी बाजार में गिरावट के कारण :** चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34 प्रतिशत जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इसमें चीन पर 34त्न अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब चीन ने उतना ही टैरिफ अमेरिका पर लगा दिया है।



**कंपनियों को मुनाफा कम होने का डर :** अमेरिका ने सभी आयातित सामानों पर 10 प्रतिशत न्यूनतम टैरिफ और कुछ देशों पर इससे भी ज्यादा शुल्क लगाने का ऐलान किया है। इससे वहां से आने वाले सामानों की कीमत बढ़ जाएगी। इससे कंपनियों की लागत बढ़ेगी, जिसका असर उनके मुनाफे पर पड़ेगा। मुनाफा कम होने की आशंका से निवेशकों ने शेयर बेचना शुरू कर दिया है, जिससे बाजार में गिरावट है।

#### ग्लोबल ट्रेड वॉर का डर

अमेरिकी की ओर से टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद दूसरे देश भी जवाबी टैरिफ लगा सकते हैं। मिसाल के तौर पर, अगर भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा है, तो भारत भी अमेरिकी सामानों पर शुल्क बढ़ा सकता है। इससे ग्लोबल ट्रेड में रुकावट आ सकती है, जिससे सप्लाई चेन प्रभावित होगी। इस अनिश्चितता से निवेशक घबरा गए है और उन्होंने शेयर बाजार से पैसा निकालना शुरू कर दिया है।

#### इकोनॉमिक स्लोडाउन की चिंता

टैरिफ से सामान महंगा होने पर लोग कम खरीदारी करेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो सकती है। साथ ही, मांग कम होने से कच्चे तेल की कीमतें भी गिरीं है (अमेरिकी क्रूड 69.63 प्रति बैरल)। ये कमजोर इकोनॉमिक एक्टिविटी संकेत है। इससे निवेशकों का भरोसा डगमगाया है और बाजार में गिरावट तेज हुई है।

# रेपो रेट में कटौती कर सकता है आरबीआई



**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग सोमवार 7 अप्रैल से शुरू हो रही है। इस मीटिंग में रेपो रेट में 0.25त्न की कटौती का अनुमान लगाया गया है। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।

आरबीआई की मीटिंग आमतौर पर हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हो रही है। फरवरी में ब्याज दर में की थी कटौती इससे पहले चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 की आखिरी मीटिंग में आरबीआई ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी।

### अमेरिकी एक्सपर्ट ने भविष्यवाणी की

# शेयर मार्केट में आज मनेगा ब्लैक मंडे



नई दिल्ली

फाइनेंशियल कॉमेंटेटर और सीएनबीसी के शो मैड मनी के होस्ट जिम क्रैमर ने 1987 जैसे ब्लैक मंडे आने की भविष्यवाणी की है। क्रैमर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ को इसकी वजह बताया है।

क्रैमर ने कहा कि अगर ट्रम्प नियमों का पालन करने वाले देशों को राहत नहीं देते हैं, तो 1987 का परिदृश्य- तीन दिन की गिरावट और फिर सोमवार को 22 प्रतिशत की गिरावट- सबसे संभावित है। हमें यह जानने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सोमवार तक यह पता चल जाएगा।

#### ये भविष्यवाणी हो चुकी है सच

1. **एनवीडिया पर बुलिश कॉल ( 2023 ):** क्रैमर ने 2023 में एनवीडिया जैसी मेगा-कैप टेक कंपनियों पर बुलिश रुख अपनाया था। तब शेयर 15 डॉलर के करीब ट्रेड कर रहा था। जनवरी 2025 में ये 150 डॉलर के करीब पहुंच गया था। यानी, उनकी यह कॉल सही साबित हुई।
2. **मार्केट वोलेटिलिटी ( 2022 ):** 2022 की शुरुआत में, क्रैमर ने बाजार में अस्थिरता की भविष्यवाणी की थी, जो सच हुई। उस साल स्टॉक्स में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। एसएंडपी 500 इंडेक्स लगभग 19 प्रतिशत गिरा। उनकी यह चेतावनी निवेशकों के लिए उपयोगी रही।
3. **2008 के बाद की रिकवरी ( 2009 ):** 2008 के वित्तीय संकट के बाद क्रैमर ने 2009 में बाजार में सुधार की भविष्यवाणी की। उन्होंने निवेशकों से पिटे हुए शेयरों में अवसरों को तलाश करने की सलाह दी। उस साल एसएंडपी 500 इंडेक्स में 23.5प्रतिशत की तेजी आई।

# जोमैटो फूड डिलीवरी के सीओओ ने दिया इस्तीफा

विनय उजाला

**इंदौर।** जोमैटो फूड डिलीवरी व्यवसाय के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बताया कि उन्होंने नए अवसर और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला लेते हुए पांच अप्रैल को इस्तीफा दिया है।



जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल को भेजे त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा कि मैं सात अप्रैल 2025 से प्रभावी इटरनल लिमिटेड के सीओओ फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है जो मेरे विकसित व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों के साथ जुड़े हैं। पिछले दिनों फूड डिलीवरी एप जोमैटो ने पिछले साल शुरू किए गए जोमैटो एसोसिएट एक्सेलरेटर प्रोग्राम के तहत करीब 600 कस्टमर सपोर्ट कर्मचारियों को निकाल दिया था। इन्हें एक साल के भीतर ही भर्ती किया गया था। कंपनी अपने कस्टमर सपोर्ट डिविजन में एआई का इस्तेमाल बढ़ा रही है।

### मुद्रा योजना सशक्त बना रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

# देश के करोड़ों सूक्ष्म उद्यमियों की उम्मीदों को लगा रही पंख

नई दिल्ली

**हाल में आई फ्रैंकलिन टेंपलटन रिपोर्ट के अनुसार, भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर उभर रहा है। इसलिए विकसित भारत-2047 की यात्रा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ( एमएसएमई ) की भूमिका अत्यावश्यक है। एमएसएमई में करीब 12 करोड़ नौकरियां हैं, जो रोजगार बाजार में अहम योगदान देते हैं और देश में उद्यमिता संस्कृति को प्रोत्साहन देते हैं।**




एमएसएमई के विनिर्माण क्षेत्र की रीढ़ होने के बावजूद, क्रेडिट तक पहुंच की कमी, विशेष रूप से औपचारिक चैनलों की ओर से लेंडिंग बड़ी चुनौती रही है। एमएसएमई क्षेत्र को संस्थागत वित्तपोषण की आवश्यकता है, जिससे इन अनौपचारिक उद्यमों को मुख्यधारा में लाया जा सके और अर्थव्यवस्था में आय निर्माण और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। 8 अप्रैल, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और माइक्रो यूनिट्स डवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लि. (मुद्रा लिमिटेड) का शुभारंभ इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए ऐतिहासिक पहल थी। मुद्रा योजना ने एक दशक में करोड़ों सुक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय प्रणाली से क्रेडिट प्राप्त करने में सहायता की है। मुद्रा योजना ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों, सूक्ष्म वित्त संस्थानों सहित कई कर्ज देने वाली संस्थाओं के माध्यम से अब तक वंचित गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि लघु व्यवसायों को सफलतापूर्वक वित्त पोषण प्रदान किया है। इसके अंतर्गत स्वीकृत और वितरित की गई संचयी राशि 33.54 लाख करोड़ रुपये और 32.76 लाख करोड़ रही, जो लगभग 53 करोड़ लोन खातों को कवर करती है। बिना गारंटी लोन की पेशकश करके मुद्रा योजना स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

#### महिला उद्यमियों को मिली वित्तीय स्वतंत्रता


मुद्रा योजना के तहत 68 फीसदी महत्वपूर्ण मुद्रा लोन महिला उद्यमियों को दिए गए हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने और अपने परिवारों और समुदायों में सार्थक योगदान करने का अधिकार मिला है। इसके अतिरिक्त, समाज के कमजोर वर्ग जैसे एससी, एसटी और ओबीसी प्रमुख लाभार्थी रहे हैं, जिन्होंने मुद्रा लोन का 50 फीसदी प्राप्त किया है। मुद्रा नए उद्यमियों/लोन के साथ उद्यमशीलता की संस्कृति को भी प्रोत्साहन दे रही है। खातों को दिए गए 21 फीसदी मुद्रा लोन के साथ उद्यमशीलता की संस्कृति को भी प्रोत्साहन दे रही हैं।

## जिले की बेशकीमती शासकीय जमीन पर भू-माफियाओं की गिद्ध नजर


# अधिकारियों की लापरवाही से शासकीय जमीनों पर भूमाफियाओं का कब्जा

दैनिक विनय उजाला

**मेघनगर। नगर की चर्चित सर्वे नंबर 557 की शासकीय भूमि जो कई वर्षों से विवादित होकर सुर्खियों में रही है। कुछ वर्ष पूर्व पत्रकार संघ द्वारा कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया था कि वर्ष 2017-18 में भूमाफियाओं से मिलकर स्थानीय तहसीलदार राजेश सौरते और वर्ष 2021 में हरसल बहारानी ने माफिया से अज्ञात लाभ लेकर शासकीय जमीन का नामांतरण किया था, जिसकी शिकायत कलेक्टर को की गई थी, लेकिन शासकीय कार्रवाई में कमी के कारण दोनों अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी।**



भू माफिया के खिलाफ पत्रकार संघ के द्वारा दिया गया आवेदन



2013 की स्टेटस रिपोर्ट में शासन की शासकीय जमीन बताई गई है अनुविभागीय अधिकारी द्वारा शासन की शासकीय जमीन 557 पर प्रशासन के आवाज बनाए गए स्टेटस रिपोर्ट है।




तहसीलदार की जांच के बाद अनुविभागीय अधिकारी की गई दो तहसीलदारों की जांच का प्रतिवेदन उनके द्वारा भी बताया गया शासन की शासकीय जमीन को भू माफिया, कौन नामंत्रण करने का काम किया गया।


उक्त नामांतरण के अमल की कार्रवाई को लेकर भूमाफिया ने हाई कोर्ट की शरण ली और कलेक्टर को पार्टी बनाकर स्थानीय तहसीलदार के खिलाफ कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट की कार्रवाई की। इसके खिलाफ भी स्थानीय अधिकारी की सुस्त कार्रवाई नजर आ रही है। इस संबंध में मेघनगर के पत्रकारों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मेघनगर से जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 19 नवंबर 2024 को तहसीलदार के द्वारा पूर्व में किए नामांतरण के बारे में जांच प्रतिवेदन देकर जिला कलेक्टर को अवगत कराया गया है। इसके संबंध में भी कार्रवाई शेष है, साथ ही नगर में चर्चा का विषय है कि उक्त भूमाफिया का शासकीय जमीन पर मकान निर्माण कर निवास कर रहा है, जिस पर जांच कार्रवाई जारी है। भूमाफिया नगर और आसपास के क्षेत्र रंभापुर, मदरानी, अगराल, नौगांव आदि क्षेत्रों में शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण किए हुए हैं, जिस पर तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने का आदेश जारी किया जा चुका है। वहीं सर्वे नंबर 557 जो शासन की करोड़ों की बेशकीमती भूमि पर भूमाफिया द्वारा 2017-2018 में निर्माण कार्य किया जा रहा था, उस समय के तहसीलदार केएस गौतम द्वारा शासन की करोड़ों की बेशकीमती जमीन से भूमाफिया का अवैध अतिक्रमण तोड़ा गया था।

### अधिकारियों को प्रशासन का डर नहीं

इतना लंबे समय से कितने अधिकारी आए और गए लेकिन शासन की करोड़ों की बेशकीमती जमीन का नामांतरण किसी भी अधिकारी ने नहीं किया। वहीं यहां दो ऐसे अधिकारी जिन्होंने पदभार ग्रहण करते ही अपने निजी लाभ के चक्कर में शासन की शासकीय जमीन को निजी करने का काम शुरू कर दिया। क्या भूमाफिया के धन का प्रभाव इतना प्रबल था कि अधिकारियों को शासन और जिला प्रशासन का कोई डर नहीं रहा। अब देखना यह है कि शासन की करोड़ की बेशकीमती जमीन को भूमाफियाओं से प्रशासन कैसे बचता है। करोड़ों की बेशकीमती जमीन को निजी हाथ में देने का कार्य जिन दो तहसीलदारों द्वारा किया है, उन पर शासन व जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।



नगर परिषद मेघनगर द्वारा भी तहसील कार्यालय में जांच प्रतिवेदन दिया गया जिसमें 557 शासन की मत की जमीन बताते हुए नगर परिषद ने भू माफिया का नामांतरण नहीं किया।



-:कार्यालय तहसीलदार तहसील मेघनगर, जिला झाबुआ (म.प्र.):-

तत्कालीन तहसीलदार द्वारा जांच प्रतिवेदन में बताया गया कि पूर्व में दो तहसीलदारों द्वारा किया गया नामांतरण गलत तरीके से किया गया है जांच प्रतिवेदन है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री टेटवाल को डी लिट की मानद उपाधि से किया गया सम्मानित



**भोपाल, निप्र।** शिक्षा, तकनीकी नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल को अमलतास विश्वविद्यालय, देवास के दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर (D.Litt.) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। मंत्री श्री टेटवाल को यह उपाधि शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने, युवाओं को तकनीकी दक्षता से जोड़ने तथा आधुनिक और व्यावहारिक शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के उनके सतत प्रयासों के लिए प्रदान की गई है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. इंदर सिंह परमार ने उन्हें डी. लिट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। मंत्री मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह केवल उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, तकनीकी विशेषज्ञों और युवाओं का सम्मान है, जो अपने ज्ञान व कौशल के माध्यम से प्रदेश और देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि शिक्षा और तकनीक आज के युग की सबसे बड़ी शक्ति है और उनका सदैव प्रयास रहा है कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए। मंत्री श्री टेटवाल सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में तकनीकी शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं डिजिटल कौशल के क्षेत्र में कई नवाचार हुए हैं।

### भोपाल में एक्टिवा और बाइक की जोरदार भिड़ंत, हादसे में किराना कारोबारी की मौत

**भोपाल (हि.स.)।** राजधानी भोपाल के कोहेफिजा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक्टिवा और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक किराना कारोबारी की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दो युवक भी गंभीर रूप से घायल है। दोनों घायलों को अस्पताल में इलाज जारी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जानकारी अनुसार पुलिस के अनुसार आशू जैन (30) पुत्र अजय जैन निवासी आशियाना अपार्टमेंट कोहेफिजा कारोबारी थे। वो कोहेफिजा चौकी के सामने किराना दुकान चलाते थे। उनकी दुकान पर लालघाटी में रहने वाला युवक काम करता था। दुकान बंद करने के बाद हर रोज रात करीब 11 बजे उसे घर छोड़ने जाया करते थे। कर्मचारी को घर छोड़कर शुक्रवार की देर रात घर लौट रहे थे। इस दौरान कोहेफिजा चौकी के करीब उन्होंने अचानक एक्टिवा को टर्न किया, तभी सामने से आए अन्य बाइक सवार ने उनके वाहन में टक्कर मार दी। इस बाइक पर दो युवक सवार थे। घटना में तीनों को गंभीर चोट आई।

# मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम में मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। देशभर में रविवार को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में रामनवमी पर जगह-जगह विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। कई शहरों में शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। वहीं, चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों में कन्याभोज के आयोजन किए जा रहे हैं।**



### शिवराज सिंह ने कराया कन्याभोज



मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को श्रीराम जन्मोत्सव नर्मदापुरम में मनाया। वहीं, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने निवास पर कन्याभोज कराया। प्रदेश के अधिकांश राम मंदिरों में रविवार को दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मंदिर जय श्रीराम के जयकारों से मंदिर गूंज उठे। रामनवमी पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदापुरम में दादा दरबार की कुटी पहुंचे। यहां उन्होंने दादा गुरू भैयाजी सरकार से भेंट कर पूजन पाठ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन एवं रामनवमी के पावन अवसर पर नर्मदापुरम में समर्थ दादा गुरु भैया जी सरकार के सान्निध्य में दादा दरबार कुटी में पूजा-अर्चना एवं देवी स्वरूपा कन्याओं के पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जगत कल्याणी मां भगवती एवं पुण्यसलिला मां नर्मदा की कृपा समस्त प्रदेशवासियों पर बरसती रहे; सबका मंगल और कल्याण हो, यही करबद्ध प्रार्थना करता हूं। इसके बाद सीएम मैहर पहुंचे और यहां माता के दर्शन किए। इसके बाद मुख्यमंत्री चित्रकूट भी जाएंगे। यहां भरत घाट पर आज 11 लाख दीप जलाए जाएंगे।

इधर, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने परिवार के साथ रामनवमी पर अपने निवास पर कन्याभोज कराया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने कहा कि रामनवमी और नवरात्रि का नौवां दिन है। आज के दिन हमारी वर्षों पुरानी परंपरा है कन्याभोज की। बेटियां देवी का रूप होती हैं। इस दिन मैं और मेरी पत्नी साधना कन्याभोज कराते रहे हैं। आज मेरे मन में बहुत संतोष है कि कार्तिकेय-अमानत एवं कुणाल-रिद्धि ने भी परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाया और कन्या भोज कराया। देवी माँ से यही प्रार्थना है कि सभी पर कृपा दृष्टि बनाए रखें और सबके जीवन में सुख, समृद्धि तथा शान्ति का वास हो।

टीकमगढ़ जिले के 200 साल प्राचीन नजर बाग मंदिर में आज श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर 12 बजे भगवान का जन्म होते ही बुंदेली गायक कविता शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं, खरगोन में रघुवंशी समाज ने शोभायात्रा निकाली। शहर के मुस्लिम समुदाय ने स्वागत मंच लगाकर शोभायात्रा का स्वागत किया और पुष्पवर्षा की। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। मध्यप्रदेश के अयोध्या कहे जाने वाले निवाड़ी जिले के ओरछा के रामराजा मंदिर में भगवान के जन्म के बाद आरती हुई। आरती में भक्त खूब झूमे। भगवान को 21 क्विंटल लड्डुओं का भोग लगाया गया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे विवेकानंद नीडम आरओबी

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में विवेकानंद नीडम के समीप नवनिर्मित आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही इस आरओबी से विधिवत आवागमन शुरू हो जाएगा। आरओबी की सुविधा जल्द से जल्द शहरवासियों सहित जिले की जनता को उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर आरओबी पर विद्युतीकरण सहित रोशनी के लिए पोल व रेडियम लगाना, रोड फर्निशिंग एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुगम यातायात के लिए शेष काम युद्ध स्तर पर पूरे किए जा रहे हैं। इस आरओबी के शुरू होने पर लश्कर, कम्पू, आमखो इत्यादि क्षेत्र के निवासी नाका चंद्रबदनी से विवेकानंद नीडम होते हुए कलेक्ट्रेट पहुँच सकेंगे। साथ ही आगरा-झाँसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीधे जा सकेंगे। इससे समय की बचत के साथ दूरी भी कम तय करनी पड़ेगी।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा श्रद्धेय अटलजी का सपना : विष्णुदत्त शर्मा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन है। जनसंघ के बाद 1980 में 6 अप्रैल को ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की स्थापना हुई थी।**

मुंबई में पार्टी के पहले अधिवेशन को संबोधित करते हुए स्व. अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में स्व. अटलजी का यह सपना साकार हो रहा है। देश के हर क्षेत्र में कमल खिला है। पंच-सरपंच से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक भाजपा के नेता हैं। करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गई है।



#### यथार्थ में बदल रहा अंत्योदय का विचार

शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का जो विचार पार्टी को दिया था, उसे देश के प्रधानमंत्री मोदी यथार्थ में बदल रहे हैं। एक गरीब मां के बेटे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव आया है और देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। हमारे प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा के रूप में उभरे हैं। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी कार्यकर्ता ये संकल्प लें कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के कल्याण लिए जो अभियान चल रहा है, उसे आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होकर काम करेंगे।

#### गरीब कल्याण की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प ले कार्यकर्ता

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी के अरेरा मंडल के वार्ड 45 के बूथ क्रमांक 159 के प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष गोविन्द सिंह माउडी का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जनसंघ के रूप में बलिदानों के आधार पर हुई। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने जब कश्मीर में धारा 370 लगाकर दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान किया तो उनके मंत्रिमंडल के सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने उसका विरोध किया और इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने कश्मीर जाकर सत्याग्रह किया और जेल में उनकी हत्या कर दी गई। पार्टी को अंत्योदय का विचार देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय उत्तरप्रदेश के नगला चंद्रभान में जिस झोपड़ी में जन्मे थे, उसे देखकर प्रधानमंत्री मोदी की आंखें नम हो गई थीं।

### पाँच वर्ष की योजना के लिये 750 करोड़ रूपये का प्रावधान

## हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिये मुख्यमंत्री नगरीय विकास योजना

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में हरित स्थान विकास और सौन्दर्यपरक पर्यावरण के लिये मुख्यमंत्री नगर विकास योजना के क्रियान्वयन का निर्णय लिया है।**

पाँच वर्ष की इस योजना में वर्ष 2028-29 तक के लिये 750 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। यह योजना राज्य सरकार द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से संचालित करेगी। विभाग द्वारा प्रत्येक नगर वन के विकास के लिये अधिकतम 2 करोड़ 50 लाख रूपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। योजना में न्यूनतम क्षेत्रफल प्रति एकड़ 10 लाख रूपये नगर वन के सृजन के लिये



नगरीय निकायों को अनुदान स्वरूप दिये जाएंगे। योजना के संबंध में नगरीय निकायों को निर्धारित प्रावधान के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गये है।

प्रदेश में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शासकीय वाहनों को 80 प्रतिशत तक इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने का कार्यक्रम बनाया है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन को ईव्ही मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन के लिये हर 20 कि.मी. पर चार्जिंग स्टेशन और हाई-वे पर 100 कि.मी. पर फास्ट चार्जिंग सुविधा स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया। मध्यप्रदेश की ईव्ही नीति में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन खोलने पर सब्सिडी का प्रावधान भी किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजनांतर्गत 6 शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और उज्जैन में 552 शहरी बसों के संचालन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, सागर के बस डिपो, अद्योसंरचना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी है।

#### मुख्यमंत्री जन सहभागिता निर्माण योजना

प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में जन-भागीदारी से नागरिकों की सुविधा के लिये अद्योसंरचना विकास के लिये मुख्यमंत्री जन-सहभागिता निर्माण योजना चलाने का भी निर्णय लिया है। योजना में 150 करोड़ रूपये प्रति वर्ष के मान से 5 वर्षों के लिये 750 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। योजना में प्रतिवर्ष नगरपालिक निगमों के लिये 5 करोड़ रूपये, नगरपालिकाओं को एक करोड़ रूपये और नगर परिषदों को 25 लाख रूपये का अनुदान दिया जाएगा। जन-भागीदारी एवं राज्य शासन की आर्थिक सहायता का अनुपात समान रूप से 50-50 प्रतिशत रहेगा। योजना में नगरीय क्षेत्र के मोहल्लों में सीमेंट- कांक्रिट निर्माण, सीवरेज की उचित व्यवस्था के साथ कचरे के निपटान की उचित व्यवस्था को वरीयता दी जाएगी। योजना का क्रियान्वयन वर्ष 2028-29 तक किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर प्रशिक्षण

### राष्ट्रीय स्तर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 7 से 9 अप्रैल को भोपाल में होगा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से 7 से 9 अप्रैल तक 3 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण का आयोजन विज्ञान भवन भोपाल मे किया जा रहा है।**

प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश समेत देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 100 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में तकनीकि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकि का प्रचलन बढ़ाना है7 इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) मॉडलों जैसे (SVM, Random Forest, Neural Network, CNN, XGB) तथा डीप लर्निंग तकनीकों पर, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो, हैदराबाद, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल एवं महालनोबिस राष्ट्रीय फसल पूर्वानुमान केंद्र, नई दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आधारित फसल उपज मॉडलिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को रिमोट सेंसिंग तकनीकि का उपयोग करके सटीक फसल उपज अनुमान के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसका लक्ष्य फसल बीमा दावा निपटान प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना है, जिससे प्रौद्योगिकी आधारित तकनीकि का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है। मध्यप्रदेश में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का क्रियान्वयन वर्ष 2022 से किया जा रहा है। इस कार्य मे मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद साथ राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, इसरो, हैदराबाद, कृषि विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं एमपीएसईडीसी भी सहयोग कर रहे है। मध्यप्रदेश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का फसल बीमा मे उपयोग करने बाला देश मे पहला राज्य हैं। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग फसल बीमा के अंतर्गत तकनीकी पार्टनर के तौर पर कृषि विभाग, राजस्थान सरकार के लिए भी किया जा रहा हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.